3 | राजधानी
महिला ने दो बच्चों को फांसी लगा खुद दी जान

6 | अभिमत
अंतरधार्मिक विवाहों का महिमामंडन

10 | स्पोर्ट्स
पंत के शतक से अंग्रेजों पर दबाव बढ़ा

11 | विदेश
अमेरिका में भारतवंशियों का बढ़ा दबदबा

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 9 अंक 119
नई दिल्ली, शनिवार, 6 मार्च, 2021
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com

एकता कपूर ने अजमेर दरगाह में जियारत की

विविध-12

**सुप्रीम कोर्ट ने जताई नाराजगी, कहाः**

## ओटीटी पर सरकार की गाइडलाइन में दम नहीं

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**● वेब सीरीज तांडव विवाद में अमेजन प्राइम वीडियो की इंडिया प्रमुख अपर्णा पुरोहित को गिरफ्तारी से दी राहत**

**सुप्रीम** कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि सोशल मीडिया के नियमन पर केन्द्र सरकार के दिशानिर्देशों में अनुचित कार्यक्रम दिखाने वाले या नियमों का उल्लंघन करने वाले डिजिटल मंचों के खिलाफ अभियोजन या सजा को लेकर उपयुक्त कार्रवाई करने के लिए कोई प्रावधान नहीं है। इसके साथ ही, शीर्ष अदालत ने वेब सीरीज 'तांडव' को ले कर दर्ज प्राथमिकियों पर अमेजन प्राइम वीडियो की भारत प्रमुख अपर्णा पुरोहित को गिरफ्तारी से अंतरिम संरक्षण प्रदान कर दिया। न्यायालय ने उनसे जांच में सहयोग करने और जरूरत पड़ने पर जांच अधिकारी (आईओ) के बुलाने पर उनके समक्ष उपस्थित होने को कहा।

न्यायमूर्ति अशोक भूषण और न्यायमूर्ति आर एस रेड्डी की पीठ ने वेब सीरीज 'तांडव' को ले कर दर्ज प्राथमिकियों पर अग्रिम जमानत का अनुरोध करने वाली पुरोहित की याचिका पर उत्तर प्रदेश सरकार को भी नोटिस जारी किया। न्यायालय ने कहा कि इन मंचों पर अनुपयुक्त सामग्री को नियंत्रित करने के लिए नियमों में कुछ भी नहीं है और बगैर किसी कानून के इसे नियंत्रित करना संभव नहीं हो सकता। पीठ ने अपने आदेश में कहा, ''नियमों का अवलोकन करने से यह संकेत मिलता है कि नियम दिशानिर्देश के रूप में हैं और दिशानिर्देशों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ छानबीन या उपयुक्त कार्रवाई के लिए कोई प्रभावी तंत्र नहीं है।'' केन्द्र की ओर से पेश हुए सॉलिसीटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि सरकार विचार करेगी और नियमन के लिए या कानून बनाने के लिए, जो भी सही रहेगा, उपयुक्त कदम उठाएगी तथा उससे न्यायालय को अवगत कराएगी। पीठ ने कहा, ''अधिवक्ता की दलीलों पर विचार करते हुए, नोटिस जारी किया जाता है। इस बीच, हम निर्देश देते हैं कि जांच में सहयोग करने की स्थिति में प्राथमिकी संख्या 14/2021 में याचिकाकर्ता को गिरफ्तार नहीं किया जाए। जब कभी जरूरत पड़ेगी, वह जांच अधिकारी के समक्ष उपस्थित होंगी।'' शीर्ष न्यायालय ने कहा कि मौजूदा मामले में सामने आया एक मुद्दा उन मंचों के नियंत्रण एवं नियमन के बारे में है, जिन पर वेब सीरिज रीलिज होती हैं। सुनवाई के दौरान मेहता ने सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यवर्ती संस्थानों के लिए दिशा-निर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियम, 2021 की प्रति पीठ के समक्ष रखी। वहीं, पुरोहित की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने पेश होते हुए कहा कि सरकार ने इन नियमों को 25 फरवरी को अधिसूचित किया था। पीठ ने मेहता से कहा, ''ये नियम महज दिशानिर्देश हैं। इनमें अभियोजन या सजा के लिए कोई प्रावधान नहीं हैं। यह काफी हद तक दिशानिर्देश हैं।'' इसके बाद, मेहता ने न्यायालय से कुछ वक्त देने का अनुरोध किया और कहा कि सरकार एक मसौदा नियम एवं विधान लेकर आएगी और इसे न्यायालय के समक्ष रखेगी। शीर्ष न्यायालय ने पुरोहित को अपनी याचिका में केन्द्र को भी पक्षकार बनाने को कहा। 'तांडव' नौ कड़ियों वाली एक वेब श्रंखला है जिसमें बालीवुड अभिनेता सैफ अली खान, डिंपल कपाड़िया और मोहम्द जीशान अयूब ने अभिनय किया है। पुरोहित पर उत्तर प्रदेश पुलिस का अनुचित चित्रण करने,और हिंदू देवी देवताओं के बारे में अपमानजनक बातें दिखाने के आरोप हैं। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा था कि कुछ 'ओवर दी टॉप (ओटीटी) प्लेटफॉर्म' पर कई बार किसी न किसी तरह की अश्लील सामग्री दिखाई जाती है और इस तरह के कार्यक्रमों पर नजर रखने के लिए एक तंत्र की आवश्यकता है । न्यायालय ने केंद्र से सोशल मीडिया के नियमन के लिए उसके दिशा-निर्देश के बारे में बताने को भी कहा था। रोहतगी ने अपनी मुवक्किल के खिलाफ मामले को ''हैरान करने वाला'' बताया और कहा कि वह तो अमेजन की एक कर्मचारी हैं, न कि निर्माता या कलाकार लेकिन फिर भी उन्हें देशभर में वेब सीरीज 'तांडव' से जुड़े करीब दस मामलों में आरोपी बना दिया गया। इससे पहले 27 जनवरी को उच्चतम न्यायालय ने वेब सीरीज 'तांडव' के निर्देशक अली अब्बास जफर, पुरोहित,निर्माता हिमांशु मेहरा और शो के लेखक गौरव सोलंकी तथा अभिनेता मोहम्मद जीशान अयूब को गिरफ्तारी से अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया था। अब पुरोहित ने उच्चतम न्यायालय में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के 25 फरवरी के उस आदेश को चुनौती दी है, जिसमें उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी के सिलसिले में दिए गए अग्रिम जमानत के अनुरोध को अदालत ने अस्वीकार कर दिया था। गौरतलब है कि 19 जनवरी 2021 को ग्रेटर नोएडा के रबुपुरा थाने में रउनिजा गांव के बलबीर आजाद ने शिकायत दर्ज कराई थी।शिकायत में आजाद ने आरोप लगाया था कि शो उत्तर प्रदेश पुलिस और उसकी पुलिस का खराब चित्रण करता है। इसके अलावा इस संबंध में उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, कर्नाटक ,महाराष्ट्र, बिहार और दिल्ली में कई प्राथमिकियां दर्ज कराई गई हैं।

## भवानीपुर छोड़ नंदीग्राम से चुनौती देंगी ममता

**● तृणमूल छोड़ भाजपा में शामिल हुए सुवेंदु अधिकारी का मजबूत गढ़ है यह विधानसभा क्षेत्र**

**सौगर सेनगुप्ता।** कोलकाता

**पश्चिम** बंगाल विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी इस बार कोलकाता की भवानीपुर की जगह मेदिनीपुर पूर्व जिले के नंदीग्राम सीट से चुनाव मैदान में उतरेंगी। ममता बनर्जी पिछली दो बार से भवानीपुरा सीट का प्रतिनिधित्व कर रही थीं।

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने वर्ष 2019 में अपने गृहक्षेत्र भवानीपुर सीट से कुछ हजार वोटों से जीत हासिल की थी। तृणमूल कांग्रेस द्वारा शुक्रवार को प्रदेश की 294 विधानसभा सीटों में से 291 सीटों पर प्रत्याशियों के सूची की घोषणा की है, जिसमें मुख्य आकर्षण ममता बनर्जी के नंदीग्राम से चुनाव लड़ना है।

ममता बनर्जी ने कहा 'मैं अपने शब्दों पर कायम हूं, मैं नंदीग्राम से विधानसभा चुनाव में लड़ूगीं। ममता बनर्जी ने दर्जन भर से अधिक सेलीब्रिटीज से सजे तृणमूल कांग्रेस प्रत्याशियों की घोषणा करने से पहले 27 विधायकों और 5 मंत्रियों का टिकट काटने की बात कही। इस सूची में प्रमुख हस्तियों के साथ खिलाड़ी भी शामिल हैं। तृणमूल कांग्रेस द्वारा जारी सूची में से 150 प्रत्याशियों की सीट में बदलाव किया गया है। 291 प्रत्याशियों की सूची में से 50 महिलाओं और 35 मुसलमान प्रत्याशियों को चुनावी मैदान में उतारा जा रहा है। पश्चिम बंगाल चुनाव में इस बार वाम मोर्चा ने इस बार कांग्रेस और इंडियन सेक्युलर फ्रंट के साथ एक बड़ा गठबंधन किया है। मुस्लिम धर्मगुरू फुरफुरा शरीफ अब्बास सिद्दीकी द्वारा गठित इस मोर्चे ने पहले चरण के चुनाव के लिए प्रत्याशियों की सूची जारी की है। तृणमूल के प्रत्याशियों की सूची में इस बार प्रदेश के वित्तमंत्री अर्थशास्त्री अमित मित्रा का नाम नहीं हैं। इसके अलावा वरिष्ठ नेता पूर्णेंदू बोस और अब्दुल रज्जाक को इस बार टिकट नहीं मिला है। प्रमुख चेहरे जिनको टिकट नहीं दिया गया है उनमें सिंगूर के जमीन आंदोलन से जुड़े विधायक रविंद्रनाथ घोष भी हैं जिनके बेटे ने हाल ही में भाजपा की सदस्यता ली है। वर्ष 2016 के चुनाव में बांकुरा के तालडंगरा विधानसभा से विजयी सबसे अमीर प्रत्याशी समीर चक्रवर्ती को भी टिकट नहीं दिया गया है। चक्रवर्ती ने कहा कि वो पार्टी के लिए प्रचार करेंगे। पश्चिम बंगाल में इस बार विधानसभा चुनव 27 मार्च से 29 अप्रैल तक आठ चरणों में होगे। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि इस बार हम युवाओं और महिला प्रत्याशियों को आगे बढ़ाने के लिए 23-24 विधायकों और मंत्रियों को टिकट नहीं दे रहे हैं। भविष्य की योजना का खुलासा करते हुए कहा कि ममता बनर्जी ने कहा कि इन लोगों को हम विधान परिषद में जगह देंगे जो वाम मोर्चे के नेताओं द्वारा खाली होंगी। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं से पूरे जोर के साथ (शेष पेज 9)

## सुशांत की मौत से जुड़े मादक पदार्थ मामले के आरोपपत्र में रिया सहित 33 को बनाया आरोपी

**पायनियर समाचार सेवा।** मुंबई



**स्वापक** नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) ने अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत से जुड़े मादक पदार्थ के मामले में शुक्रवार को यहां एक विशेष अदालत में दाखिल आरोपपत्र में रिया चक्रवर्ती समेत 33 लोगों को आरोपी बनाया है। आरोपपत्र में 160 गवाहों के बयान भी हैं। एनसीबी के सूत्रों ने बताया कि आरोपपत्र में सुशांत की लिव इन पार्टनर रही रिया को मादक पदार्थ गिरोह का हिस्सा बताया गया है। साथ ही, दावा किया गया है कि वह मादक पदार्थ खरीदने और इसकी आपूर्ति करने की साजिश का हिस्सा थी।

रिया और उनके भाई शौविक चक्रवर्ती के अलावा मामले में धर्माटिक इंटरटेनमेंट के पूर्व कार्यकारी निर्माता क्षीतिज प्रसाद, राजपूत के घरेलू सहायक दीपक सावंत, संदिग्ध तस्कर जैद विलात्रा और अब्देल बासित परिहार तथा सैमुअल मिरांडा का नाम आरोपियों के तौर पर शामिल किया गया है। कुल 33 आरोपियों में आठ न्यायिक हिरासत में हैं, जबकि रिया और शौविक समेत बाकी लोगों को जमानत मिल चुकी है। एनसीबी के सूत्रों के मुताबिक आरोपपत्र में दावा किया गया है कि नवंबर 2019 के अंतिम सप्ताह में रिया के आवास पर उनकी सहमति से मादक पदार्थ की आपूर्ति की गई। एजेंसी ने आरोप लगाया कि रिया ने राजपूत को अपने घर पर मादक पदार्थ का सेवन करने की अनुमति दी और इसे खरीदने के लिए उन्हें रुपए भी दिए। इस तरह मादक पदार्थ की खरीद-बिक्री में उन्होंने मदद की। सूत्रों के मुताबिक आरोप पत्र में कहा गया कि रिया ने अपने भाई की मदद से मादक पदार्थ की आपूर्ति में मदद की और अदाकारा के बयान से स्पष्ट हो गया कि वह मादक पदार्थ गिरोह की सक्रिय सदस्य थीं और उन्होंने गांजा, चरस की खरीद-बिक्री, आपूर्ति की साजिश रची। सूत्रों के मुताबिक सह आरोपी मिरांडा ने एजेंसी को बताया कि नवंबर 2019 में उसने संदिग्ध तस्कर करमजीत सिंह आनंद को गांजा की दो पैकेट के लिए भुगतान किया था और इसे शौविक को मुहैया कराया गया। राजपूत के धन से कथित तौर पर इसका भुगतान किया गया था। मादक पदार्थों के इस्तेमाल की रोकथाम से संबंधित एनडीपीएस कानून के तहत गठित विशेष अदालत में दाखिल किए गए 11,700 से ज्यादा पृष्ठों के आरोपपत्र में जब्त किए गए मादक पदार्थ, जुटाए गए विभिन्न साक्ष्यों और अब तक हुई जांच के बारे में विस्तृत विवरण दिया गया है।

## उम्मीद है चीन शेष क्षेत्रों से भी हटेगा पीछेः भारत

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारत** ने पूर्वी लद्दाख गतिरोध के मुद्दे पर शुक्रवार को कहा कि हम उम्मीद करते हैं कि चीन राजनयिकों एवं सैन्य कमांडरों के बीच मौजूदा संवाद तंत्र के माध्यम से सैनिकों की वापसी सुनिश्चित करने के वास्ते पूर्वी लद्दाख में शेष इलाकों से सैनिकों को पीछे हटाने की प्रक्रिया पूरी करेगा ताकि दोनों पक्ष अपने बलों को पीछे हटा सके । यह बयान ऐसे समय में आया है जब दोनों देशों की सेनाओं ने पैंगोंग सो झील के उत्तरी और दक्षिणी किनारे पर सैनिकों को हटाने की प्रक्रिया हाल ही में पूरी की है । विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अनुराग श्रीवास्ताव ने साप्ताहिक प्रेस वार्ता में कहा कि विदेश मंत्री एस जयशंकर की पिछले सप्ताह ही में चीनी विदेश मंत्री वांग यी से बातचीत की थी और हॉटलाइन स्थापित करने पर सहमति व्यक्त की थी । उन्होंने कहा, '' हमारी उम्मीद है कि चीनी पक्ष भारत-चीन सीमा मुद्दों पर विचार विमर्श एवं सहयोग तंत्र (डब्ल्यूएमसीसी) और वरिष्ठ कमांडर स्तर पर बैठकों (शेष पेज 9)

## अंबानी के घर के पास मिली एसयूवी का मालिक मृत मिला

**पायनियर समाचार सेवा।** मुंबई

**● महाराष्ट्र के गृहमंत्री का दावा- गाड़ी का असली मालिक कोई और है, एटीएस करेगी पूरे मामले की जांच**

**उद्योगपति** मुकेश अंबानी के घर के निकट पिछले सप्ताह विस्फोटक से लदी मिली एसयूवी के कथित मालिक हिरेन मनसुख का शुक्रवार को पड़ोसी ठाणे में एक नाले के किनारे शव पड़ा मिला। इस मामले में महाराष्ट्र के गृह मंत्री अनिल देशमुख के बयान के बाद नया मोड़ आ गया है। देशमुख ने दावा किया कि मृत व्यक्ति वाहन का असली मालिक नहीं है। देशमुख ने यह भी कहा कि पूरे मामले की जांच राज्य के आतंकवाद-रोधी दस्ते को सौंप दी गई है।

गौरतलब है कि दक्षिण मुंबई में अंबानी के बहुमंजिला घर एंटीलिया के निकट 25 फरवरी को मनसुख की स्कॉर्पियो कार के अंदर जिलेटिन की छड़ें रखी हुई मिली थीं। पुलिस ने कहा था कि कार 18 फरवरी को एरोली-मुलुंद ब्रिज से चोरी हुई थी।मुंबई पुलिस की अपराध शाखा को दिए बयान में वाहनों के पुर्जों का कारोबार करने वाले 45 वर्षीय मनसुख ने कहा था कि अपनी कार चोरी होने के बाद उसने पुलिस में शिकायत दी थी। शुक्रवार दोपहर मनसुख के परिवार के सदस्यों ने ठाणे के नौपाड़ा पुलिस थाने को बताया था कि वह लापता है। महाराष्ट्र विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष देवेन्द्र फड़णवीस ने मुंबई में पत्रकारों से कहा कि मुख्य गवाह की मौत से संकेत मिलता है कि मामले में कुछ गड़बड़ है। इसलिए वह फिर मामले की जांच एनआईए को सौंपने की मांग कर रहे हैं। महाराष्ट्र के गृह मंत्री अनिल देशमुख ने कहा कि मनसुख के शव पर घाव के निशान नहीं मिले हैं। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आनी बाकी है और महाराष्ट्र पुलिस इस मामले की जांच करने के लिए पूर्ण रूप से सक्षम है। गृह मंत्री ने यह भी कहा कि वाहन के असली मालिक ने किसी काम के लिए मनसुख को कार दी थी। फड़णवीस ने कहा कि देशमुख को इस मामले की सही जानकारी नहीं दी गई है क्योंकि मनसुख ने ही पुलिस को बताया था कि वह कार का मालिक है।संसदीय मामलों के मंत्री अनिल परब ने कहा कि जरूरी नहीं कि उस व्यक्ति ने सच बताया हो। उन्होंने कहा कि पुलिस को मामले की जांच करने दी जाए। परब ने कहा कि एनआईए पहले ही समानांतर जांच कर रही है। इस बीच मुंबई पुलिस की अपराध शाखा के अधिकारी ने बताया कि मनसुख ने पुलिस में शिकायत की थी कि कुछ स्थानीय पुलिस अधिकारी और पत्रकार बीते कुछ दिन से उसे परेशान कर रहे थे। अधिकारी ने दावा किया कि उसने ठाणे और मुंबई के पुलिस आयुक्तों को पत्र लिखे थे, जिनमें उसने कहा था कि वह इस उत्पीड़न के चलते तनाव से गुजर रहा है।

## बिहारः जहरीली शराब मामले में नौ को फांसी की सजा, चार को उम्रकैद

**गोपालगंज।** बिहार में गोपालगंज जिले की एक अदालत ने 2016 में जहरीली शराब पीने से 19 लोगों की मौत हो जाने के मामले में नौ दोषियों को फांसी की सजा सुनाई है। अदालत ने मामले के शेष चार दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। गौरतलब है कि 16 अगस्त 2016 को खुजरबानी मुहल्ले में हुई इस घटना में कम से कम 19 लोगों की मौत हो गई थी, जबकि चार अन्य की आंखों की रौशनी चली गई थी। विशेष लोक अभियोजक रवि भूषण श्रीवास्तव ने बताया कि अपर जिला न्यायाधीश (द्वितीय) लव कुश कुमार ने शुक्रवार को मामले के 13 दोषियों में से नौ को फांसी की सजा सुनाई। उन्होंने बताया कि इन नौ दोषियों में छठू पासी, कन्हैया पासी, नगीना पासी, लालबाबू पासी, राजेश कुमार, सनोज कुमार, संजय चौधरी, रंजीत चौधरी एवं मुन्ना चौधरी शामिल हैं। श्रीवास्तव ने बताया कि मामले में चार महिला दोषियों--लालझरी देवी, कैलाशो देवी, इंदु देवी एवं रीता देवी--को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। उन्होंने बताया कि मामले में कुल 14 (शेष पेज 9)

**बाजार**

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 50,405 | ▼ 441 | |
| निफ्टी | 14,938 | ▼ 143 | |
| सोना | 43,887 | ▼ 522 | /10g |
| चांदी | 64,805 | ▼ 1822 | /kg |

**क्विक न्यूज**

### कमरे में मृत पाए गए विदेशी कोच

**पटियाला।** भारत के मध्यम और लंबी दूरी (दौड़) के कोच निकोलई स्नेसारेव शुक्रवार को यहां राष्ट्रीय खेल संस्थान (एनआईएस) में अपने होस्टल के कमरे में मृत पाये गये। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने इसकी जानकारी दी। बेलारूस के 72 वर्षीय स्नेसारेव के मृत शरीर को पोस्टमार्टम के लिये सरकारी अस्पताल में भेजा गया है। वह दो साल के अंतराल के बाद सितंबर के अंत में इस पद के लिये भारत लौटे थे। एएफआई के अध्यक्ष आदिले सुमरिवाला ने पीटीआई से कहा, ''वह आज हुई इंडियन ग्रां प्री 3 के लिये (बेंगलुरू से) एनआईएस आये थे। लेकिन जब वह प्रतियोगिता के लिये नहीं पहुंचे तो शाम को कोचों ने उनके बारे में पूछा और फिर उनका कमरा अंदर से बंद पाया गया।

## जम्मू के पंच मंदिर परिसर में उड़ीं कोविड प्रोटोकॉल की धज्जियां

**● सोशल मीडिया पर वैक्सीन टीकाकरण की खबर वायरल होते ही उमड़ी भीड़, इंतजाम पड़ नाकाफी**

**मोहित कंधारी।** जम्मू

**कोरोना** से बचाव के लिए जम्मू के एक मंदिर में लगे टीकाकरण शिविर में कोविड प्रोटोकॉल की धज्जियां उड़ाते हुए सैकड़ों लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। एक राजनीतिक दल के लोगों ने मंदिर में टीकाकरण की खबर को आक्रामक तरीके से सोशल मीडिया पर प्रसारित कर दिया। निशुल्क वैक्सीन लगवाने के लिए रजिस्ट्रेशन की बाध्यता भी नहीं थी। इस वजह से बुजुर्गों के लिए लगे इस शिविर में अव्यवस्था फैल गई। गुस्साए लोगों ने परिसर में तोड़फोड़ भी की। जम्मू के चन्नी हिम्मत के पंच मंदिर परिसर में शुक्रवार को कोरोना वैक्सीन की पहली खुराक दिए जाने का इंतजाम किया गया था, लेकिन सुरक्षा और प्रोटोकॉल का पालन कराने के लिए पर्याप्त इंतजाम नहीं किए गए थे। कुछ वरिष्ठ नागरिकों ने भीड़ को नियंत्रित करने के उपाय भी सुझाए, लेकिन मंदिर प्रशासन पर्याप्त संख्या में कर्मी नहीं होने के कारण असहाय नजर आए और स्थिति अधिक अराजक हो गई। अव्यवस्था पर लोगों ने जमकर भड़ास निकाली और खूब खरी-खोटी सुनाई तो स्वास्थ्य कर्मियों ने टीका लगाने का काम रोक दिया। काफी मुश्किल से काम शुरू हुआ और बुजुर्गों को कतार में बैठाकर एक एक कर टीका लगना शुरू हुआ, लेकिन कर्मचारी भी प्रोटोकॉल का पालन नहीं कर रहे थे। एक स्वास्थ्य कर्मी शीशी से इंजेक्शन भरता और बुजुर्ग को लगाने के लिए दूसरे कर्मचारी को पकड़ा देता। प्रतिकूल प्रतिक्रिया के मामले में किसी भी मरीज को संभालने के लिए मंदिर परिसर में कोई ऑब्जर्वेशन रूम भी नहीं बनाया गया था। मौके पर मौजूद एक स्वास्थ्य कर्मी ने कहा कि हमें टीकाकरण शिविर में इतनी %यादा संख्या में भीड़ आने की उम्मीद नहीं थी। यह शिविर (शेष पेज 9)

## क्वाड देशों की वर्चुअल बैठक में मिलेंगे मोदी और बाइडेन

**● अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति से प्रधानमंत्री की होगी यह पहली मुलाकात**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**क्वाड** देशों के नेताओं की इस माह होने वाली बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मुलाकात अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन से हो सकती है। चार देशों के इस संगठन की बैठक इंडो-पेसिफिक क्षेत्र में शांति, स्थिरता और खुशहाली के लिए मिलकर काम के उद्देश्य से हो रही है।

क्वाड संगठन अमेरिका, जापान, ऑस्ट्रेलिया और भारत का एक अनौपचारिक रणनीतिक मंच है। ये चारों वे देश हैं जिनका हाल के वर्षों में चीन के साथ तनाव रहा है। नवनिर्वाचित अमेरिकी राष्ट्रपति बिडेन से पीएम मोदी की यह पहली मुलाकात होगी। बीते नवंबर में जब डोनल्ड ट्रंप को कड़े मुकाबले में हराने के बाद जो बिडेन अमेरिका के नए राष्ट्रपति घोषित हुए थे तो प्रधानमंत्री मोदी की उनसे टेलीफोन पर बात हुई थी। अभी प्रधानमंत्री कार्यालय ने इस संभावित बैठक की आधिकारिक तौर पर पुष्टि नहीं की है। ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन ने शुक्रवार को संकेत दिया कि क्वाड संगठन में शामिल देशों-अमेरिका, जापान, भारत और ऑस्ट्रेलिया के नेता (शेष पेज 9)

# किसानों को जमीन के बदले देंगे तीन हजार करोड़

## छह गांवों के लिए नोएडा के जिलाधिकारी सुहास एलवाई ने उत्तर प्रदेश सरकार को भेजा प्रस्ताव

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

जेवर में प्रस्तावित नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से जुड़ी बड़ी खबर सामने आ रही है। गौतमबुद्ध नगर के जिलाधिकारी ने जेवर एयरपोर्ट के दूसरे चरण पर काम शुरू करने के लिए शासन को प्रस्ताव भेज दिया है।

डीएम की ओर से भेजे गए प्रस्ताव में बताया गया है कि 6 गांवों की जमीन का अधिग्रहण किया जाएगा। जिसके लिए करीब 3000 करोड रुपए मुआवजा किसानों को दिया जाना है। इस बार 8000 किसान परिवारों को यह पैसा मिलेगा। बुधवार को डीएम ने जेवर एयरपोर्ट से जुडे गांवों में दौरा किया था। नोएडा एयरपोर्ट का दूसरा चरण 1,310 हेक्टेयर जमीन में बनेगा। इसके लिए जमीन देने वाले छह गांवों के किसानों को 2,890 करोड़ रुपये मुआवजा दिया जाएगा।

गौतमबुद्ध नगर के जिलाधिकारी सुहास एलवाई की तरफ से प्रस्ताव बनाकर नागरिक उड्डयन विभाग को भेज दिया गया है। जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया जल्द शुरू हो सकती है। मिली जानकारी के मुताबिक नोएडा एयरपोर्ट के पहले चरण का काम जल्द शुरू होने जा रहा है। नोएडा

इंटरनेशनल एयरपोर्ट की डीपीआर के मुताबिक पहले चरण में दो रनवे बनने हैं। इस बीच नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड नियाल ने दूसरे चरण की भी तैयारी शुरू कर दी है।

दूसरे चरण में एक रनवे और एमआरओ सेंटर बनेगा। इसके लिए जमीन जुटाने की कोशिश शुरू हो गई है। जिला प्रशासन ने एयरपोर्ट के दूसरे चरण के लिए छह गांवों की 1,310 हेक्टेयर जमीन चिंहित कर ली है। छह गांव करौली बांगर, दयानतपुर, कुरैब, रन्हेरा, मुढरह और वीरमपुर हैं। इनको 2,890 करोड़ रुपये मुआवजा दिया जाएगा। 1,310 हेक्टेयर जमीन में से करीब 125 हेक्टेयर जमीन ग्राम समाज सरकारी भूमि है। बाकी 1,165 हेक्टेयर जमीन अधिग्रहित होनी है। पहले चरण के एयरपोर्ट का काम शुरू होने जा रहा है, यह देखते हुए ज्यादातर किसान दूसरे चरण के एयरपोर्ट के लिए जमीन देने को तैयार हैं।

शासन से अनुमति मिलते ही जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। जिला प्रशासन अधिसूचना जारी कर देगा। सोशल इंपैक्ट एसेसमेंट एक बार फि र किया जाएगा। नोएडा एयरपोर्ट के आसपास दूसरे चरण की जमीन पर अवैध कब्जे के डर से प्रशासन जमीन को शीघ्र लेना चाह रहा है।

दूसरे चरण के एयरपोर्ट की जमीन अधिग्रहित करने के लिए प्रदेश सरकार हाल ही में पेश हुए बजट में 2000 करोड़ रुपये देने का एलान कर चुकी है। इसमें से कुछ रकम विस्थापित करने पर भी खर्च होगी। तीनों प्राधिकरण को भी अपना हिस्सा देना है। कुल 4000 करोड़ रुपये खर्च होने हैं, जिसमें से 2890 करोड़ किसानों को बतौर मुआवजा दिया जाएगा, बाकी रकम किसानों के विस्थापन पर खर्च होगी।

### किस गांव की कितनी जमीन ली जाएगी

| गांव | जमीन | मुआवजा |
|---|---|---|
| करौली बांगर | 174 हेक्टेयर | 389 करोड़ |
| दयानतपुर | 150 हेक्टेयर | 353 करोड़ |
| कुरैब | 326 हेक्टेयर | 795 करोड़ |
| रन्हेरा | 458 हेक्टेयर | 1116 करोड़ |
| मुढरह | 53 करोड़ | 114 करोड़ |
| वीरमपुर | 59 हेक्टेयर | 120 करोड़ |

### यमुना प्राधिकरण ने लिया 500 करोड़ का कर्ज

यमुना प्राधिकरण ने एयरपोर्ट के लिए 500 करोड़ रुपये का कर्ज लिया। प्राधिकरण अफसरों ने बताया कि यमुना प्राधिकरण ने बैंक ऑफ महाराष्ट्र से 500 करोड़ रुपये का कर्ज लिया है। इसमें से 125 करोड़ रुपये नोएडा एयरपोर्ट के दूसरे चरण की जमीन खरीदने के लिए दे दिए हैं। यमुना अथॉरिटी ने 85 करोड़ रुपये की जमीन पहले ही खरीद ली थी, वह भी दूसरे चरण के एयरपोर्ट में उपयोग हो जाएगी। इस तरह यमुना अथॉरिटी नोएडा एयरपोर्ट के दूसरे चरण में अपनी हिस्सेदारी में से 210 करोड़ रुपये दे चुका है। वहीं, नोएडा और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण को अपनी हिस्सेदारी देनी बाकी है।

# झोपड़ीनुमा तंबू बनाने में जुटे आंदोलनकारी

● पीछे हटने को तैयार नहीं किसान, गर्मी से बचने का किया इंतजाम

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

गाजीपुर बॉर्डर पर किसानों के आंदोलन को 100 दिन हो गए हैं। नए कृषि बिल के विरोध में चल रहे किसान आंदोलन की तस्वीर गाजीपुर बॉर्डर पर बदल रही है।

किसान गाजीपुर बॉर्डर पर लंबे समय से बैठे हुए हैं। सर्दी में किसान गाजीपुर बॉर्डर पर पहुंचे थे। ऐसे में आंदोलन लंबा चलने वाला है, तो गर्मियों की तैयारी की जा रही हैं।

धीरे-धीरे अब गर्मी ने दस्तक देनी शुरू कर दी है। गाजीपुर बॉर्डर पर अभी तक टेंट में रहने वाले किसान अब झोपड़ी नुमा(छपर) बनाने की तैयारी कर रहे हैं। गर्मी को देखते हुए समान आ गए हैं, मार्च माह में भीषण गर्मी पड़ती है, अब झोपड़ी नुमा घर बनाया जा रहा है। किसान बता रहे हैं कि इसमे गर्मी नहीं लगती है। किसान नेताओं ने भी कहा है आंदोलन लंबा चलेगा।

ऐसे में यहीं कोल्हू लगाकर गन्ने से रस निकाला जाएगा और गर्मी के सारे इंतजाम किए जा रहे है। वहीं कई किसानों का मानना है कि बदलते मौसम के साथ ही गर्मी के बढ़ने पर कूलर पंखे सब आएंगे। नई कृषि बिल में कॉन्ट्रैक्ट फार्मिंग की बात कही गई है। जिससे की अब खेती पर कॉरपोरेट जगत का प्रभाव देखने को मिलेगा। वहीं किसान नेताओं ने इसका विरोध जताने के लिए एक मूर्ति बनवाई है, जिसमें किसान को खेत में हल चलाते हुए देखा जा सकता है। वहीं उसके साथ ही कॉरपोरेट जगत को उसे चलाते हुए भी देखा जा सकता है।

### टायर फटने से डबल डेकर बस पलटी, 12 से ज्यादा यात्री घायल

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के यमुना एक्सप्रेसवे पर शुक्रवार की सुबह हादसा हुआ है। ग्रेटर नोएडा के दनकौर थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार से जा रही एक डबल डेकर बस अनियंत्रित होकर पलट गई।

हादसे में एक दर्जन से भी ज्यादा लोग घायल हो गए है। जिसको इलाज के लिए अस्पताल में एडमिट करवाया गया है। जहां पर तीन की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि सुबह यमुना एक्सप्रेसवे के माध्यम से फर्रुखाबाद टू गुडगांव जा रही डबल डेकर वोल्वो बस में लगभग 60 यात्रियों सवार थे। बस दनकौर थाना में स्थित यमुना एक्सप्रेस क्षेत्र पहुंची, तभी रफ्तार के कारण बस अनियंत्रित होकर पलट गई।

# यमुना सिटी की अवैध कॉलोनियों पर चला प्राधिकरण का बुलडोजर

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

जेवर में नोएडा इंटरनेशल एयरपोर्ट का निर्माण कार्य शुरू होने के बाद से ही यमुना सिटी में अवैध निर्माण का कार्य भी बढ़ने लगा है। शुक्रवार को यमुना विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ. अरूणवीर सिंह के आदेश पर दनकौर में बन रहे दर्जनों अवैध निर्माण को ध्वस्त किया है। इस दौरान मौके पर भारी संख्या में पुलिस फॉर्स और प्राधिकरण के अधिकारी मौजदू रहे है। प्राधिकरण के ओएसडी अधिकारी सदानंद गुप्ता ने बताया कि यमुना सिटी के अधिसूचित क्षेत्रों में जिन लोगों ने अवैध निर्माण किया है। उनको पहले नोटिस जारी किया गया था।

अवैध निर्माण को गिराता बुलडोजर।

उन्होंने बताया कि सलारपुर अंडरपास के पास दो स्थानों पर कॉलोनाइजर द्वारा बनाई जा रही कॉलोनी की चारदीवारी और उन में हो रहे निर्माण को प्राधिकरण के दस्ते ने ध्वस्त कर दिया है। सलारपुर अंडरपास के समीप अवैध निर्माण ध्वस्त करने के बाद प्राधिकरण का दस्ता दनकौर कस्बे के बाहर खेड़ा देवत के समीप पहुंचा। एयरपोर्ट बनने का रास्ता साफ होने से जेवर क्षेत्र में जमीनों के दामों मे भारी बढ़ोतरी हुई है। किसानों को एयरपोर्ट का मुआवजा मिलने के बाद भूमाफियाओं ने अवैध तरीके से सरकारी और गैर सरकारी जमीनों को कब्जाकर लोगों को गुमराह करके अवैध तरीके से प्लॉट काटकर बेचे जा रहे है। शिकायत के बाबजूद भी जेवर तहसील प्रशासन चुप्पी साधे हुए है।

### भूमाफिया से करोड़ों की जमीन मुक्त

**गाजियाबाद।** हिंडन एयरपोर्ट के समीप गांव करहैड़ा सिटी फॉरेस्ट में भू माफियाओं के कब्जे से नगर निगम ने 16 करोड़ 75 लाख मूल्य रुपए की जमीन भू-माफियाओं के कब्जे से मुक्त कराने का दावा किया है। यह है जब से हिंडन एयरपोर्ट से लोकल उड़ान शुरू हुई है तो आसपास की जमीनों के भाव आसमान छूने लगे हैं। बाहर से लोग यहां बसने के लिए भी आ रहे हैं। इसी का फायदा उठाकर भूमाफिया नगर निगम और अन्य विभागों की पड़ी हुई जमीनों को कब्जा करके बेच रहे हैं। अपर नगर आयुक्त और संपत्ति प्रभारी आर एन पांडे ने बताया कि नगर निगम की 6 हजार 430 वर्ग मीटर जमीन गांव करहैड़ा के सिटी फॉरेस्ट के जंगल में पड़ी हुई है।

# जेवर क्षेत्र के 96 गांवों की बदली तस्वीर निवेश और रोजगार की बढ़ी संभावनाएं

**नोएडा।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, अंतरराष्ट्रीय स्तर की फिल्म सिटी और डाटा सेंटर तथा डीएफसी कॉरिडोर से जुड़ने के बाद यमुना एक्सप्रेसवे क्षेत्र में निवेश और रोजगार की अपार संभावनाएं बनी हैं। इनसे नोएडा एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण को भी राजस्व हासिल होने लगा है। इसका असर प्राधिकरण के दायरे में आने वाले जेवर क्षेत्र के कुल 96 गांवों में दिखाई दे रहा है। यमुना प्राधिकरण ने वित्तीय वर्ष 2020-21 में करीब 115 करोड़ इन गांवों की विकास परियोजनाओं पर खर्च किया है। इसमें वे गांव भी शामिल हैं, जिन्हें स्मार्ट सिटी के तौर पर विकसित किया गया है।

ये गांव अच्छेजा बुजुर्ग, डूंगरपुर रीलका, निलौनी शाहपुर, मिर्जापुर, रामपुर, पचोखरा, चांदपुर, मूंजखेड़ा, उस्मानपुर और आछेपुर हैं। यमुना प्राधिकरण के अधिकारियों का कहना है कि गांव को एक्सप्रेसवे और मुख्य मार्गों से जोड़ने के लिए शानदार सड़कें बनाई गई हैं। पानी की निकासी के लिए बेहतरीन सीवरेज सिस्टम विकसित किया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

76 वर्षीय श्री विशंभर नाथ पांडे ने यशोदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल कौशांबी में कोविड-19 का टीका लगवाया, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय से इंजीनियरिंग स्नातक श्री पांडे ने कहा कि टीका लगाने के बाद मेरा आत्मविश्वास बढ़ा है, उन्होंने सरकार द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के लिए इतने कम समय में टीका उपलब्ध कराने के लिए सरकार की भूरी भूरी प्रशंसा की

### सूर्य नगर की बिल्डिंग के दूसरे फ्लोर में लगी आग

**गाजियाबाद।** सूर्य नगर कॉलोनी में स्थित एक मकान के दूसरे फ्लोर में अचानक भयंकर आग लग गई। मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। घटना के दौरान परिवार के लोगों ने जैसे तैसे घर के बाहर भाग कर अपनी जान बचाई। घटना में किसी के घायल या हताहत होने की खबर नहीं है। हालांकि घर में रखा हुआ सभी सामान जलकर खाक हो गया है। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। घटना के कुछ पलों बाद ही मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ियों ने प्राथमिकता इस बात को दी कि कहीं पूरी बिल्डिंग में आग न फैल जाए। लिहाजा दोनों तरफ से दमकल की गाड़ियों को लगा कर आग पर काबू पाया गया। घटना के समय मौके पर थोड़ी देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल हो गया था।

### एमिटी में महिला दिवस पर परिचर्चा सत्र का आयोजन

**नोएडा।** एमिटी वूमेन हेल्प डेस्क के तत्वाधान में एमिटी विश्वविद्यालय में अंर्तराष्ट्रीय महिला सप्ताह 2021 को आयोजन मार्च 01 से मार्च 10 तक किया जा रहा है। इसी क्रम में संयुक्त राष्ट्र के थीम पर ध्यान केन्द्रित करते अंर्तराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में उपलब्धि हासिल करना सम्मान आनंद और उदारता विषय पर ऑनलाइन परिचर्चा सत्र का आयोजन किया गया। इस परिचर्चा सत्र का शुभारंभ कारगिल युद्ध में हिस्सा लेने वाली और युद्ध क्षेत्र में उड़ान भरने वाली प्रथम महिला हैलीकाप्टर पायलेट फ्लाइट लेफ्टिनेंट गुंजन सक्सेना, समाजिक कार्य हेतु पद्मश्री से सम्मानित जनक पलटा मिगिलिगन, एमिटी विश्वविद्यालय की वाइस चांसलर डा बलविंदर शुक्ला और एमिटी वूमेन हेल्प डेस्क की चेयरपसरन प्रो निरूपमा प्रकाश द्वारा किया गया।

आग से राख हुआ फ्लैट का सामान व मौके पर अग्निशमन विभाग के जवान।

### भाजपा महासचिव अरूण सिंह ने टीका लगवाया

**गाजियबाद।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं भाजपा के केंद्रीय कार्यालय के प्रभारी अरूण सिंह एवं उनकी पत्नी ने यशोदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल कौशांबी गाजियाबाद में कोविड-19 का टीका लगवाया। उधर दूसरी तरफ जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय महासचिव केसी त्यागी ने भी टीका लगवाया। यशोदा हॉस्पिटल कौशांबी में शुक्रवार को 240 लोगों को कोविड-19 का टीका लगाया गया। अरुण सिंह ने टीका लगने के बाद कहा कि सुरक्षित महसूस कर रहा हूं और उन्होंने जनता एवं लोगों से अपील की कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में टीका लगवा कर इस अभियान को सफल बनाएं एवं भारत से कोरोनावायरस समाप्ति की ओर कदम उठाएं। केसी त्यागी ने टीका लगवाने के बाद गर्व महसूस करते हुए कहा की मुझे टीका लगवाने के बाद किसी भी प्रकार की कोई परेशानी नहीं हुई।

### रेलवे ट्रैक पर बुजुर्ग और युवक के शव मिले

**गाजियाबाद।** मुरादनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत धेदा रेलवे फाटक के पास करीब 65 वर्षीय एक व्यक्ति का क्षत-विक्षप्त शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई।

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाकर उस व्यक्ति की शिनाख्त व मौत की गुत्थी सुलझाने के प्रयास शुरू कर दिए। एसएचओ अमित सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया ऐसा लग रहा है कि वह व्यक्ति किसी ट्रेन की चपेट में आकर मौत का शिकार हो गया होगा। कविनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत चिरंजीव विहार सेक्टर-10 के पास भी एक युवक की ट्रेन की चपेट में आकर मौत हो गई।

# अभिभावकों का डीआईओएस कार्यालय पर धरना

धरना देते डीडीपीएस स्कूल के छात्रों के अभिभावक।

● बच्चों के माता-पिता का आरोप, स्कूल पूरा शुल्क वसूल रहे है

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

देहरादून पब्लिक स्कूल की मनमानी के खिलाफ ऑल स्कूल पेरेंट्स एसोसिएशन के नेतृत्व में डीडीपीएस स्कूल के अभिभावकों ने डीआईओएस कार्यालय पर धरना शुरू कर दिया। धरनारत अभिभावकों ने आरोप लगाया कि शासनादेश की अनदेखी कर स्कूल पूरा वार्षिक शुल्क वसूल कर रहा है।

19 फरवरी को डीआईओएस कार्यालय में दोनों पक्षों के बीच वार्ता हुई थी जिसमें छात्रों की परीक्षा न रोके जाने के निर्देश दिए गए थे लेकिन स्कूल ने इन निर्देशों को नहीं माना। अभिभावकों के बार-बार कहने के बाद भी स्कूल अपनी मनमानी से बाज नहीं आ रहा है। ऐसे में अभिभावकों ने स्कूल की मनमानी के खिलाफ अनिश्चित कालीन धरना शुरू किया है। अभिभावकों का आरोप है कि स्कूल प्रबंधन की मनमानी के चलते बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है।

# अलग-अलग तरीके से चार को ठगा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा में साइबर ठगों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। पिछले 24 घंटों के दौरान शहर में 4 लोगों के साथ ठगी हो चुकी है। चारों पीड़ित व्यक्तियों ने अपनी-अपनी से हुई घटना की जानकारी पुलिस को दी।

**पहला मामला**

बहलोलपुर गोल चक्कर के पास उदय नारायण सिंह से एटीएम कार्ड बदलकर ठगों ने 2 लाख 11 हजार रुपये निकाल लिए है। पीड़ित को इस घटना की जानकारी तब हुई। जब मैसेज आया। इस घटना की जानकारी उदय नारायण सिंह ने नोएडा साइबर पुलिस को दी है।

**दूसरा मामला**

सेक्टर 22 में रहने वाली पूनम राय एक प्राइवेट अस्पताल में नौकरी करती है। पूनम कुछ दिनों पहले अपने डेबिट कार्ड से खरीदारी की। उस दौरान पता चला कि उनके एटीएम कार्ड को किसी ने क्लोनिंग कर 8,490 रुपये निकाल लिए है।

**तीसरा मामला**

सेक्टर 12 में रहने वाली नीलांजना एक छोटा सा बिजनेस करती है। उनके पास कुछ दिनों पहले एक आर्डर के लिए कॉल आई थी। आर्डर 2000 रुपए का था। सामान को ऑर्डर करने के बाद आरोपी ने महिला को व्हाट्सएप पर एक बार कोड भेज दिया। कोड को महिला ने जैसे ही स्कैन किया वैसे ही एकाउंट से 50 हजार रुपये निकल गए।

**चौथा मामला**

सेक्टर 34 में रहने वाले अमित के पास एक कॉल आई थी। कॉलर ने बोला कि उनकी मेडिकल पॉलिसी खत्म होने वाली है। जिसको अगर वो अभी रिन्यूअल कराएंगे तो 10 प्रातिशत डिस्काउंट मिलेगा। उसके बाद अमित ने 24,643 रुपये ऑनलाइन देकर पॉलिसी रिन्यू करा ली। जब इस मामले कंपनी ने तरफ से कॉल आया तो पता चला कि किसी ने फर्जी तरीके से ठगी की है।

# भाउराव देवरस योजनाः 20 साल बाद दूर होगी पेयजल समस्या

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) की भाउराव देवरस योजना के आवंटियों के लिए खुशखबरी है। अब उनकी 20 साल पुरानी पेयजल की समस्या निस्तारित हो जाएगी। जीडीए ने इस कालोनी में पेयजल आपूर्ति करने के लिए कार्य योजना तैयार कर ली है जिसमे सवा करो? की लागत आएगी। जीडीए जल्दी ही पहली किश्त कार्यदाई संस्था जल निगम को सौंप देगी। दरअसल गाजियाबाद विकास प्राधिकरण ने वर्ष 2000 में विजय नगर सेक्टर 12 में भाउराव देवरस योजना विकसित की थी। इसमें 50 वर्ग गज के 415 भूखंड आवंटित किए गए थे । इन भूखंडों में तीन मंजिले भवन बने हुए हैं। अभी लगभग 12सौ परिवार निवास कर रहे हैं। लेकिन अभी तक यहां पर पेयजल आपूर्ति के लिए तकनीकी कारणों से पाइपलाइन तक नहीं डाली जा सकी थी । उपाध्यक्ष कृष्णा करुणेश ने जैसे ही जीडीए का चार्ज लिया उनके संज्ञान में यह मामला आया आया उन्होंने तो उन्होंने वरीयता के आधार पर पेयजल की इस समस्या को तुरंत निस्तारित करने के आदेश जारी किए ।यहां के रहने वाले बी एसशर्मा और आरके सिंह बताया कि बीएच ब्लॉक में अभी तक पेयजल आपूर्ति नहीं है यहां लोग समर्सिबल करके किसी तरह पानी प्राप्त कर रहे हैं।पेयजल की समस्या के समाधान के लिए वे पिछले काफी वर्षों से संघर्ष कर रहे थे लेकिन अब पानी के समाधान का समाचार मिलने से कॉलोनी के सभी निवासी प्रसन्न है।

# नोएडा में हर साल 50 हजार रोबोट होंगे तैयार

## 75 करोड़ के निवेश के साथ ऑटोमेशन एवं रोबोटिक्स कंपनी ने निर्माण कार्य किया शुरू

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा में ऑटोमेशन एवं रोबोटिक्स जैसी अत्याधुनिक तकनीक की कंपनियों ने काम शुरू कर दिया है। एडवर्ब टेक्नोलॉजीज ने 'पॉयनियर ह्यूमेन-रोबोट कॉलैबरेशन टू टच ह्यूमेन लाइव्स' के विजन के साथ नोएडा में बोट-वैली नाम से अपनी विश्वस्तरीय निर्माण इकाई का उद्घाटन किया। इस पर कंपनी ने 75 करोड़ रुपए का निवेश किया है।

नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अमिताभ कांत ने इस संयंत्र का उद्घाटन किया। करीब 2.5 एकड भूमि में फैले इस संयंत्र में हर साल कई तरह के 50,000 से ज्यादा रोबोट निमार्ण किया जा सकेगा। इस संयंत्र की स्थापना के साथ एडवर्ब ने भारत में रोबोटिक्स इंडस्ट्री के लिए एक सेल्फ इकोसिस्टम तैयार करने की योजना बनाई है। यह नए उत्पादों और प्रौद्योगिकी सॉल्युशन का दुनियाभर में निर्यात करेगी। इस अवसर पर अमिताभ कांत ने कहा, पिछले दशक में कई बड़े बदलाव दर्ज किए गए और नई प्रौद्योगिकियां सामने आई हैं। आरंभिक बदलाव इंडस्ट्री 4.0 में प्रवेश किया है। इसमें एडवर्ब के लिए टेक्नोलॉजी बढ़ती जरूरतों और मौजूदा व्यावसायिक तंत्र की मांग को पूरा करने में मदद करेगी। एडवर्ब टेक्नोलॉजीज के संस्थापक एवं मुख्य कार्यकारी अध्यक्ष संगीत कुमार ने कहा, यह नया संयंत्र वैश्विक मोर्चे पर भारत की उभरती ताकत को प्रदर्शित करेगा। यह देश के संपूर्ण रोबोटिक्स तंत्र को मजबूत बनाएगा। स्वचालन की बढ़ती मांग के बाद भी, भारत में वैश्विक औसत के मुकाबले खासकर छोटे और मझौले उद्यमों में रोबोटिक्स की पैठ कमजोर बनी हुई है। इस विश्वस्तरीय संयंत्र की स्थापना के साथ, हम भारत को दुनिया में रिसर्च एंड डेवलपमेंट के केंद्र के तौर पर पेश कर सकेंगे। भारतीय निर्माताओं को बदलती प्रौद्योगिकियों को अपनाने और स्थानीय तथा वैश्विक बाजारों के लिए निर्माता बनने की दिशा में नए कौशल साझा करने तथा उन्हें प्रोत्साहित करने में सक्षम होंगे।

# एसएसपी ने आरक्षियों को दिए अच्छे जवान बनने के टिप्स

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

पुलिस लाइन में पिछले छह माह से प्रशिक्षण ले रहे प्रशिक्षु आरक्षियों का प्रशिक्षण पूरा हो जाने पर दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर पास आउट होने वाले 109 प्रशिक्षु आरक्षियों ने भव्य परेड करके पुलिस शक्ति व अनुशासन का एहसास कराया।

मुख्य अतिथि एसएसपी कलानिधि नैथानी ने परेड का निरीक्षण कर मान सम्मान और प्रणाम स्वीकार किया। इसके बाद कसान ने पास आउट होने वाले प्रशिक्षु आरक्षियों को शुभकामनाएं देते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर कप्तान नैथानी ने पास आउट होने वाले प्रशिक्षु आरक्षियों को एक अच्छा जवान बनने की टिप्स दिए। एसपी देहात ने पास आउट होने वाले प्रशिक्षुओं को संविधान की गरिमा की रक्षा करने और संपूर्ण कर्तव्यनिष्ठा के साथ जनहित व राष्ट्रहित में सेवा करने की शपथ दिलवाई।

**पब्लिक नोटिस**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पक्षकार रामू अपनी संपत्ति प्रौपर्टी एरिया 40 वर्ग गज, खसरा सं- 32/10, 11, 20 मौजी, फरीदाबाद, हरियाणा को सेटिन हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के साथ बंधक रख रहा है, रामू द्वारा उक्त संपत्ति से सम्बंधित विक्रय विलेख जिसे जोहरी लाल ने ओम प्रकाश के पक्ष में किया था जिसका पंजीकरण क्रमांक न. 7170 पर दिनांक 7.01.1991 को हुआ है मूल हो गया है, जिसके बारे में शिकायत हरियाणा पुलिस में की गई है, अतः यह सूचित किया जाता है की उक्त विलेख के आधार पर किसी प्रकार की कोई भी इकरार, बिक्री, बंधक आदि सिवाय मेरा पक्षकार और उक्त संस्था के बीच, मान्या नहीं होगा अतः अगर किसी भी व्यक्ति को उक्त विक्रय विलेख मिला है या किसी को उक्त संपत्ति के सम्बंध में कोई दावा या अधिकार है तो वह व्यक्ति इस प्रकाशन के ८ दिनों के अंदर नीचे लिखे न. पर संपर्क करके उक्त दस्तावेज को सौप दे तथा अपने दावे की जानकारी दे दे.

एडरेंस सिगल सल्यूशन
चेंबर न. ६६०, द्वारका कोर्ट सेक्टर-१०, द्वारका, नई देल्ही.-७७.
M:-9899013918

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879800-4879900।

# महामारी से निपटने के लिए सख्ती जारी रखें: बैजल

## दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की बैठक में उपराज्यपाल ने अधिकारियों संग की चर्चा

**कोविड-19**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली में कोविड-19 के बढ़ते मामलों को देखते हुए उपराज्यपाल अनिल बैजल ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि कोविड-19 के खिलाफ वर्तमान रणनीति को जारी रखें जिसमें क्लस्टर आधारित निगरानी, जांच और जीनोम सिक्वेंसिंग शामिल है।

दिल्ली सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपराज्यपाल अनिल बैजल ने अधिकारियों से कहा कि वायरस के खिलाफ ढिलाई बरतने की जरूरत नहीं है। मामूली बढ़ोतरी के साथ कोविड-19 के कोरोना वायरस के संक्रमण की स्थिति नियंत्रण में है।

इस बैठक में उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन, मुख्य सचिव विजय देव, नीति आयोग के सदस्य वी के पॉल

दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपराज्यपाल अनिल बैजल।

समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे। राष्ट्रीय स्तर पर नए संक्रमण में बढ़ोतरी के रूख को देखते हुए क्लस्टर आधारित निगरानी, जांच और जीनोम सिक्वेंसिंग की वर्तमान रणनीति को जारी रखने का निर्णय किया गया। इस हफ्ते की शुरुआत में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा था कि महाराष्ट्र, केरल, पंजाब, कर्नाटक, तमिलनाडु और गुजरात में कोविड-19 के नए मामलों में बढ़ोतरी हुई है। डीडीएमए की बैठक में विशेषज्ञों ने महसूस किया कि कोविड को देखते हुए राष्ट्रीय राजधानी में उपयुक्त दिशानिर्देशों को लागू करना और आरटी-पीसीआर के वर्तमान जांच स्तर को बनाए रखने की जरूरत है क्योंकि कुछ राज्यों में संक्रमण के मामलों में बढ़ोतरी हुई है। वहीं वरिष्ठ दिल्ली सरकार के अधिकारी ने बताया कि उपराज्यपाल ने गरीब तबके एवं डिजिटल दुनिया से वंचित लोगों को टीका लगवाए जाने की जरूरत पर जोर दिया।

### डेढ़ महीने बाद आए सबसे ज्यादा 312 नए मामले

**नई दिल्ली।** राजधानी में एक बार फिर से कोविड-19 के मामलों में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है। करीब डेढ़ महीने बाद शुक्रवार को सबसे ज्यादा 312 नए केस सामने आए हैं। पिछले चौबीस घंटे तीन मरीजों की मौत हो गई है जबकि 312 मरीज बीमारी को मात देकर ठीक भी हुए।

संक्रमित मरीजों की संख्या बढ़कर 1779 हो गई है। साथ ही संक्रमण दर भी 0.53 पहुंच गया है। दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार शुक्रवार को कुल 59122 312 लोगों की जांच की गई जिसमें 312 मरीज संक्रमित पाए गए। अब तक 12681441 लोगों की जांच की जा चुकी है। बृहस्पतिवार को सामने आए 261 मामलों के लिहाज से भी संक्रमण के मामलों में खासा इजाफा है। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक एक जनवरी को कुल 585 मामले सामने आए थे।

## संक्षिप्त समाचार

### उत्तर रेलवे महिला कल्याण संगठन का फ्लावर शो

**नई दिल्ली।** उत्तर रेलवे महिला कल्याण संगठन ने सरोजनी नगर नर्सरी में 66वें अंतर मंडलीय फ्लावर शो का आयोजन किया । इस फ्लावर शो का उदघाटन उत्तर रेलवे महिला कल्याण संगठन की अध्यक्ष शिखा गंगल ने किया इस शो में लखनऊ, मुरादाबाद, अंबाला, फिरोजपुर और दिल्ली मंडलों के साथ-साथ निर्माण विभाग ने भी सुंदर पौधों और पुष्पों के साथ अपननी उपस्थिति दर्ज कराई। नॉर्दन रेलवे के महाप्रबंधक आशुतोष गंगल, दिल्ली मंडल के मंडल रेल प्रबंधक एससी जैन समेत कई वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। इस शो में साल्विया, क्लार्किया, वॉइला, सुन्दयरिया समेत कई प्रकार के फूलों का प्रदर्शन किया गया । आशुतोष गंगल ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से रेल कर्मियों और उनके परिवारों के बीच बागवानी की गतिविधियों में प्रतिस्पतर्धा की भावना का विकास होगी। बागवानी विभाग पर्यावरण को संरक्षण देने और उसे बेहतर बनाने के लिए एकीकृत रूप से अपनी भूमिका निभा रहा है। सबको मिलकर अपने आसपास के पर्यावरण को और बेहतर बनाने की कोशिश करनी चाहिए।

### हैकाथॉन विजेताओं को गडकरी ने किया पुरस्कृत

**नई दिल्ली।** स्वीडश दूतावास इंस्टीट्यूट व स्वीडन के महावाणिज्य दूत के संयोजन में आयोजित स्वीडन-इंडिया मोबिलिटी हैकाथॉन की विजेता टीम को केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नीतिन गडकरी ने पुरस्कृत किया। भारत में स्वीडन के राजदूत क्लैस मोलिन ने कहा कि परिवहन मंत्री नीतिन गडकरी के यहां आने पर हम सभी सम्मानित महसूस कर रहे हैं। 42 घंटे की 'स्वीडन-इंडिया मोबिलिटी हैकाथॉन : चेन्जिंग द वे वी मूव' मोबिलिटी (परिवहन) पर खास फोकस के साथ भविष्य के लिए तैयार किए जा रहे वाहनों के डिजाइन, ईंधन के स्वरूप को आकार देने का प्रयास है। विजेता टीमों को अपने प्रयोग व अविष्कार को विकसित करने और उसे कार्य रूप बदलने के लिए प्रमुख स्वीडिश और भारतीय कंपनियों और संस्थाओं के साथ मिलकर काम करने का मौका दिया जाएगा। हैकाथॉन में 500 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। जिनमें छह चुनौतियों ट्रैफिक में जानलेवा दुर्घटनाएं, सुरक्षित परिवहन, स्थाई परिवहन, ट्रैफिक में वाहनों से होने वाले उत्सर्जन, कनेक्टेड व्हीकल के लिए आधारभूत संरचना और लॉजिस्टिक्स शामिल थे। भारत में स्वीडन के राजदूत क्लैस मोलिन ने कहा कि मैं स्वीडिश इंस्टीट्यूट की तरफ से सभी का शुक्रिया अदा करता हूं।

### पेट्रो कीमतों के खिलाफ टैक्सी चालकों का प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** टैक्सी चालक एसोसिएशन ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के बाराखंभा मार्ग क्षेत्र में शुक्रवार को ईंधन की कीमतों में वृद्धि के खिलाफ प्रदर्शन किया। सर्वोदय ड्राइवर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष कमलजीत गिल ने बताया कि टैक्सी चालकों ने माथे पर काली पट्टी बांधकर सुबह 10 बजे से 11 बजे तक शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा 80 लोगों के लिए इजाजत मिली थी,लेकिन करीब 200 लोग बाराखंभा मार्ग पहुंचे और अपने वाहनों को खड़ा करने के बाद बिना कुछ बोले शांतिपूर्ण ढंग से प्रदर्शन में शामिल हुए। हम देशभर में 22 और 23 मार्च को प्रदर्शन करेंगे। गिल ने कहा कि सर्वोदय ड्राइवर्स एसोसिएशन के अलावा एक्सपर्ट ड्राइवर साल्यूशन, राजधानी परिवहन और अन्य संगठनों ने प्रदर्शन में हिस्सा लिया।

## मरकज खोलने को लेकर केंद्र व दिल्ली सरकार से जवाब तलब

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली उच्च न्यायालय ने निजामुद्दीन मरकज दोबारा खोलने के लिए दायर याचिका पर जवाब दाखिल करने के लिए केंद्र, आप सरकार और पुलिस को 10 दिन का समय दिया।

तबलीगी जमात के एक कार्यक्रम में शिरकत करने वाले कई लोगों के कोरोना वायरस से संक्रमित पाए जाने के बाद 31 मार्च से ही निजामुद्दीन मरकज बंद है। न्यायामूर्ति मुक्ता गुप्ता ने कहा कि अधिकारियों द्वारा 10 दिन में स्थिति रिपोर्ट दाखिल की जाए। उन्होंने मामले की आगे की सुनवाई के लिए 24 मार्च की तारीख तय की है। अदालत ने 24 फरवरी को सुनवाई के दौरान दिल्ली वक्फ बोर्ड की ओर से दायर याचिका पर गृह मंत्रालय, दिल्ली सरकार और दिल्ली पुलिस से जवाब मांगा था।

दिल्ली सरकार के स्थाई वकील राहुल मेहरा ने राज्य सरकार और दिल्ली पुलिस की ओर से स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने के लिए समय मांगा केंद्र की ओर से पेश हुए वकील रजत नायर ने भी जवाब दाखिल करने के लिए थोड़ा और समय दिए जाने

का अनुरोध किया। बोर्ड ने अपनी याचिका में अधिकारियों को वक्फ परिसर को धार्मिक आयोजन के तौर पर उपलब्ध रखने की जरूरत पर फिर से गौर करने का निर्देश देने का अनुरोध भी किया है।बोर्ड की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता रमेश गुप्ता ने दलील दी कि अनलॉक-1 के दिशा-निर्देश के तहत निरुद्ध क्षेत्र के बाहर धार्मिक स्थलों को खोलने की अनुमति दी गई थी।

## दो बच्चों को फांसी लगाकर मां ने भी दी जान

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

उत्तर पश्चिमी दिल्ली के शकुरपुर इलाके में 22 वर्षीय एक महिला और उसके दो बच्चों के शव घर में लटकते मिले। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

पुलिस के अनुसार घटना उत्तर पश्चिमी दिल्ली के शकुरपुर इलाके में गुरुवार को हुई और उसे इसकी जानकारी रात करीब 10 बजकर 40 मिनट पर मिली। पुलिस ने बताया कि घटना के समय महिला का पति काम पर गया हुआ था। घर लौटने पर उसने तीनों के शव लटकते पाए। पुलिस के अनुसार पड़ोसियों की मदद से उसने

उस कमरे का दरवाजा तोड़ा, जिसमें तीनों के शव लटके हुए थे।

उन्होंने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि प्राथमिक जांच में पता चला है कि महिला की बिहार के मधुबनी में पैतृक गांव जाने को लेकर

- मरने वालों में चार महीने का मासूम भी शामिल, शकुरपुर इलाके में मचा हड़कंप

अपने पति के साथ गुरुवार सुबह बहस हुई थी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि दम्पत्ति की पांच साल पहले शादी हुई थी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं मौके पर पहुंची फॉरेंसिक टीम ने कुछ सबूत उठाए है। पुलिस का कहना कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद भी आगे की कार्रवाई होगी।

## बजट सत्र में प्रश्न काल नहीं होने पर भाजपा ने घेरा

- सरकार विधायकों के अधिकारों का कर रही हनन : नेता प्रतिपक्ष

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह

विधानसभा बजट सत्र को लेकर भाजपा ने दिल्ली सरकार पर निशाना साधा है। नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने आरोप लगाया है कि आम आदमी पार्टी की सरकार लोकतंत्र का अपमान कर रही है। साथ ही विधायकों के अधिकारों का हनन कर रही है। सोमवार से शुरू होने वाले बजट सत्र में प्रश्न काल न रखकर सरकार सदस्यों के सवालों और जनता के प्रति अपनी जवाबदेही से भी भाग रही है। बिधूड़ी ने विधानसभा सत्र बुलाने में भी प्रक्रिया के उल्लंघन की शिकायत की है।

उन्होंने कहा है कि विधानसभा सत्र बुलाए जाने की सूचना 15 दिन पहले सदस्यों को दी जानी चाहिए लेकिन दिल्ली विधानसभा की तरफ से सिर्फ चार दिन पहले यानी गुरुवार को ही सदस्यों को सत्र के बारे में जानकारी दी गई है। सदस्यों को विधानसभा में उठाए जाने वाले मामलों की तैयारी करने और जनता के सवाल सरकार तक पहुंचाने के लिए पर्याप्त समय की जरूरत होती है, लेकिन सरकार ने सिर्फ चार दिन का समय देकर उस अधिकार का हनन किया है। इसके बाद सदस्य यह जानकर हैरान हैं कि विस में इस बार प्रश्न काल ही नहीं रखा गया यानी सदस्य सरकार से कोई सवाल पूछने का हक भी नहीं रखते।

### बूथ मजबूती के लिए मंडल प्रवास

**नई दिल्ली।** प्रदेश भाजपा ने बूथ जीता चुनाव जीता के मंत्र के साथ मंडल प्रवास कार्यक्रम शुरू किया। बदरपुर से शुरू हुए एक पखवाड़े का मंडल प्रवास कार्यक्रम में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने कहा कि बूथ की मजबूती में समाज के हर वर्ग का योगदान जरुरी होता है। भाजपा अपने कार्यकारिणी समिति की मजबूती के लिए जानी जाती है। अभी हर एक बूथ पर पंच परमेश्वर का गठन किया गया है, लेकिन पार्टी की स्थापना दिवस से पहले बूथ में सक्रिय सदस्यों की संख्या 21 करनी है।

## स्विच दिल्ली: जन आंदोलन बनाने का संकल्प लें: कैलाश गहलोत

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए शुरू किए गए स्विच दिल्ली अभियान को जनआंदोलन बनाने का संकल्प लेने को कहा है।

उन्होंने इस मुहिम में रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशनों से अपनी सक्रिय भागीदारी निभाने का अनुरोध किया है। उन्होंने आरडब्ल्यूए को प्रोत्साहित करने के लिए सभी विधायकों को पत्र भी लिखा है। इस पत्र में उन्होंने विधायकों को अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र में आरडब्ल्यूए को सहयोग प्रदान करने के लिए कहा है, ताकि वहे इस अभियान का हिस्सा बनें। स्विच दिल्ली अभियान के चौथे सप्ताह में आरडब्ल्यूए की भागीदारी बढ़ाने पर जोर है।

गहलोत ने सभी विधायकों से अनुरोध किया है कि वे सभी ईवी प्रतिज्ञा लें कि वे दिल्ली को स्वच्छ करने में अपना योगदान देने के लिए प्रतिबद्धता हैं। जनप्रतिनिधियों, आरडब्ल्यूए और निवासियों से इलेक्ट्रिक गाड़ियों के बारे में बातचीत करने और नुक्कड़ सभाएं कर लोगों को जागरूक करने को कहा है।

## ऑनलाइन प्रयोगशालाएं नियमित करे सरकार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि आप सरकार ऑनलाइन पैथोलॉजिक प्रयोगशालाओं को नियमित करें। अदालत ने कहा कि ऐसा नहीं करने पर अवमानना की कार्रवाई शुरू की जाएगी। कोर्ट ने कहा कि उम्मीद है कि सरकार चीजों को दुरूस्त करेगी और न्यायिक आदेश का पालन करेगी। उच्च न्यायालय एक याचिका पर सुनवाई के दौरान आरोप लगाया गया कि इस सिलसिले में उसके आदेशों का पालन नहीं हुआ। न्यायालय ने आम आदमी पार्टी की सरकार से जानना चाहा कि क्या इसकी पैथोलॉजिकल प्रयोगशालाएं और अस्पताल एनएबीएल से मान्यता प्राप्त हैं अथवा नहीं। याचिका में उच्च न्यायालय के छह अगस्त 2020 के आदेश का पालन नहीं करने के आरोप लगाए गए जिसमें दिल्ली में अवैध ऑनलाइन स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए थे और ऑनलाइन प्रयोशालाओं को नियमित करने का आदेश दिया गया था।

न्यायमूर्ति नाजमी वजीरी ने कहा, प्रक्रिया में कुछ मौलिक गलतियां हैं। क्या आपकी अपनी प्रयोगशालाएं और अस्पताल एनएबीएल से संबद्ध हैं? यह बहुत ही मौलिक प्रश्न है। दिल्ली सरकार के अतिरिक्त वकील संजय घोष और उर्वी मोहन ने कहा कि

- अदालत ने पैथोलॉजी लैब ऑनलाइन नियमन संबंधी आदेश को लेकर सरकार को किया आगाह

सरकार ने एक अधिसूचना जारी की है जिसमें सभी प्रयोगशालाओं को सूचित किया गया है कि उन्हें उच्चतम न्यायालय के आदेश का पालन करना होगा। उच्चतम न्यायालय ने आठ अप्रैल 2020 को निर्देश दिया था कि कोविड-19 की जांच एनएबीएल से संबद्ध प्रयोगशालाओं या डब्ल्यूएचओ या आईसीएमआर से संबद्ध एजेंसियों से ही कराई जाएं।

## आरोप-पत्र लीक होने पर पुलिस की आलोचना

**दिल्ली हिंसा**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली उच्च न्यायालय ने उत्तर पूर्वी दिल्ली में पिछले साल हुए दंगों के मामले में दायर पूरक आरोप पत्र पर संबंधित अदालत के संज्ञान लेने से पहले ही उसके मीडिया में लीक होने पर दिल्ली पुलिस की शुक्रवार को आलोचना करते हुए कहा कि यह घटना अपराध है।

न्यायमूर्ति मुक्ता गुप्ता ने दिल्ली पुलिस आयुक्त को हलफनामा दायर कर जानकारी को मीडिया में लीक करने के लिए जिम्मेदार व्यक्ति की जवाबदेही तय करने को कहा है।

अदालत ने पुलिस के वकील को बताया, एक बार मीडिया में आने पर यह आरोप (लीक होने का) साबित हो चुका है। यह अब सिर्फ आरोप नहीं है। आपको तय करना होगा कि यह किसने किया। अदालत में दिल्ली पुलिस का पक्ष रख रहे अधिवक्ता ने कहा कि पूरक आरोप-पत्र की सामग्री पुलिस द्वारा मीडिया में लीक नहीं की गई। पुलिस पर जिम्मेदारी तय नहीं की जा सकती क्योंकि उन्होंने इसे लीक नहीं किया है। अदालत ने कहा कि यह संपत्ति एक पुलिस अधिकारी के हाथ में थी और अगर आपके अधिकारी ने ऐसा किया है तो यह अधिकारों का दुरुपयोग है।

## विश्व पुस्तक मेले का उठाएं वर्चुअल आनंद

29 वें विश्व पुस्तक मेले का उद्घाटन करते डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक।

- केंद्रीय शिक्षा मंत्री निशंक ने किया छह दिन चलने वाले मेले का उद्घाटन, 15 से अधिक देशों के 160 प्रकाशक हो रहे शामिल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

साहित्य के महाकुंभ विश्व पुस्तक मेले का आगाज शनिवार से होगा। इस बार मेले का आयोजन छह से 12 मार्च तक वर्चुअल किया जाएगा। इसमें पहली बार यूक्रेन और अमेरिका भाग ले रहे हैं। इसके अतिरिक्त चीन, फ्रांस, श्रीलंका, नेपाल, स्पेन, यूके, ईरान, यूएई समेत 15 से अधिक देशों के 135 प्रकाशक हिस्सा ले रहे हैं। केंद्रीय शिक्षा मंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक ने शुक्रवार को 29 वें विश्व पुस्तक मेले का उद्घाटन किया।

डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक ने कहा कि विश्व पुस्तक मेला 2021 का वर्चुअल आयोजन स्वागत योग्य कदम है। यह पढ़ने की संस्कृति और किताबों के प्रकाशन से देश को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा।

भाषा केवल शब्द नहीं होते वो विचार हैं इसलिए उन्हें यह बताते हुए गर्व महसूस कर रहा है कि नई शिक्षा नीति और रष्ट्रीय पुस्तक न्यास ने क्षेत्रीय भाषाओं को आगे लाने का काम किया है। उन्होंने यह भी जोड़ा कि शिक्षा बोझ नहीं है। बच्चे खुद अच्छी पुस्तकों की तलाश करते हैं और उन्हें पढ़ते हैं और इस प्रयास में न्यास एक सराहनीय कार्य कर रहा है।

केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने नई शिक्षा नीति 2020 की कार्यान्वयन नीति के तहत न्यास द्वारा प्रकाशित 17 नई पुस्तकें भी जारी की। ये किताबें नई शिक्षा नीति 2020 के दिशा-निर्देशों के अनुसार बच्चों के लिए द्विभाषी संस्करणों की श्रृंखला के तहत द्विभाषी प्रारूप में प्रकाशित किए गए हैं, जिसका मकसद बच्चों के लिए उत्कृष्ट पठन सामग्री का निर्माण करना है ताकि उन्हें देश की बहुभाषी संस्कृति के अनुकूल बनाया जा सके। निशंक ने प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा कहे गए इन वाक्यों का जिक्र किया जो पढ़ता है वहीं आगे बढ़ता है। उनका भी यह मानना है, जिसमें लिखने पढ़ने और उसको क्रियान्वित करने की क्षमता हो वो अच्छा लीडर हो सकता है चाहे किसी भी क्षेत्र में हो। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के मुद्दे पर बात करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा यह नीति लोकल को ग्लोबल स्तर पर ले जाएगी। राष्ट्रीय पुस्तक न्यास के अध्यक्ष प्रो गोविंद प्रसाद शर्मा ने कहा कि भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा पुस्तक प्रकाशक है और इस प्रकार यह उनकी प्राथमिकता है कि इन पुस्तकों के माध्यम से वह ऐसी सामग्री का उत्पादन करें जो हमारी समृद्ध संस्कृति और परंपराओं को आगे ले जाए। इस वर्ष की मेले की थीम राष्ट्रीय शिक्षा नीति है जिसमें विभिन्न आयु-समूहों के लिए प्रकाशन के माध्यम से इसके कार्यान्वयन की गतिशीलता पर चर्चा की गई है।

**एनबीटी का अपना विशेष प्लेटफार्म होगा**

*एनबीटी द्वारा प्रकाशित सभी पुस्तकों का अपना अलग विशेष प्लेटफार्म होगा। यहां इंटरनेट मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म पर भी एनबीटी मौजूद है जिसके जरिए पाठक इस मेले से जुड़ सकेंगे। दिल्ली पुस्तक मेला जहां डिजिटल था वहीं विश्व पुस्तक मेला पूरी तरह से वर्चुअल है।*

**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
YEIDA FUTURE IS HERE YEIDA: WITH HUMAN FACE
प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स, ओमेगा.1 (पी-2)
ग्रेटर नौएडा सिटी, जनपद-गौतमबुद्ध नगर, फोनः 0120-2395152
वेबसाइटः www.yamunaexpresswayauthority.com

पत्रांक-वाई.ई.ए./GM(P)/2021/474 दिनांक 04.03.2021

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्र सरकार/राज्य सरकार/केन्द्र शासित/अर्द्धशासिक/सार्वजनिक उपक्रमों के कार्यों का कम से कम चार वर्ष का अनुभव रखने वाले ठेकेदारों/फर्मों से ई-निविदायें आमन्त्रित की जाती है। ई-प्रीक्वॉलिफिकेशन सोल्यूशन द्वारा निविदाएं द्वितस्तरीय पद्धति से खोली जायेंगी।

कार्यालय आदेश संख्या : वाई.ई.ए./GM(P)/2021/473 दिनांक 04.03.2021 के अनुपालन में यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण की कार्यों में संविदाकार द्वारा बिल ऑफ क्वान्टिटी (बी.ओ.क्यू.) पर डाले गये 10 प्रतिशत कम दरों तक 0.5 प्रतिशत प्रति एक प्रतिशत कम दर पर तथा उसके पश्चात 10 प्रतिशत से अधिक कम दरों पर 1.00 प्रतिशत प्रति एक प्रतिशत कम दर पर सिक्योरिटी/परफॉर्मेन्स गारन्टी प्राप्त की जायेगी तथा परफॉर्मेन्स गारन्टी एफ.डी.आर./सी.डी.आर./बैंक गारन्टी/एन.एस.सी. के रूप में न्यूनतम संविदाकार द्वारा अनुबंध गठन से पूर्व देनी होगी, जो कार्य के अन्तिम बीजक होने के बाद वापिस होगी।

| क्रम सं. | कार्य का नाम/वर्क सर्किल | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 1 | D/o Park No - 4 Block I Sector 18 with one year maintenance yea. WC-Horticulture | ₹12.39 लाख |
| 2 | D/o Park No - 6 pocket 1-A Sector 18 with one year maintenance yea. WC-Horticulture | ₹12.74 लाख |
| 3 | D/o Park No - 3 Block I Sector 18 with one year maintenance yea. WC-Horticulture | ₹15.56 लाख |
| 4 | D/o Park No - 1 Block I Sector 18 with one year maintenance yea. WC-Horticulture | ₹15.87 लाख |
| 5 | D/o Park No - 2 Block I Sector 18 with one year maintenance yea. WC-Horticulture | ₹15.87 लाख |
| 6 | D/o Park No - 5 Pocket 1-A Sector 18 with one year maintenance yea. WC-Horticulture | ₹16.06 लाख |
| 7 | D/o Park No - 3 Pocket 1-A Sector 18 with one year maintenance yea. WC-Horticulture | ₹19.63 लाख |

जिन्हें दिनांक 10.03.2021 से 22.03.2021 को 5:00 बजे तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई-निविदाओं की प्री-क्वालीफिकेशन दिनांक 23.03.2021 को प्रातः 11.00 बजे खोली जाएगी।

| क्रम सं. | कार्य का नाम/वर्क सर्किल | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 8 | D/o Park No - 5 Block I Sector 18 with one year maintenance yea. WC-Horticulture | ₹26.08 लाख |
| 9 | D/o Park No - 2 Pocket 1-A Sector 18 with one year maintenance yea. WC-Horticulture | ₹31.85 लाख |
| 10 | PROVIDING AND LAYING OF INTERLOCKING TILE IN VILLAGE THORA, YEA WC-6 | ₹32.61 लाख |
| 11 | PROVIDING AND LAYING OF INTERLOCKING TILE WORK IN VILLAGE KISHORPUR, YEA WC-6 | ₹33.24 लाख |
| 12 | D/o Park No - 4 Pocket 1-A Sector 18 with one year maintenance yea. WC-Horticulture | ₹37.76 लाख |
| 13 | P/o Trees on Internal road side in Rehabilitation and Resettement area of Village abadi in Jewar Banger with one year maintenance yeida. WC-Horticulture | ₹42.01 लाख |
| 14 | D/o Park No - 1 Pocket 1-A Sector 18 with one year maintenance yea. WC-Horticulture | ₹46.71 लाख |

जिन्हें दिनांक 12.03.2021 से 23.03.2021 को 5:00 बजे तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई-निविदाओं की प्री-क्वालीफिकेशन दिनांक 24.03.2021 को प्रातः 11.00 बजे खोली जाएगी।

महाप्रबंधक (परियोजना)

# दुर्गम क्षेत्रों में चिकित्सा सेवाएं देने को समर्पित हरियाणा का परिवार

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**दुर्गम,** उच्च ऊंचाई वाले क्षेत्रों में चिकित्सा सेवाएं देने को हरियाणा का यह परिवार समर्पित है। मूलरूप से झज्जर के रहने वाले डॉ. प्रदीप भारद्वाज अपनी पत्नी डॉ. अनीता भारद्वाज और बेटी परिकुल भारद्वाज के साथ दुर्गम यात्राओं समेत प्राकृतिक आपदाओं में भी चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराते हैं। अब इसी साल होने वाले केदारनाथ यात्रा के लिए भी वे अपनी 98 सदस्यीय टीम (डॉक्टरों और पैरा-मेडिकल स्टाफ) के साथ तैयार हैं।

वर्ष 2013 से केदारनाथ यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं को चिकित्सा सेवा प्रदान कराने वाली सिक्स सिग्मा हाई ऐल्टिट्यूड मेडिकल सर्विस ने आने वाली 2021 की केदारनाथ यात्रा के लिए तैयारी शुरू कर दी है। ऊंचे पर्वतों वाले दुर्गम हिमालय में मेडिकल सेवा देने वाली सिक्स सिग्मा हेल्थकेयर संस्था के मुख्य

### पत्नी डॉ. अनीता बेटी परिकुल के साथ जनसेवा को तत्पर रहते हैं डॉ. प्रदीप भारद्वाज

### दुर्गम क्षेत्रों की सभी यात्राओं में अपनी संस्था के माध्यम से देते हैं चिकित्सा सेवाएं

कार्यकारी अधिकारी एवं मेडिकल डायरेक्टर हरियाणा के झज्जर निवासी डॉ. प्रदीप भारद्वाज के मुताबिक उत्तराखंड चार धाम देवस्थानम् मैनेजमेंट बोर्ड की ओर श्री केदारनाथ, श्री मद्ममहेश्वर, श्री तुंगनाथ व श्री हेमकुंड साहिब में सिक्स सिग्मा हाई ऐल्टिट्यूड मेडिकल सर्विस प्रदान करने का

सिक्स सिग्मा हेल्थकेयर की टीम के साथ डॉ. प्रदीप भारद्वाज।

अनुरोध पत्र प्राप्त हुआ है। सिक्स सिग्मा ने चार धाम यात्रा के मुख्य स्थलों पर दी जाने वाली चिकित्सा सेवाओं को लेकर इसकी रूपरेखा तैयार कर ली गई है।

इसके लिए सिक्स सिग्मा संस्था ने पर्वतीय क्षेत्रों में मेडिकल सेवा देने का अनुभव रखने वाले 98 डॉक्टरों और पैरा-मेडिकल स्टाफ की टीमें बनाई हैं। जो वहां पर जाकर यात्रा पर आने वाले भक्तों को बेहतर चिकित्सा सेवा देंगे।

### सेना ने मेडिकल टीम को दी है ट्रेनिंग

**भारतीय** सेना ने सिक्स सिग्मा मेडिकल टीम को बेहद मुश्किल हाई एल्टीट्यूड सर्वाइवल ट्रेनिंग करवाई है। जिस ट्रेनिंग में उफनती नदियों और आग से गुजरना, माइनस टेम्प्रेचर में रहना, पहाड़ पर रेस्क्यू करना, बिना सहारे पहाड़ पर चढ़ना, भारी बोझ के साथ कई किलोमीटर की दौड़ और लगातार 7 दिन घने पीक के जंगलों में रात गुजारना आदि शामिल है। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर जैसे ही केदारनाथ धाम के कपाट खुलने की तिथि निर्धारित हो जाएगी। डॉ. प्रदीप भारद्वाज के मुताबिक सिक्स सिग्मा हाई ऐल्टिट्यूड मेडिकल सर्विस का एक प्रतिनिधिमंडल उत्तराखंड के मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत से मिला था। मुलाकात के दौरान सिक्स सिग्मा हाई ऐल्टिट्यूड मेडिकल टीम के सदस्यों ने चारधाम यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को होने वाली परेशानियों के संबंध में एक इंटेलिजेन्स रिपोर्ट सौंपी थी। जिसमें यात्रा के सुगम संचालन समेत अनेक विषयों पर सुझाव दिए गए थे।

### श्रद्धालुओं का कोरोना टेस्ट होगा, वैक्सीन भी लगेगी

**केदारनाथ** धाम में श्रद्धालुओं को माहमारी से बचाने के लिए कोरोना का टेस्ट भी किया जाएगा और संस्था की ओर वेक्सीनेशन भी किया जाएगा। इसके अतिरिक्त यात्रियों की सुविधा के लिए हापरबॉनिक चैम्बर भी बनाया जाएगा और मोबाइल ईसीजी की भी सुविधा मिलेगी। कोरोना के प्रकोप को ध्यान में रखते हुए उपचार के दौरान पीपीई किट का उपयोग भी किया जाएगा। इस बार यात्रा में मेडिकल सेवा देने के लिए सिक्स सिग्मा हेल्थकेयर की ओर से 98 से अधिक मेडिकल स्टाफ को लगाया जाएगा, जिसमें क्रीटिकल केयर, कार्डियो, रेसप्रेटरी और महिला रोग, बाल रोग विशेषज्ञ अपनी सेवाएं देंगे। संस्था की ओर यात्रा के दौरान बेहतर संपर्क स्थापित करने के लिए 11 सैटेलाइट फोन का उपयोग किया जाएगा। जोखिम भरे क्षेत्रों में सिक्स सिग्मा हाई ऐल्टिट्यूड मेडिकल सर्विस के 450 डॉक्टरों और वॉलंटियरों ने 553000 से अधिक यात्रियों को चिकित्सा सुविधा प्रदान कराई जा चुकी है।

# अब हर 15 दिन में ई-ऑफिस प्रणाली की समीक्षा करेंगे डीसी

### अधिकारी अपने कार्यालयों में ई-ऑफिस प्रणाली को करें लागू

### सरकारी कार्यालयों को पेपर लैस बनाने के निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**जिले** में ई-ऑफिस प्रणाली की समीक्षा अब हर 15 दिन में जिला उपायुक्त स्वयं करेंगे। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा है कि वे अपने कार्यालयों में ई-ऑफिस प्रणाली को लागू करें और सरकारी कार्यालयों को पेपर लैस बनाएं।

सरकार चाहती है कि सभी कार्यालयों में पेपर लैस काम हो। इसे लेकर शुक्रवार को जिला उपायुक्त ने अपने कार्यालय में ई-ऑफिस को लेकर अधिकारियों की बैठक ली।

अपने कार्यालय में ई-ऑफिस प्रणाली की समीक्षा बैठक लेते उपायुक्त डा. यश गर्ग।

उन्होंने कहा कि ई-ऑफिस प्रणाली पर काम करना सुविधाजनक है। केवल शुरू करने की देर है। उन्होंने कहा कि इस प्रणाली पर आप किसी भी समय कहीं भी फाईलों का निपटारा ऑनलाईन कर सकते हैं। उपायुक्त ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने कार्यालयों में सरकारी कार्यों से संबंधित फाईलों की फिजिकल मूवमेंट खत्म करें और केवल ई-ऑफिस सॉफ्टवेयर पर ऑनलाईन फाइलें चलाएं। उन्होंने कहा कि वे हर 15 दिन में जिला के प्रत्येक सरकारी कार्यालय में इस व्यवस्था के क्रियान्वयन की समीक्षा करेंगे। उन्होंने अधिकारियों को इसे अपने रोजमर्रा के कार्य का हिस्सा बनाने के आदेश दिए और कहा कि वे स्वयं भी ई-ऑफिस प्रणाली पर काम कर रहे हैं। उपायुक्त कार्यालय में यह व्यवस्था पूर्ण रूप से लागू की जा चुकी है। अब अन्य कार्यालयों में इसे लागू करेंगे।

उन्होंने यह भी कहा कि हर अधिकारी अपने कार्यालय के कर्मचारियों की सरकारी ई-मेल आईडी क्रिएट करवाए और उससे ई-ऑफिस सॉफ्टवेयर पर भी आईडी बनवाए। उसके बाद कार्यालय का हर कर्मचारी अपनी डाक अथवा फाईल यहां तक कि छुट्टी की दरखास्त भी ई-ऑफिस के माध्यम से भेजे। डा. गर्ग ने कहा कि हर कर्मचारी, जिसका ई-ऑफिस पर आईडी बना हुआ है, सप्ताह में कम से कम 10 फाईल क्रिएट करके ई-ऑफिस प्रणाली के माध्यम से अपने उच्च अधिकारियों को भेजे और अधिकारीगण भी उसका निपटारा उसी प्रणाली पर करें। कहने का तात्पर्य है कि गुरुग्राम में सभी सरकारी कार्यालय पेपर लैस मोड में काम करने के लिए तैयार हों।

### ई-ऑफिस प्रणाली से आएगी पारदर्शिता

**उपायुक्त** ने बैठक में कहा कि ई-ऑफिस प्रणाली पर फाईलों की मूवमेंट से सरकारी कार्यालयों के कामकाज में पारदर्शिता आएगी और अधिकारी को यह पता चल सकेगा कि किस टेबल पर फाईल ज्यादा दिन से लंबित है। यही नहीं, इस व्यवस्था से सरकारी कार्यालयों में फाईलों के गुम होने या फाईलों से कागज निकालने आदि की प्रथा पर रोक लगेगी, क्योंकि पूरी फाईल ई-ऑफिस प्रणाली पर उपलब्ध होगी।

# सबके सर्वांगीण विकास को कटिबद्ध है सरकार

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

### आंगनबाड़ी केंद्र के पुनः निर्माण को नवीन गोयल ने सीएम को भेजा पत्र

### फिरोजगांधी-1 कालोनी गुरुग्राम में है आंगनबाड़ी केंद्र

**भारतीय** जनता पार्टी के युवा नेता नवीन गोयल ने कहा कि आमजन के हित में और सबके सर्वांगीण विकास के लिए सरकार कटिबद्ध है। सरकार ने प्रदेश में अनेक कल्याणकारी योजनाओं शुरू करके लोगों को राहत देने का काम किया है। भविष्य में भी जनहित के कार्यों, विकास को लेकर जनता का सहयोग लेते हुए निष्पक्षता के साथ काम किया जाएगा। यह बात उन्होंने यहां फिरोजगांधी कालोनी-1 में आंगनबाड़ी के सुधार को लेकर मांग पत्र देने के दौरान कही। बिना देरी किए उन्होंने मांग पत्र को सीएम, मंत्री व अधिकारियों को भेज दिया।

भाजपा युवा नेता नवीन गोयल ने कालोनी वासियों को आश्वासन दिया है कि सरकार इस पर सकारात्मक संज्ञान लेकर बच्चों के लिए यह आंगनबाड़ी केंद्र फिर से तैयार कराया जाएगा। उनके समक्ष फिरोजगांधी कालोनी-1 के लोगों ने अपनी मांग रखते हुए कहा कि यहां की आंगनबाड़ी खस्ताहाल है। चाहरदीवारी के साथ-साथ कमरे भी खंडहर हो चुके हैं। जो कि स्टाफ व बच्चों के लिए खतरा ही है। यहां का शौचालय भी इस्तेमाल करने लायक नहीं है। साथ ही सड़क निर्माण के कारण यह बिल्डिंग सड़क के मुकाबले काफी नीची पड़ गई है। बरसाती मौसम में यहां जलभराव हो जाता है। इसके साथ ही क्षेत्र में सफाई का व्यवस्था सही नहीं है। नवीन गोयल ने लोगों को आश्वस्त किया कि उनकी इन समस्याओं का जल्द ही निपटारा कर दिया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने एक पत्र प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल, केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह, हरियाणा की महिला एवं बाल विकास मंत्री कमलेश ढांडा को भेजने के साथ उपायुक्त, नगर निगम आयुक्त को भी भेजा है।

## संक्षिप्त समाचार

### सरकारी-निजी स्कूल मिलन समारोह का आयोजन

**गुरुग्राम।** हरियाणा शिक्षा विभाग के दिशा-निर्देश अनुसार सरकारी और प्राइवेट स्कूल के छात्र छात्राओं के बीच आपसी सौहार्द के दृष्टिकोण को बढ़ावा देने के लिए जरूरी है। शुक्रवार को मेहमान स्कूल राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल जाटौला और टोडापुर स्थित निजी स्कूल सरस्वती मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक के बीच एक मिलन समारोह का आयोजन किया। मेजबान स्कूल के छात्रों ने मेहमान स्कूल के छात्रों का पुष्प भेंट कर स्वागत किया। एक दूसरे से परिचय कर अपने विचारों का आदान-प्रदान करते हुए पढ़ने के तौर-तरीकों पर भी चर्चा की गई। मेजबान स्कूल के वरिष्ठ अध्यक्ष सुरेंद्र चौहान ने बताया कि हरियाणा शिक्षा विभाग की यह अच्छी पहल है। स्कूल के निदेशक मनीष भारद्वाज ने सभी बच्चों और अध्यापकों को अपने स्कूल की उपलब्धि की जानकारी दी। इस अवसर पर अध्यापक विक्रम सिंह, प्रिया चौहान, अमिता देवी, राजेश सिंह, मंजीत शर्मा आदि मौजूद रहे।

### मोबाइल लुटेरों ने युवक पर किया चाकू से हमला

**सोहना।** मोबाइल लूटकर भाग रहे बदमाशों ने युवक पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। पुलिस ने पीड़ित युवक की शिकायत पर नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। नगर के वार्ड-12 की आईटीआई कॉलोनी निवासी जहीर पुत्र सगीर ने पुलिस को बताया कि तीन दिन पहले उसके दोस्त श्रवण पुत्र ओमबीर निवासी फ्रेंड्स कॉलोनी से पांच बदमाशों ने मोबाइल लूट लिया था। मोबाइल फोन श्रवण से आईटीआई कॉलोनी निवासी सलमान, आमिर, राहुल, यूसूफ और सलमान ने मिलकर लूटा था। आमिर ने चाकू से उसके ऊपर जानलेवा हमला कर दिया। पांचों बदमाश मौके से लूटा गया मोबाइल लेकर भाग गए। सोहना सिटी थाना के कार्यवाहक प्रभारी एसआई मुकेश कुमार ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

### आर्चरी वर्ल्ड कप में निशाना लगाएगा गुरुग्राम का रिषभ

**गुरुग्राम।** आर्चरी वर्ल्ड कप के लिए गुरुग्राम के रिषभ यादव का चयन हुआ है। ट्रायल सोनीपत में भारतीय खेल प्राधिकरण के सेंटर में हुए हैं। आर्चरी कोच कपिल कौशिक ने शुक्रवार को बताया कि सोनीपत में 28 फरवरी से 3 मार्च तक आर्चरी वर्ल्ड कप के लिए ट्रायल हुए थे। ट्रायल में सीनियर इंडियन कंपाउंड आर्चरी की टीम-बी में हरियाणा के रिषभ यादव ने पहला स्थान प्राप्त करके वर्ल्ड कप के लिए जगह बना ली है। रिषभ यादव मूलरूप से गुरुग्राम के रहने वाले हैं। कोच कपिल कौशिक के मार्गदर्शन में गुरुग्राम के सेक्टर-45 में चलाई जा रही द्रोणाचार्य आर्चरी अकेडमी के खिलाड़ी हैं। ट्रायल में रिषभ यादव के अलावा सर्विसिज स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड (एसएससीबी) के अर्जुन कुमार तथा एमआर भारद्वाज को टीम बी में क्रमश: दूसरा और तीसरा स्थान मिला है। पंजाब के सुखबीर सिंह चौथे स्थान पर रहे। आर्चरी वर्ल्ड कप के लिए चुने जाने पर कोच कपिल कौशिक तथा आर्चरी एसोसिएशन गुरुग्राम के अध्यक्ष पवन शर्मा व सचिव टीपी शर्मा ने रिषभ यादव को बधाई दी। कपिल कौशिक ने कहा कि सभवत: आर्चरी वर्ल्ड कप का आयोजन चीन के शंघाई शहर में होगा। सभी ने रिषभ यादव से आशा जताई है कि वह मेडल जीतकर गुरुग्राम और हरियाणा प्रदेश का नाम रोशन करेगा।

### दो लोगों को एटीएम के जरिए लगाई डेढ़ लाख की चपत

**पलवल।** अलग-अलग थाना क्षेत्र के अंतर्गत दो लोगों के साथ धोखाधड़ी कर एटीएम के जरिए एक लाख 56 हजार रुपये की चपत लगा दी। पुलिस ने पीड़ितों की शिकायतों पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। न्यू कॉलोनी रसूलपुर रोड निवासी मोहन लाल ने कैंप थाना पुलिस को बताया कि चार मार्च सुबह उसने एक्सिस बैंक के एटीएम से दस हजार रुपये निकाले। उसी दौरान दो युवक जल्दबाजी में एटीएम कैबिन के अंदर आए और कहने लगे कि आपके कार्ड की प्रक्रिया अभी चल रही। युवकों ने पीड़ित से उसका कार्ड ले लिया और गुप्तकोड़ पूछकर दूसरा कार्ड दे दिया। इस बात का पता पीड़ित को लगभग 40-45 मिनट बाद पता लगा। पीड़ित कार्ड को लेकर बैंक पहुंचा और जांच कराई तो पता चला कि उसके खाते से 61 हजार रुपये निकल चुके हैं। इसी प्रकार दूसरे मामलें में पलवल के कल्याण एन्कलेव पार्ट-2 निवासी घनश्याम ने शहर थाना पुलिस को शिकायत दर्ज कराई है कि 23 फरवरी सुबह 11 बजे उसने अलावलपुर चौक स्थित एक्सिस बैंक के एटीएम से पांच हजार रुपये निकाले। उसी दौरान वहां पर चार-पांच युवक मौजूद थे। पीड़ित रुपये निकालने के बाद जैसे ही घर पहुंचा तो मोबाइल फोन पर आए हुए मैसेज से पता चला कि खाते से 95 हजार रुपये निकल चुके हैं।

### रहस्यमयी परिस्थिति में लापता हुई महिला

**पलवल।** चांदहट थाना क्षेत्र से 19 वर्षीय महिला रहस्यमयी परिस्थिति में लापता हो गई। पुलिस ने महिला के पीड़ित पति की शिकायत पर गुमशुदी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस जांच अधिकारी धर्मेंद्र के अनुसार एक पीड़ित व्यक्ति ने शिकायत दर्ज कराई है कि उसकी पत्नी गत 20 फरवरी को बगैर कुछ बताए घर से कहीं चली गई। जिसको काफी तलाश किया गया, लेकिन कहीं कोई सुराग नहीं लगा। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दंपति की मौत

**होडल।** गुरुवार देर रात नेशनल हाईवे गांव भूलवाना के निकट सड़क दुर्घटना में अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार एक दंपति की मौत हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों शव पोस्टमार्टम के लिए जिला पलवल के अस्पताल में भेज दिये। पुलिस ने मृतक के पिता की शिकायत पर मामला दर्ज कर अज्ञात वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार हरदेव गंज कोसीकला मथुरा निवासी सोनपाल ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि उसका लड़का 32 वर्षीय विष्णु बाइक से अपनी पत्नी शशि के साथ होडल से कोसी कलां के लिए लौट रहा था। उन्होंने अपनी बाइक गांव भुलवाना के निकट शौच करने के लिए रोकी, वैसे ही पीछे से स्पीड में आ रहे अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में भीषण टक्कर मार दी। वाहन की टक्कर से महिला की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि विष्णु ने अस्पताल में पहुंचने से पहले ही रास्ते में दम तोड़ दिया। वाहन चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया।

# पूर्व प्रधानमंत्री चन्द्रशेखर के कमरे से मूर्तियां व पदक चोरी का प्रयास

### चोर को मौके पर ही दबोचा

**गुरुग्राम।** यहां भोंडसी स्थित भारत यात्रा केन्द्र में भारत के भूतपूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चन्द्रशेखर के कमरे से मूर्तियां और पदक चोरी कर भाग रहा था। इसी दौरान किसी की उस पर निगाह पड़ी। इससे पहले की वह सब सामान लेकर फरार हो पाता, चोर को मौके पर दबोच कर पुलिस के हवाले कर दिया।

शुक्रवार को पुलिस ने भारत यात्रा केन्द्र में सुरक्षा व्यवस्था देखने वाले कर्मचारी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। कर्मचारी उमेश चतुर्वेदी ने पुलिस को बताया कि जिस कमरे में स्वर्गीय चन्द्रशेखर रहते थे। उसकी देखरेख वह और अशोक नामक व्यक्ति मिलकर करते हैं। सुबह 10 बजे अशोक ने पूर्व पीएम हाउस से एक अज्ञात बाहरी युवक को निकलते हुए देखा। अशोक ने उस युवक को देख शोर मचा दिया। आवाज सुनकर उमेश भी अशोक की तरफ दौड़कर गया। युवक को दबोच लिया। युवक ने पूछताछ में अपना नाम सोनू निवासी मयूर कुंज कॉलोनी भोंडसी बताया। भोंडसी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर जगबीर ने बताया कि चोरी के आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करके उसे गिरफ्तार कर लिया है।

# आरक्षण के विरोध में उठी आवाज

### कानून शीघ्र वापस ले हरियाणा सरकार

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**जन** सेवा एवं सांस्कृतिक चेतना मंच ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नाम ज्ञापन सौंपकर प्रदेश के निजी संस्थानों में स्थानीय नागरिकों के लिए लागू किए जा रहे 75 फीसदी आरक्षण कानून को वापस लेने की मांग की है।

मंच के अध्यक्ष रणधीर राय, महासचिव शंभू प्रसाद, कोषाध्यक्ष राजेश, सचिव दिलीप गुप्ता, सह सचिव सच्चिदानंद, रविकांत श्रीवास्तव, शेखर कुमार, ओमप्रकाश आदि पदाधिकारियों ने जिला उपायुक्त गुरुग्राम के प्रतिनिधि तहसीलदार को

निजी क्षेत्र में नौकरियों में आरक्षण के विरोध में गुरुग्राम में तहसीलदार को सीएम के नाम ज्ञापन सौंपते जन सेवा एवं सांस्कृतिक चेतना मंच के सदस्य।

ज्ञापन दिया। अध्यक्ष रणधीर राय ने बताया कि इस मांग पत्र के माध्यम से मुख्यमंत्री मनोहर लाल को अवगत कराया है कि हरियाणा में स्थानीय युवाओं को निजी संस्थानों में 75 फीसदी आरक्षण का कानून बनाए जाने से प्रदेश में रह रहे प्रवासी नागरिकों की रोजी-रोटी पर संकट खड़ा होगा। हरियाणा के विकास में प्रवासी नागरिकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। पूर्वांचल सहित अन्य प्रवासी नागरिकों के सहयोग से ही हरियाणा की मल्टीनेशनल और छोटी-बड़ी कंपनियां संचालित हो रही हैं और इसका लाभ प्रदेश को प्राप्त हो रहा है। इसके बावजूद उनके हितों की अनदेखी करते हुए आरक्षण कानून बनाया जा रहा है।

### मारपीट व धमकी देने के आरोप में नामजद आरोपियों पर केस दर्ज

**पलवल।** चांदहट थाना क्षेत्र के अंतर्गत घर के बाहर बैठक पर बैठे व्यक्ति पर दो लोगों ने लाठी-डंडा से हमला कर दिया और जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ित के पुत्र की शिकायत पर नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस जांच अधिकारी अख्तर खान के अनुसार गांव बड़ौली निवासी मनोज ने शिकायत दर्ज कराई है कि 14 फरवरी को उसका पिता समय सिंह बैठक पर बैठा हुआ था। उसी दौरान गांव निवासी दीपक व कल्याण आए और आते ही लाठी-डंडा से हमला कर दिया। झगड़े का शोर सुनकर पीड़ित मौके पर आया तो दोनों धमकी देते हुए फरार हो गए।

# रद्दी कागज की कीमतें दोगुनी होने से कागज उद्योग के समक्ष संकट: आईएआरपीएमए

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**देश** में कुल पेपर एवं पेपरबोर्ड प्रोडक्शन में 65 से 70 प्रतिशत तक की हिस्सेदारी रखने वाली रीसाइकिल्ड फाइबर यानी रद्दी कागज पर आधारित पेपर मिल्स अप्रत्याशित संकट का सामना कर रही हैं। इनके प्रमुख कच्चे माल यानी रद्दी कागज की कीमतें पिछले छह महीने में दोगुनी हो गई हैं। (इंडियन एग्रो एंड रिसाइकिल्ड पेपर मिल्स एसोसिएशन) आईएआरपीएमए ने यह बात कही है।

वाणिज्य मंत्रालय को लिखे पत्र में आईएआरपीएमए ने कहा कि देश में सालाना 2.5 करोड़ टन कागज का उत्पादन होता है और इसमें से करीब 1.7 करोड़ टन कागज का उत्पादन रद्दी कागज आधारित पेपर मिल्स करती हैं। रद्दी कागज की कीमतों में बढ़ोतरी के कारण कागज उत्पादन में किसी भी तरह की कमी से राइटिंग, प्रिंटिंग, न्यूजप्रिंट और पैकेजिंग इंडस्ट्री पर दुष्प्रभाव पड़ेगा। आईएआरपीएमए ने आरोप लगाया कि कुछ निहित स्वार्थों के कारण कृत्रिम तरीके से रद्दी कागज की कमी का माहौल बनाया जा रहा है। कोरोना से पहले 10 से 13 रुपये प्रति किलो वाले रद्दी कागज की कीमतें 22 से 24 रुपये प्रति किलो पर पहुंच गई हैं, जिससे उद्योग पर दुष्प्रभाव पड़ रहा है। क्राफ्ट वेस्ट पेपर की कीमतें भी 22 रुपये प्रति किलो पर पहुंच गई हैं, जो कोरोना से पहले की अवधि में 10 रुपये प्रति किलो के स्तर पर थीं।

आईएआरपीएमए ने रद्दी कागज की कीमतों में अप्रत्याशित वृद्धि के लिए रद्दी कागज की आपूर्ति करने वालों की जमाखोरी और कार्टेलाइजेशन को जिम्मेदार ठहराया है। आईएआरपीएमए के प्रेसिडेंट श्री प्रमोद अग्रवाल ने कहा, 'कुछ रद्दी कागज आपूर्तिकर्ता इसकी उपलब्धता और कीमत पर नियंत्रण कर रहे हैं और इस कारण से पेपर मिल्स के समक्ष अपना उत्पादन घटाने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है, क्योंकि कच्चे माल की उपलब्धता कम हो गई है।' पेपर मिल्स कच्चे माल की कीमतों में प्रति किलो 10 रुपये तक की वृद्धि को वहन करने की स्थिति में नहीं हैं और इसलिए फिनिश्ड न्यूजप्रिंट और अन्य ग्रेड के कागजों की कीमतें भी इसी अनुपात में बढ़ने का खतरा है। साथ ही पेपर मिल्स अपना कारोबार बंद करने की स्थिति में भी नहीं हैं, क्योंकि उन्हें ब्याज एवं वेतन समेत कई खर्च पूरे करने हैं।

श्री अग्रवाल ने कहा, 'घरों से रद्दी कागज आज भी 10 से 12 रुपये किलो पर ही लिया जा रहा है, लेकिन रद्दी कागज की आपूर्ति करने वालों ने अवैध तरीके से जमाखोरी करते हुए पेपर मिल्स के लिए इनकी कीमतें बढ़ा दी हैं।'आईएआरपीएमए ने सरकार से हस्तक्षेप करने और गोदामों व रद्दी कागज के स्टॉक केंद्रों पर छापे मारकर अवैध जमाखोरी पर नियंत्रण की अपील की है। आईएआरपीएमए ने सरकार को अवैध तरीके से रद्दी कागज की जमाखोरी करने वालों के नाम बताने का प्रस्ताव भी दिया है। अग्रवाल ने कहा, 'कुछ आपूर्तिकर्ताओं द्वारा देश में रद्दी कागज की कृत्रिम कमी का माहौल बनाने के दुष्प्रयास को खत्म किया जाना चाहिए, जिससे पेपर मैन्यूफैक्चरर्स और कागज उपभोक्ताओं पर अनावश्यक दबाव न पड़े।'

# बिजली निगम ने ब्लैक लिस्ट किया, जल्द लगेगा दूसरा टैंडर

**सोहना।** गर्मी के मौसम में शहरवासियों को बिजली के लगने वाले कट पसीना छुड़ा देंगे। बिजली निगम की नौ करोड़ की योजना ठेकेदार द्वारा बीच में छोड़ जाने से अधर में लट गई। बिजली निगम अधिकारी जल्द ही दूसरी एजेंसी से योजना पूरा कराने का दावा कर रहे हैं।

बिजली निगम ने करीब दो साल पहले शहर के उपभोक्ताओं को 24 घंटे बिजली सप्लाई देने के साथ-साथ चोरी पर रोक लगाने के उद्देश्य से नौ करोड़ रुपये का टैंडर डायमंड एजेंसी को सौंपा था। जिससे शहर के अंदर सभी बिजली लाइनों से नंगे तारों को उतारने और उसके स्थान पर केवल डालने की जिम्मेदारी सौंपी थी। ताकि आए दिन बिजली के तार टूटकर जमीन पर न गिरें । साथ-साथ शहर में बिजली चोरी को पूर्णरूप से रोकने का उद्देश्य था। शहरवासियों को बिना कट 24 घंटे बिजली सप्लाई उपलब्ध कराना था, लेकिन टैंडर लेने वाली डायमंड एजेंसी योजना को अधर में ही छोड़कर चली गई है।

### गर्मी के मौसम में छूटेगा पसीना

यदि बिजली निगम ने जून माह से पहले-पहले बिजली की लाइनों पर लटके नंगे तारों के स्थान पर केवल बिछाने की योजना को अन्य एजेंसी से पूरा नहीं कराया, तो आने वाले गर्मी के मौसम में शहरवासियों को बिजली के लगने वाले कटों के दौरान पसीना बाहना पड़ सकता है। क्योंकि शहर में 27 और 28 फरवरी को बिजली चोरी पर मारे गए छापों ने ऐसे उपभोक्ताओं की पोल खोल दी है। जो बिजली चोरी करके निगम को भारी झटका दे रहे हैं।

**क्या कहते हैं अधिकारी:** बिजली निगम के एसडीओ रविन्द्र बेनवाल ने बताया कि निगम ने शहर की बिजली लाइनों से तार उतरवाकर उनके स्थान पर केबल बिछाने की योजना पूरा कराने के उद्देश्य से दोबारा से टेंडर लगाने की प्रक्रिया की कवायद शुरू कर दी हैं। जुलाई माह से पहले-पहले नौ करोड़ की योजना को पूरा कराने का उद्देश्य रहेगा।

# नया कंपनी नाम, नया ब्रांड : थिसेनकृप एलीवेटर अब नये ग्लोबल ब्रांड टीकेई के साथ टीके एलीवेटर हो गया है

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**एलीवेटर्स** और एस्केलेटर्स के बाजार की वैश्विक अग्रणी कंपनी टीके एलीवेटर ने अपने नये वैश्विक ब्राण्ड टीकेई के लॉन्च की घोषणा की है। यह नया ब्राण्ड नेम पिछले साल के मध्य में हुए स्वामित्व के बदलाव का परिणाम है।

टीके एलीवेटर के सीईओ पीटर वॉकर ने कहा, नया टीकेई ब्राण्ड स्वतंत्र कंपनी को आगे विस्तार करने की अनुमति देता है। यह बाजार में हमारी स्थिति और अगली पीढ़ी की मोबिलिटी सेवाओं में टेक्नोलॉजी लीडरशिप को मजबूत करने का बेहतरीन अवसर है। सभी प्रकारों के नये एलीवेटर और एस्केलेटर सिस्टम्स में हमारे क्लाउड-बेस्ड डिजिटल प्लेटफॉर्म मैक्स के हालिया संयोजन से हमने अपने उत्पादों और सेवाओं के डिजिटलाइजेशन की ओर एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है। इससे शहरी मोबिलिटी समाधानों में गुणवत्ता का नया मानक स्थापित हुआ है। दूसरी ओर, ब्राण्ड टीकेई हमें दशकों की परंपरा, इंजिनियरिंग की जानकारी और सफलता को

समेकित करने की अनुमति देता है। सभी डिजिटल और फिजिकल चैनल्स पर आसानी से काम करने के लिये डिजाइन की गई ब्रांड की नई पहचान ऊर्जा और आशावादिता के सूर्योदय वाले वातावरण का अहसास देती है। सुखद, चमकीले रंगों का पैलेट, मुद्रण और लोगो, यह सभी गति, सकारात्मकता और वेग का संकेत देते हैं। यह सशक्तिकरण के उत्साह, स्वायत्तता और टेक्नोलॉजी की अग्रणी उत्कृष्टता का प्रतिनिधित्व करने के लिये एक आदर्श वातावरण बनाता है। नया टीकेई ब्रांड स्मार्ट और सुगम मोबिलिटी समाधानों के माध्यम से लोगों का जीवन बदलने की कंपनी की प्रतिबद्धता दर्शाता है। टीके एलीवेटर का परिचालन दुनियाभर में होता है और इसके 50,000 से ज्यादा कर्मचारी हैं। इस प्रकार यह थिसेकृप एलीवेटर की सफल विरासत पर टिका है, जिसमें वित्तीय वर्ष 2019-2020 में लगभग 8 बिलियन यूरो की बिक्री हुई थी। सर्विस बिजनेस ही टीके एलीवेटर की सबसे महत्वपूर्ण बिजनेस लाइन बनी रहेगी, जो अभी विश्व में लगभग 1.4 मिलियन एलीवेटर और एस्केलेटर यूनिट्स को 24000 सर्विस टेक्निशियंस की सहायता से मेंटेन करती है। टीकेई की उत्पाद-सूची में उत्पादों की एक व्यापक श्रृंखला है। एलीवेटर्स के अलावा कंपनी की उत्पाद-सूची में एस्केलेटर्स, मूविंग वॉक्स, पैसेंजर बोर्डिंग ब्रिजेस, स्टेयर, प्लेटफॉर्म लिफ्ट और सभी उत्पादों के लिये तैयार सेवा समाधान भी हैं, और इस प्रकार यह शहरी मोबिलिटी को व्यापक आधार पर कवर करती है।पीटर वॉकर ने कहा, पिछले एक साल में टीके एलीवेटर ने अपनी सेवा पेशकशों को सफलतापूर्वक विविधता वाला बनाया और बढ़ाया है, साथ ही अपनी वैश्विक पहुंच को व्यापक किया है। हमारी नई ब्राण्ड पहचान उपलब्धि अर्जित करने की हमारी मजबूत विरासत को और भी बेहतर तरीके से दर्शाती है।

# परिजनों की लापरवाही और इंटरनेट का बच्चों पर पड़ रहा दुष्प्रभाव

**कविता।** फरीदाबाद

**इंटरनेट** पर परोसी जा रही अश्लीलता का बच्चों पर दुष्प्रभाव पड़ रहा है। ताजा मामले में पड़ोसी के घर टीबी देखने पहुंची एक बालिका के साथ एक किशोर ने खेल खिलाने की बात कहकर दुष्कर्म कर दिया। बच्ची के रोने और शोर मचाने पर एकत्रित हुए लोगों ने हंगामा करते हुए पुलिस को सूचना दी।

पुलिस ने मौके पर पहुंच कर मामला शांत कराते हुए बच्ची का मेडिकल कराया और 6 पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। किशोर की इस हरकत से बच्ची के साथ उसका जीवन भी तबाह होने के कगार पर पहुंच गया।

### ये है पूरा मामला

**थाना** सारन इलाके की निवासी साढ़े चार साल की बच्ची पड़ोसी किरायेदार के कमरे में टीबी देखने चली गई। जहां किरायेदार का करीब 14-15 साल का लड़का उसे एक नया खेल खिलाने की बात कहते हुए उसके साथ दुष्कर्म करने लगा। जिस पर बच्ची चिल्लाने लगी। मौके पर अन्य किरायेदार समेत बच्ची के परिजन पहुंच गए। आरोपी को बच्ची के साथ दुष्कर्म करते रंगे हाथों पकड़

लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने बच्ची का मेडिकल कराया और दुष्कर्म की पुष्टि होने पर 6 पोस्को एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### सीडब्ल्युसी की अपील

**सीडब्ल्युसी** के चेयरपर्सन श्रीपाल करहाना ने कहा कि आज कल ऐसे में मामले लगातार सामने आ रहे हैं। लोगों को बच्चों को जागरूक करना होगा, ताकि इस तरह के मामलों में कमी आ सके और बच्चों का जीवन खराब न हो।

### बच्चों को करें जागरूक

**सीडब्ल्युसी** की काउंसलर अपर्णा ने कहा कि आजकल सगे संबंधी, दोस्त और रिश्तेदार ही ऐसे मामलों में लिप्त पाए जा रहे हैं। इसलिए परिजनों को चाहिए कि वह बच्चों को जागरूक करें। काउंसलिंग करते रहें। उन्होंने कहा कि बच्चों को गुड व वैड टच के बारे में भी जरूर बताएं।

### प्राइवेसी रखना जरूरी

**काउंसलर** अपर्णा ने कहा कि इस मामले में आरोपी लड़के पर उसके माता-पिता को देखकर असर पड़ा होगा। ऐसे में अभिभावकों को चाहिए कि प्राइवेसी का ध्यान रखें और बच्चों के सामने कोई ऐसी हरकत न करें। जिसका असर उन पर पड़े। क्योंकि बच्ची ने बताया कि प्यार का खेल खेलने की बात बच्चे ने कही थी। ऐसे में लोगों को स्वयं भी ध्यान रखना होगा कि बच्चे इन सब चीजों से दूर रह सकें।

## महिला आत्मरक्षा जागरुकता शिविर

**फरीदाबाद।** जिला किकबॉक्सिंग संघ द्वारा फाइटिंग फिट प्लेनेट प्रशिक्षण केंद्र, अचीवर्स शॉपिंग माल, सेक्टर-49, फरीदाबाद में भारत विकास परिषद् माधव शाखा एवं क्रीड़ा भारती फरीदाबाद के सहयोग से 8 मार्च को विश्व महिला दिवस के अवसर पर महिला आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। किक बॉक्सिंग संघ के संस्थापक महासचिव संतोष कुमार अग्रवाल के नेतृत्व में फरीदाबाद से महिला किक बॉक्सिंग प्रशिक्षिका अंजू शर्मा एवं अजय कुमार सैनी, सचिन कुमार प्रशिक्षण देंगे।

# सीवर के टूटे मेनहॉल से ट्रैक्टर पलटा, दब कर महिला की मौत

### नगर निगम की लापरवाही लोगों पर पड़ रही है भारी

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**एनआईटी** इलाके नंगला रोड पर भडाना चौक के पास सीवर के टूटे हुए मेनहॉल के ढक्कन की वजह से उसमें ट्रैक्टर का पहिया धस गया। ट्रैक्टर पलटने से उसके नीचे दब कर एक महिला की मौत हो गई और एक बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। बच्चे की हालत भी चिंताजनक बनी हुई है।

एनआईटी विधानसभा क्षेत्र में नगर निगम की लापरवाही से दर्जनों की संख्या में सीवर के मेनहॉल के ढक्कन टूटे हुए हैं। जिसके कारण आए दिन हादसे होते हैं। यह हादसा भी नगर निगम के कर्मचारी की लापरवाही का नतीजा है। पुलिस ने

फिलहाल ट्रैक्टर को कब्जे में लेकर शव पोस्टमॉर्टम के लिए बीके अस्पताल भेज दिया है।

जानकारी के मुताबिक नंगला एन्कलेव निवासी 60 वर्षीय माला देवी चार वर्षीय एक बच्चे के साथ शुक्रवार दोपहर को भडाना चौक के पास स्थित गली नंबर सात से गुजर रही थी। उसी दौरान गली में यमुना रेत से भरी एक ट्रैक्टर ट्रॉली पहुंच गई। गली में बना एक सीवर के मेनहॉल ढक्कन पिछले काफी दिनों से टूटा हुआ था। ट्रॉली का पहिया जैसे ही ढक्कन पर चढ़ा।

ढक्कन पूरी तरह टूट जाने से ट्रॉली का पहिया धस गया। जिससे ट्रॉली एक तरफ पलट गई। ट्रॉली ने बगल से गुजर रही माला देवी और बच्चे को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे दोनों ट्रॉली के नीचे दब गए। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई कड़ी मशक्कत के बाद महिला और बच्चे को किसी तरह ट्रॉली के नीचे से बाहर निकाला गया।

दोनों को तुरंत इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान कुछ देर बाद ही महिला ने दम तोड़ दिया। जबकि बच्चे का उपचार किया जा रहा है। महिला का शव पोस्टमॉर्टम के लिए बीके अस्पताल की मोरचरी में रखवा दिया गया है। मौके पर पहुंचे सब इंस्पेक्टर अनिल कुमार ने बताया कि ट्रैक्टर ट्राली पलटने से हुए हादसे में एक बुजुर्ग महिला और बच्चा दब गए थे। इनमें से बच्चा तो ठीक है। लेकिन बुजुर्ग महिला को गंभीर अवस्था में अस्पताल भेजा गया है। उपचार के दौरान घायल महिला की मौत हो चुकी है। मामले की जांच की जा रही है।

# कोरोना से एक मौत, 12 पॉजिटिव से आंकड़ा 46557

**फरीदाबाद।** जिले में जहां एक तरफ कोरोना का टीका लगवाने वालों की भीड़ वैक्सीनेशन सेंटरों पर लग रही है। वहीं दूसरी तरफ जिले में कोरोना की रफ्तार तेज हो रही है। शुक्रवार को जिले में कोरोना पॉजिटिव एक मरीज की मौत हो गई। जिससे जिले में मृतकों की संख्या का आंकड़ा 418 पर पहुंच गया। वहीं 12 पॉजिटिव पाए गए। जिससे जिले में कोविड-19 का आंकड़ा 46557 पर पहुंच गया। वहीं जिले में 7 रोगियों ने कोरोना की जंग जीत ली। जिससे जिले का रिकवरी रेट 98.9 प्रतिशत पर पहुंच गया। 12 पॉजिटिव में सेक्टर-49, सेक्टर-सात डी, सेक्टर-आठ, एनएच-5 व 3, सेक्टर-15, सेक्टर-31, सेक्टर-97 से 1-1 मरीज शामिल है। वहीं ग्रीन फिल्ड कालोनी से 4 मरीज शामिल है।

### 3598 ने लगवाया टीका

**शुक्रवार** को जिले में 3598 को टीका लगाया गया। जिसमें निजी अस्पतालों में पहली डोज 2008 और सरकारी में 1266 को लगाया गया। सैकेंड डोज

निजी अस्पालों में 30 को और सरकारी में 234 को लगाई गई। बुजुर्गों में टीका करण का उत्साह देखने को मिल रहा है। जहां बुजुर्गों की भीड़ देखी जा रही है। वहीं शुक्रवार को बीके सिविल अस्पताल में कोरोना का टीका नर्सिंग स्कूल की छात्राओं को भी लगाया गया।

### ये हैं आंकड़े

| | |
|---|---|
| अब तक कुल जांच | : 545797 |
| अब तक पॉजिटिव | : 46557 |
| अब तक नेगेटिव | : 498008 |
| रिपोर्ट आनी शेष | : 1232 |
| ऑक्सीजन पर है | : 4 |
| अब तक मौत | : 418 |
| अब तक ठीक | : 46054 |

## संक्षिप्त समाचार

### शहीद स्मारक पर कन्या एनसीसी कैडेट्स ने किया श्रमदान

**फरीदाबाद।** गांव अलावलपुर के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की एनसीसी कैडेट्स ने यूनिट की एनसीसी एसोसिएट आफिसर लेफ्टिनेन्ट मोनिका देशवाल के नेतृत्व में गांव ललपुरा में शहीद इंद्रपाल के स्मारक स्थल पर जाकर स्वच्छता कार्य कर श्रमदान दिया और गांव के निवासियों से स्वच्छ गांव बनाने की अपील की। मोनिका देशवाल ने बताया कि हम अपने घरों में चैन की नींद सोते हैं और सेना के जवान देश की सुरक्षा में प्रहरी बनकर सीमा पर डटे रहते हैं और देश की खातिर अपनी जान की परवाह किए बिना अपने प्राण न्योछावर कर देते हैं। इसलिए हम सभी को शहीदों का सम्मान करना चाहिए और उनके स्मारक स्थल को साफ सुथरा रखना चाहिए। एनसीसी यूनिट के कमांडिंग आफिसर कर्नल सुनील कुमार झा ने बताया कि आंचल, अंजलि, बीना, भारती, चंचल, नेहा, गुड्डो, कविता, नेहा, निशा, नीलम, निशा, पूजा, प्रियंका, प्रियांशी, सोनम, रंजन, रजनी, रीना, सोनम, सोनिया, शोभा, सोनम, ऊषा, वर्षा, वंदना और यूनिट की वरिष्ठ कैडेट चंचल आदि सभी सामाजिक कार्य में बढ़-चढ़कर भाग लेती हैं और समाज को जागरूक करने का कार्य करती रहती हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य महेंदर सिंह रावत ने कन्या कैडेट्स के द्वारा किए कार्य की सराहना की भविष्य में भी अच्छा कार्य करने का आशीर्वाद प्रदान किया।

### भूमि अर्जन शाखा से सेवानिवृत कानूनगों को दी विदाई

**फरीदाबाद।** एचएसवीपी कार्यालय के भूमि अर्जन शाखा में कानूनगो तीर्थ सेवानिवृत्त हो गए। उन्हें एक विदाई समारोह कार्यक्रम आयोजित कर भावभीनी विदाई दी। एचएसवीपी प्रशासक प्रदीप कुमार दहिया ने कहा कि तीर्थ ने कानूनगो के पद पर रहते हुए अपने दायित्वों का बखूबी निर्वहन किया। कर्तव्यनिष्ठा और निष्पक्ष भाव से कार्य करते हुए तीर्थ ने हमेशा महत्वपूर्ण मामलों में विशेष भूमिका निभाई है। उनकी सेवानिवृत्ति के अवसर पर तीन विभाग हुडा, डीटीपी व भूमि अर्जन शाखा विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों ने एक विदाई पार्टी का आयोजन कर उन्हें भावभीनी विदाई दी। एचएसवीपी प्रशासक प्रदीप कुमार दहिया ने कानूनगो तीर्थ के कार्यों की सराहना करते हुए कहा उनकी बेहतर कार्यशैली के चलते वह इस विभाग को भीष्म के नाम से जानते रहे हैं। उन्हें स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया। संपदा अधिकारी प्रभजीत सिंह चहल ने कानूनगो को मेहनती बताते हुए उनके कार्य की सराहना की। डीटीपी रेणुका सिंह,कार्यकारी अभियंता राजीव शर्मा, अजीत सिंह, लेखा अधिकारी वीणा व कानूनगो भीष्म सिंह के अलावा मुकेश पटवारी, विपिन पटवारी, मनीष पटवारी समेत काफी संख्या में तीनों विभागों से अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे।

### वर्ल्ड हियरिंग डे को लेकर डीसी ने ली अधिकारियों की बैठक

**फरीदाबाद।** केंद्र एवं राज्य सरकारों के संयुक्त तत्वावधान में तीन मार्च से आगामी 14 दिनों तक मनाए जाने वाले वर्ल्ड हियरिंग डे के संबंध में उपायुक्त यशपाल ने संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि वर्ल्ड हियरिंग डे को संयुक्त रूप से बनाए जाने की सभी प्रयासों पर अधिकारी गंभीरता दिखाएं और इस संबंध में अधिक से अधिक जागरूकता के साथ लोगों को जोड़ें। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति के कान में होने वाली समस्या से उसके आजीवन दैनिक दिनचर्या पर खासा प्रभाव पड़ता है। जिसके चलते उसकी दैनिक दिनचर्या बाधित होती है। इस बात को ध्यान में रखते हुए संबंधित विभागों के अधिकारी अपने अधीनस्थ लोगों को इस संबंध में जागरुकता फैलाने के लिए स्कूल, एनजीओ, स्वास्थ्य विभाग, नगर परिषद, पंचायत जैसे इकाइयों के साथ मिलकर संयुक्त रूप से अभियान चलाएं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की समस्या का समाधान संबंधित विभाग के विशेषज्ञों द्वारा समय रहते किए जाने पर इस समस्या के जीवन में पड़ने वाले प्रभाव को कम किया जा सकता है। जिला सिविल सर्जन ने बताया कि इस संबंध में विशेष तौर पर कार्य योजना बनाकर संबंधित टीमों के साथ जागरुकता फैलाने के लिए ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में कैंप लगाए जा रहे हैं। स्वास्थ्य, नगर परिषद, समाज कल्याण सहित संबंधित विभागों के अधिकारी विशेष तौर पर उपस्थित थे।

### कांग्रेस में कार्यकर्ताओं को मिलता है पूरा सम्मानः सिंगला

**फरीदाबाद।** वरिष्ठ कांग्रेसी नेता लखन कुमार सिंगला ने कहा है कि केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के चलते आज हर वर्ग त्राहि-त्राहि करने को मजबूर हो रहा है, सुरसा के मुंह की तरह बढ़ती महंगाई ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है और रसोई गैस व पेट्रोल-डीजल के दिन-प्रतिदिन बढ़ते दामों ने मध्यमवर्गीय परिवारों के समक्ष जीवन यापन करना एक चुनौती बना दिया है। उन्होंने कहा कि लोगों का अब भाजपा सरकार से पूरी तरह से मोहभंग हो गया है और अब वह फिर से कांग्रेस की ओर उम्मीद भरी नजरों से देख रहे हैं। सिंगला बसपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष मनोज पंडित व उनके साथियों को कांग्रेस पार्टी में शामिल कराने के बाद उपस्थितजनों को संबोधित कर रहे थे। सिंगला ने कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए मनोज पंडित व उनके साथियों को कांग्रेस का पटका पहनाकर स्वागत करते हुए विश्वास दिलाया कि कांग्रेस में उन्हें पूरा मान सम्मान दिया जाएगा। लखन सिंगला ने कहा कि भाजपा की नीति और नीयत को आम जनता भली भांति जान चुकी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं आह्वान किया कि कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता भाजपा सरकार का असली चेहरा जन-जन में उजागर करेगा ताकि आने वाले समय में इस जनविरोधी सरकार को सत्ताविहिन किया जा सके। पूर्व पार्षद अनिल शर्मा, पूर्व पार्षद रोहित सिंगला, संत लाल, संदीप वर्मा, शशाकं गुप्ता, राजेश आर्य, कर्मवीर खटाना, संजय शर्मा, अनीशपाल आदि कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

### नकली शराब मामले में दो और आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच एनआईटी प्रभारी उप निरीक्षक नरेंद्र सिंह की टीम ने नकली शराब बनाने वाले दो अन्य आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार आरोपियों में तिलक और विनोद का नाम शामिल है। पुलिस आरोपी तिलक के पिता आरोपी ज्ञानचंद को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। गौरतलब है कि एक मार्च को पुलिस ने डबुआ पाली रोड पर स्थित नकली शराब बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया था, जिसमें आरोपी फरार चल रहे थे। आरोपी तिलक और उसके पिता आरोपी ज्ञानचंद फैक्ट्री चलाते थे और आरोपी विनोद बनाई गई नकली शराब की मार्केटिंग और सप्लाई का कार्य करता था। इस मामले में आरोपियों को नकली लेबल और शराब तैयार करने का कच्चा माल सप्लाई करने वाले आरोपियों की पुलिस तलाश कर रही है जिन्हें जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा। आरोपी तिलक फरीदाबाद के सराय ख्वाजा व आरोपी विनोद उर्फ बेनाम फतेहपुर चंदेला का रहने वाला है। दोनों आरोपियों को अदालत में पेश करके आरोपी विनोद को जेल भेज दिया गया है वही अन्य आरोपियों की धरपकड़ और मामले में गहनता से पूछताछ करने के लिए आरोपी तिलक को पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

# सड़क बनवाने को बाबा ने शुरू कर दिया धरना

**फरीदाबाद।** बहुचर्चित प्याली-हार्डवेयर सड़क निर्माण को लेकर दो साल के लम्बे इंतजार के बाद एक बार फिर समाजसेवी एवं अनशनकारी बाबा रामकेवल प्याली चौक के समीप धरने पर बैठ गए। शुक्रवार को कई सामाजिक संगठनों ने बाबा रामकेवल को अपना समर्थन दिया।

बाबा राम केवल ने धरना प्रारंभ करते हुए उपस्थित जनों को सम्बोधित करते हुए कहा कि वह यह धरना किसी जनप्रतिनिधि या सरकार के खिलाफ नहीं दे रहे हैं। उनका कहना है कि प्रशासन अब तो इन मौतों को रोके तथा प्याली-हार्डवेयर सड़क का निर्माण जल्द से जल्द शुरू करवा दें। उन्होंने कहा कि मूलभूत सुविधाएं सड़क, बिजली, पानी, स्ट्रीट लाईट उपलब्ध कराना सरकार का काम है। वह इसी कड़ी में वह वर्षों से क्षतिग्रस्त सड़क प्याली-हार्डवेयर को बनाने की मांग कर रहे है। जिसको लेकर उन्होंने क्षेत्रीय सांसद एवं केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर, प्रदेश के परिवहन मंत्री पं. मूलचंद शर्मा, विधायक सीमा त्रिखा, नरेन्द्र गुप्ता, राजेश नागर, नीरज शर्मा, नयनपाल रावत, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता राजीव जेटली, जजपा प्रदेश प्रवक्ता उमेश भाटी, जिला उपायुक्त एवं नगर निगम के आयुक्त डॉ. यशपाल यादव को ज्ञापन पत्र लिखकर सड़क बनवाने की मांग कर रहे हैं। यह सड़क को बनाने से एनआईटी, बडख़ल, बल्लभगढ़ के हजारों लोगों का आवागमन आसान हो जाएगा। मानव अधिकार संरक्षण संघ के गुलबीर, सलीम खान, हेमराज शर्मा, नरेश शर्मा,जगदीश वैद्य, जयप्रकाश, जन अधिकार जागृति मंच के विवेक चौधरी, रितेश अरोड़ा आदि मौजूद थे।

# निजी अस्पतालों में गरीबों का रियायती दरों पर इलाज : नरेंद्र गुप्ता

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**हरियाणा** प्रदेश में हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की जमीन पर बने प्राइवेट अस्पतालों में गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले लोगों का इलाज रियायती दरों पर किया जाता है तथा 20 प्रतिशत आउटडोर मरीजों का इलाज मुफ्त किया जाता है और उनके लिये 10 प्रतिश बैड भी आरक्षित किये गये हैं। सुपर स्पेशलिटि अस्पताल में भी रियायती दरों जोकि 30 प्रतिशत है, पर गरीब लोगों का इलाज होगा। यह बात भारतीय रेडक्रास सोसाइटी हरियाणा राज्य शाखा, चंडीगढ़ की अस्पताल कल्याण विभाग की उप-समिति की गत दिवस हुई उनकी अध्यक्षता में ऑनलाइन बैठक में अस्पताल कल्याण विभाग के अयक्ष एवं फरीदाबाद के विधायक नरेंद्र गुप्ता ने कही।

बैठक में प्रदेशर के सभी जिला रेडक्रॉस सचिवों एवं सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में अस्पताल कल्याण विभाग की गतिविधियों पर पूर्ण रूप से चर्चा हुई। अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता ने निर्देश दिये कि दिल के मरीजों, कैंसर व किडनी के ज्यादा से ज्यादा मरीजों का

इलाज मुख्यमंत्री राहत कोष से कराने में मदद करें। अधिक से अधिक स्वास्थ्य एवं जागरूक शिविरों का आयोजन किया जाये। उन्होंने बताया कि हरियाणा प्रदेश में हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की जमीन पर बने प्राइवेट अस्पतालों में गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले लोगों का इलाज रियायती दरों पर किया जाता है और 20 प्रतिशत आउटडोर मरीजों का इलाज मुफ्त किया जाता है और उनके लिये 10 प्रतिश बैड भी आरक्षित किये गये हैं। वहीं सुपर स्पेशलिटि अस्पताल में भी रियायती दरों जोकि 30 प्रतिशत है, पर गरीब लोगों का इलाज होगा। गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले मरीजों का इन अस्पतालों में इलाज कराने में सभी जिला रेडक्रास सचिव मदद करें।

उन्होंने कहा कि जिन रेडक्रास समितियों द्वारा अस्पताल कल्याण विभाग की गतिविधियों को नहीं चलाया जा रहा है उनके उपायुक्त एवं प्रधान को अस्पताल कल्याण विभाग की गतिविधियों को बढ़ाने बारे निर्देश देंगे कि सभी जिला रेडक्रॉस समितियां अपने-अपने जिलों में अस्पताल कल्याण से संबंधित सभी गतिविधियों को सूचारू रूप से तथा मन से परिपूर्ण करें ताकि आम जन सरकार द्वारा चलाई जा रही गतिविधियों का गरीब मरीज पूर्ण लाभ प्राप्त कर सकें। उन्होंने यह भी कहा कि वह स्वयं भी सभी जिलों में व्यक्तिगत रूप से दौरा करेंगे और जिला रेडक्रास के सदस्यों के साथ मिलकर गतिविधियो को सुचारू रूप से बढ़ाने का प्रयास करेंगे। इस बारे जिला उपायुक्तों से मिलकर भी रेडक्रॉस द्वारा चलाई जा रही गतिविधियों का प्रचार-प्रसार का आमजन तक पहुचाएंगे। इस ऑनलाइन बैठक में भारतीय रेडक्रास सोसाइटी, हरियाणा राज्य शाखा चंडीगढ़ की उपाध्यक्ष सुषमा गुप्ता, महासचिव डीआर शर्मा, संयुक्त सचिव अनिल कुमार जोशी तथा फरीदाबाद जिला रेडक्रास सचिव विकास कुमार समेत प्रदेशभर के जिला रेडक्रॉस सचिव उपस्थित रहे।

## कार्ड का क्लोन बना कर खाता साफ करने वाला गिरोह गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी मुख्यालय डॉ. अर्पित जैन ने बताया कि साइबर थाना की पुलिस टीम ने साइबर अपराधी मुबारिक, आरिफ और मजहर को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि आरोपी बड़ी-बड़ी दुकानों पर कर्मचारी बनकर काम करते थे और अपनी स्कीमर मशीन के जरिये वहां पर आने वाले ग्राहकों के डेबिट कार्ड की जानकारी के साथ-साथ उनका पिन नंबर भी हासिल कर लेते थे। इसके बाद ग्राहक के डेबिट कार्ड की जानकारी अपने किसी पुराने डेबिट में कॉपी करके उसका क्लोन तैयार कर लिया जाता था। किसी भी मनी ट्रांसफर आउटलेट के जरिये ग्राहक के डेबिट कार्ड से पैसे निकाल लिए जाते थे। इसी तरीके से सेक्टर-23 निवासी प्रभंजन केआर सिंह के डेबिट कार्ड का क्लोन तैयार कर भिवाडी स्थित पवन कॉम्युनिकेशन की मनी ट्रांसफर आउटलेट से 3.40 लाख रुपये धोखे से निकाले थे। पुलिस कमिश्नर ओपी सिंह ने मामले का संज्ञान लेते हुए आरोपियो को जल्द पकडने के निर्देश दिये। टीम ने आरोपियों को प्रोडक्शन वारंट लेकर गिरफ्तार किया गया।

# महिला और बच्चों का यौन शोषण करने वालों की बनेगी कुंडली : सीपी

### चोरी, अवैध हथियार एनडीपीएस, शराब पर अंकुश लगाने के दिए निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**पुलिस** आयुक्त ओपी सिंह ने सेक्टर 21सी में स्थित अपने कार्यालय में तीनों जॉन के डीसीपी, एसीपी, थाना व चौकी प्रभारियों के साथ आयोजित एक बैठक में महिलाओं विरुद्ध अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए अपराधिक प्रवृत्ति के लोगों पर निगरानी रखने के निर्देश दिए। ओपी सिंह ने पिछले पांच वर्षों में घटित हुए बलात्कार और छेड़छाड़ के आरोपियों की कुंडली तैयार करके उन पर निगरानी रखकर कानून के तहत सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि अपराधियों की सूची तैयार करके थाने के बीट पुलिस कर्मियों तक पहुंचाई जाएगी। ताकि इलाके के बीच पुलिस कर्मियों के पास उनकी जानकारी रहे और उन पर नजर

रखकर अपराधों में कमी लाई जा सके। उन्होंने कहा कि जिस थाना क्षेत्र में महिला विरुद्ध अपराध घटित हुआ हो वहां महिला थाना प्रभारी के साथ-साथ संबंधित थाना एसएचओ भी मौके पर जाएंगे और कानूनी कार्रवाई में अपना सहयोग करेंगे। इसके साथ ही जिले में चोरी की वारदातों पर लगाम लगाने के लिए चोरों पर शिकंजा कसकर उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

अपराधिक प्रवृत्ति के लोग बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों का उपयोग करके वारदातों को अंजाम देते हैं। इसलिए उनकी विशेष निगरानी रखकर धरपकड़ की जाए। जोन के सहायक पुलिस आयुक्त की निगरानी में 31 मार्च तक जिले के पीओ, बेल जंपर को पकड़ने का टारगेट सेट किया गया है। अवैध हथियार, एनडीपीएस, शराब तस्करी पर रोक लगाने के लिए मार्च महीने में हर थाने द्वारा पांच आरोपियों को गिरफ्तार करके हवालात में देने के आदेश दिए गए। थाना व चौकी प्रभारियों को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि इलाके के लोगों की सुरक्षा की जिम्मेदारी के साथ वर्दी पहनी हैं यह वर्दी आपकी पहचान और शान को बनाए रखें। थाना प्रबंधक का पद जिम्मेवारी का पद है, पीड़ित को पुलिस से उम्मीद होती है इसलिए थाना प्रबन्धक के पद की गरिमा को बनाए रखें। पीड़ित के पैरवीकार बन उनकी शिकायत पर तत्परता से से कार्य करते हुए उसकी समस्या का समाधान निष्पक्ष रुप से करें।

## महिला के हत्यारोपियों को उम्रकैद व जुर्माने की सजा

**फरीदाबाद।** लेनदेन के विवाद में एक महिला की हत्या करने के बाद शव को मुरादनगर में फेंक कर आने वाले दो हत्यारोपियों को जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश जेबी गुप्ता की अदालत ने अजीवन कारावास और 45-45 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जबकि शव को ठिकाने लगाने में मदद करने वाले आरोपी पर अदालत ने तीन साल कैद और पांच हजार रुपये जुर्माना लगाया है। अदालत में पेश मामले के मुताबिक उड़िया कॉलोनी निवासी जितेंद्र ने 7 मार्च 2018 को यह मामला थाना सारन में दर्ज कराया था। 14 मार्च को पुलिस को मुरादनगर में एक महिला का शव मिलने की सूचना मिली। पुलिस की सूचना पर जितेंद्र ने कपड़े और जेवरात के आधार पर मृतका की पहचान शिव देवी के रूप में कर दी। पुलिस ने संदीप को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने सबकुछ बता दिया। आरोपी ने बताया कि घटना वाले दिन उसने अपने दोस्त करण के साथ मिलकर शिव देवी की हत्या कर शव को सीढ़ी के नीचे दबा दिया था।

# एथलेटिक महासंघ की साप्ताहिक वेबीनार सम्पन्न

**फरीदाबाद।** एथलेटिक हरियाणा के मीडिया प्रभारी सत्यवीर धनखड़ के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार भारतीय एथलेटिक महासंघ योजना समिति के चेयरमैन डॉ.ललित के भनोट, महासचिव रविन्द्र चौधरी और अध्यक्ष आदिल जे सुमारीवाला के नेतृत्व में जिला स्तर पर राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षक तैयार करने का कार्य किया।

भारतीय एथलेटिक महासंघ के संयुक्त सचिव और एथलेटिक्स हरियाणा के महासचिव राजकुमार मिटान ने बताया कि जिला स्तर पर राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षक तैयार करने से एथलेटिक खेल में धरातल पर अच्छे खिलाडी तलाशने का कार्य किया जा रहा है। भारतीय एथलेटिक महासंघ के सम्यंवक दीपक भोला ने वेबीनार पाठशाला को सफल बनाने के लिए सर्वस्व योगदान दिया। कमलेश तिवाना ने किड्स एथलीट, स्किल टीचींग एंड कोचिंग स्कील विषय पर अपना ज्ञान दिया। सुमा पी ने एथलीट कोच रिलेशनशिप और एडेप्शन ट्रेनिंग प्रिंसिपल विषय की जानकारी दी। डाक्टर जयप्रकाश बुकर ने ग्रोथ एंड डैवलपमैंट और इंट्रोडेक्शन फिजियोलाजी का ज्ञान सभी प्रतिभागियों को दिया। रफीक अहमद ने लांग टर्म एथलीट डैवलपमैंट विषय का ज्ञान सांझा किया। डाक्टर राधाकृषनन ने डैवलपिंग एन हेल्थी डाइट पर ज्ञान दिया। डाक्टर अरुण कुमार मैंदीरत्ता ने एंटी डोपिंग और इंजरी प्रीवेंशन विषय की बारीक जानकारी दी। डाक्टर नटराजन ने फंडामैंटल आफ रनिंग, सतपाल यादव ने जानकारी दी गई।

# म्यांमार में कोहराम

## सेना की बर्बरतापूर्ण कार्रवाई

**सारी** दुनिया की अपीलों के बावजूद सेना पर इसका कोई असर नहीं है और वह लोकतंत्र-समर्थक प्रदर्शनकारियों के खिलाफ दमनकारी कार्रवाइयां कर रही है। सेना के तख्तापलट का शांतिपूर्ण विरोध करने वाले प्रदश्रनकारियों को कुचलने के लिए बेलगाम हिंसा से म्यांमार की सड़कों पर कोहराम मचा है। इससे लोगों को 1989 के वसंत में तियनमान चौक पर चीन द्वारा नरसंहार तथा 2010 में अरब वसंत के दौरान लीबिया व यमन में रक्तपात की यादें ताजा हो गई हैं। हालांकि 'बर्मा के वसंत' में मारे गए लोगों की आधिकारिक संख्या 38 है, पर संयुक्त राष्ट्रसंघ यह संख्या लगभग 50 बताता है। एक्टिविस्ट यह संख्या और ज्यादा बता रहे हैं क्योंकि सशस्त्र बल लगातार प्रदर्शनकारियों के खिलाफघातक हथियारों का प्रयोग कर रहे हैं। इस कारण निहत्थे किशोर, महिलायें और नौजवान अपने उचित अधिकारों की मांग करने के लिए मारे जा रहे हैं। टटमाडा द्वारा की जाने वाली हिंसा के हालिया बर्बर प्रदर्शन से कोई आश्चर्यचकित नहीं है जो म्यांमार में 1962 से सत्ता पर काबिज है और वह किसी तरह 2011 से जारी अर्ध-लोकतंत्र को सहन कर रही थी। हालांकि, वैश्विक दबाव के कारण स्वयं सेना ने संसदीय चुनाव व अन्य सुधार किए थे। 1 फरवरी को हुए सैनिक तख्तापलट के बाद सेना फिर से पूरी तरह सत्ता में आ गई है, उसने नागरिकों का बर्बर दमन शुरू किया है जो टटमाडा की क्रूर छाया में फिर नहीं आना चाहते हैं। पहले भी टटमाडा ने प्रदर्शनकारियों पर गोलियां चला कर 1988 व 2007 में लोकतंत्र-समर्थक आंदोलनों को कुचला है। हालांकि, प्रदर्शनों की शुरुआत होने पर सेना ने पहले थोड़ा संयम बरता, पर हर गुजरते दिन के साथ अब सेना का दमन बढ़ रहा है, जबकि प्रदर्शनों

में कमी आने के कोई संकेत नहीं हैं।

वास्तव में लोकतंत्र को बचाने तथा लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित नेताओं को रिहा कराने के लिए ज्यादा से ज्यादा लोगों के साथ आने के बाद आंदोलन का विस्तार हुआ है। सेना को वैश्विक स्तर पर अपमान झेलना पड़ रहा है। उसने संरा. महासभा में न्यूयार्क में देश के राजदूत द्वारा भावनात्मक भाषण देने के बाद उनको पद से हटाया। राजदूत ने अपने देश में लोकतंत्र बहाल करने के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग की अपील की थी। सारी दुनिया का ध्यान अत्यधिक आकर्षित होने से बिफरी हुई टटमाडा और ज्यादा आक्रामक हो गई है तथा वैश्विक प्रतिबंधों का खतरा मंडराने लगा है। सेना पर लंबे समय से टकराव वाले क्षेत्रों में मानवाधिकार हनन के आरोप लग रहे थे। यदि संरा. विशेष दूत क्रिस्टीन स्क्रैनर बर्गनर के खुलासों पर गौर किया जाए तो सेना का दागदार अतीत पूरी तरह सामने आ जाएगा। बर्गनर ने सेना को चेतावनी दी थी कि संरा. सुरक्षा परिषद और उसके सदस्य देश उसके खिलाफ कठोर कदम उठा सकते हैं। इस पर सुश्री बर्गनर से कहा गया था, 'हम प्रतिबंधों के आदी हैं और हम अतीत में भी इन प्रतिबंधों का सामना कर चुके हैं।' वैश्विक स्तर पर अलगाव की चेतावनी देने पर टटमाडा का जवाब था, 'हमने केवल कुछ मित्रों के साथ आगे बढ़ना सीख लिया है।' यह एक चिन्ताजनक विचार है क्योंकि जब क्रूरता और दमन के इतिहास वाली कोई सरकार अपनी कार्रवाइयों के परिणामों की चिन्ता करनी छोड़ देती है तो विश्व समुदाय भी बहुत कुछ नहीं कर सकता है। ऐसे में पीड़ित देश की जनता दुहरी मुसीबत में घिर जाती है। एक ओर उसे तानाशाही सरकार का क्रूर दमन झेलना पड़ता है, वहीं दूसरी ओर उसे प्रतिबंधों के कारण आर्थिक कठिनाइयों का सामना भी करना पड़ता है। विश्व समुदाय म्यांमार के पीड़ित नागरिकों के लिए जो कुछ करना चाहता है, उसे यह काम जल्दी से करना चाहिए क्योंकि अब जनता के पास ज्यादा समय नहीं है।

# अंतरधार्मिक विवाहों का महिमामंडन

यदि कोई मुस्लिम पुरुष व हिंदू महिला विवाह करते हैं तो उनको विशेष विवाह कानून के अंतर्गत यह करना चाहिए जो समान अधिकार सुनिश्चित करता है।

**प्रफुल्ल गोराड़िया**
लेखक लोकप्रिय स्तम्भकार हैं)

**किसी मुस्लिम पुरुष से विवाह करने वाली गैर-मुस्लिम महिला के अधिकार फौरन समाप्त हो जाते हैं, क्योंकि वह अधिक अधिकारों वाली एक विधिक व्यवस्था से कम अधिकारों वाली व्यवस्था में जाती है। यह स्थिति अपरिवर्तनीय है, क्योंकि इस्लाम धर्मत्याग की अनुमति नहीं देता है। विवाह करने के लिए धर्मान्तरण करने वाली अनेक महिलाओं को विश्वास होता है कि वे अपने धर्म का पालन करती रहेंगी, पर जल्दी ही उनकी यह धारणा टूट जाती है। क्योंकि जिस धर्म में उन्होंने विवाह किया है, वह इसकी अनुमति नहीं देता है।**

एक चर्च में मेरी भतीजी का विवाह करवाने वाले पादरी ने शुरुआत में ही घोषणा की कि 'विवाह एक दैवी व अविभाज्य संबंध है।' यह विवाह को एक पवित्र बंधन घोषित करने का तरीका है जिसे मृत्यु के बाद भी तोड़ा नहीं जा सकता है। रूपा एंड कंपनी द्वारा प्रकाशित थामस पैट्रिक हग्स की डिक्शनरी आफ इस्लाम में विवाह को निकाह बताया गया है जिसका शाब्दिक अर्थ एक संयोजन है। यह उस समय तक एक अनुबंध होता है, जब तक पति इसे चाहे। वह तीन महीने की नोटिस देकर अपनी इच्छा से पत्नी को तलाक दे सकता है। पत्नी को यह विशेषाधिकार प्राप्त नहीं है। यदि वह अलग होना चाहती है तो उसे खुला की प्रक्रिया अपनानी पड़ेगी जिसमें उसे एक काजी तलाश कर उसे फिक्ह या मुसलमानों के काल्पनिक धर्मशास्त्र के अंतर्गत अपनी बात समझानी पड़ेगी। यदि किसी मुस्लिम पुरुष व हिंदू महिला में प्रेम हो जाता है तो उनको विशेष विवाह कानून के अंतर्गत विवाह करना चाहिए जो असमान अधिकार नहीं देता है तथा महिला को अपना धर्म या नाम नहीं बदलना पड़ता है, जबकि निकाह इस बात पर जोर देता है कि दोनों एक ही धर्म के, यानी मुसलमान हों। यदि पुरुष तलाक नहीं देना चाहता है तो भी वह दूसरी पत्नी ला सकता है।

विरले ही कोई अंतरधार्मिक विवाह ऐसा होता है जिसमें दूल्हा हिंदू और दूल्हन मुस्लिम हो। इसका कारण शायद यह है कि किसी गैर-मुस्लिम को मुस्लिम महिला से विवाह की अनुमति नहीं है क्योंकि उसका पत्नी पर विधिक अधिकार होगा। इस्लाम धर्म के नियमों के अनुसार ईश्वर नहीं चाहता कि किसी गैर-मुस्लिम का मुसलमानों पर अधिकार हो। एक मुस्लिम पुरुष एक गैर-मुस्लिम महिला से विवाह कर सकता है, पर इसका उल्टा संभव नहीं है। यह बात न्यायोचित नहीं लगती है, पर इस्लामी तार्किकता के अनुसार कोई गैर-मुस्लिम अपनी मुस्लिम पत्नी के धर्म का सम्मान नहीं कर सकता है। इन धर्मोपदेशों में यह भी बताया गया है कि जहां मुसलमान सभी पूर्व धर्मों और ईश्वर के पैगंबरों का सम्मान करते हैं, वहीं गैर-मुस्लिम का यह विश्वास होना जरूरी नहीं है। भले ही कोई गैर-मुस्लिम पति इसे स्पष्ट रूप से अभिव्यक्त न करे, पर मुस्लिम पत्नी अपने पति से अपने धर्म के सम्मान की उम्मीद नहीं कर सकती है। मुस्लिम केवल किताब द्वारा प्रकाशित धर्मों में विश्वास करते हैं, अन्य धर्मों में नहीं। एक गैर-मुस्लिम से विवाह करने वाली मुस्लिम महिला धर्म की इस मान्यता का पालन नहीं करेगी।

कुछ समय पहले आईएएस दंपति टीना डाबी व आर्थर आमिर खान ने विवाह के दो साल बाद जयपुर में तलाक की याचिका दी। 2018 में उनके प्रेम और विवाह ने राष्ट्रीय स्तर पर सुर्खियां बटोरी थीं। टीना द्वारा बनाए एक वीडियो में उसने अपने मुस्लिम पति पर अत्याचार का आरोप लगाया था जिसमें बुर्का पहनना, इस्लाम में धर्मान्तरण करना, नमाज पढ़ना तथा अपने नाम में 'खान' जोड़ना शामिल था। यह वीडियो वाइरल हो गया था। बिना तलाक के भी कोई मुस्लिम पुरुष एकसाथ चार पत्नियां रख सकता है और तलाक के साथ इसकी कोई सीमा नहीं है कि वह कितनी पत्नियां रख सकता है। हिंदू धर्म व ईसाइयत केवल एक पत्नी पर जोर देते हैं। मुस्लिम लड़के से विवाह करने की इच्छुक लड़कियों को अपने सामने आने वाली संभावनाओं की जानकारी होनी चाहिए। यदि लड़का मुस्लिम है तो उसका विश्वास उसे यथासंभव अधिकाधिक बच्चे पैदा करने की प्रेरणा देता है ताकि मुसलमानों की जनसंख्या बढ़ सके। हग्स की डिक्शनरी आफइस्लाम के अनुसार, कुरान के बाद दूसरी पवित्र पुस्तक हदीस या परंपराओं में यह बात कही गई है। ऐसे में हिंदुओं द्वारा इस संदर्भ में 'जिहाद' शब्द के प्रयोग की बात समझ में आती है।

समय आ गया है कि आंखें बंद कर अंतरधार्मिक विवाहों का महिमामंडन बंद किया जाए। मुस्लिम पुरुषों से विवाह करने से गैर-मुस्लिम महिलाओं को कानूनी अधिकार नहीं मिलते हैं। वर्तमान राजनीतिक विमर्श इस मामले में ज्यादा खुला नहीं है और वह उन लोगों के तर्क अनदेखा करता है जिनको ऐसे विवाहों से समस्यायें पैदा हुई हैं। चयनित ढंग से कुछ खास मामलों तथा स्वीकार्य दृष्टिकोण पेश करने से अनौपचारिक बहस का लक्ष्य पूरा नहीं होता है। अंतरधार्मिक विवाहों पर ज्यादा ध्यान जाने से सेक्युलर लोगों के मौजूदा गुस्से का संबंध उनके द्वारा अंतरधार्मिक विवाहों के महिमामंडन से है। इनको अपने आप में एक गुण माना जाता है तथा समान धर्म वाले विवाहों की तरह समझा जाता है, लेकिन दु:ख की बात है कि ऐसा नहीं है। हिंदू विवाह कानून या विशेष विवाह कानून के अंतर्गत महिलाओं को मिलने वाले अधिकारों की तुलना शरीया के अंतर्गत मिलने वाले अधिकारों से नहीं की जा सकती है। इसके खास नतीजे होते हैं। शरीया के अंतर्गत गैर मुस्लिम महिला को पहले इस्लाम धर्म स्वीकार करना पड़ता है क्योंकि यइ इस्लाम में विवाह की पूर्व शर्त है। इस प्रकार किसी मुस्लिम पुरुष से विवाह करने वाली गैर-मुस्लिम महिला के अधिकार फौरन समाप्त हो जाते हैं क्योंकि वह अधिक अधिकारों वाली एक विधिक व्यवस्था से कम अधिकारों वाली व्यवस्था में जाती है। यह स्थिति अपरिवर्तनीय है क्योंकि इस्लाम धर्मत्याग की अनुमति नहीं देता है। विवाह करने के लिए धर्मान्तरण करने वाली अनेक महिलाओं को विश्वास होता है कि वे अपने धर्म का पालन करती रहेंगी, पर जल्दी ही उनकी यह धारणा टूट जाती है क्योंकि जिस धर्म में उन्होंने विवाह किया है, वह इसकी अनुमति नहीं देता है।

हिंदू विवाह को एक पवित्र बंधन मानते हैं जहां विधिक अनुमति के बावजूद विवाह-विच्छेद को अच्छा नहीं माना जाता है। शरीया के अंतर्गत यह केवल एक अनुबंध है जहां पुरुष अपनी पत्नी को मौखिक रूप से और फौरन तीन तलाक के माध्यम से तलाक दे सकता था, लेकिन अब इस पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। यह दोनों धर्मों के बीच की दुनिया का विरोधाभास है। गैर-मुस्लिम महिलाओं को इन परिणामों की जानकारी दी जानी चाहिए। अंतरधार्मिक विवाहों का अंध समर्थन तथा यह मान लेना गलत है कि ऐसे विवाह समानधर्मी विवाहों जैसे होते हैं। अंतरधार्मिक विवाहों की गुलाबी तस्वीर पेश कर उनका महिमामंडन करने से गैर-मुस्लिम महिलाओं को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। वे जल्दबाजी में गलत सूचनाओं के आधार पर फैसला कर सकती हैं जिसके लिए उनको बाद में पछताना और खामियाजा भुगतना पड़ता है।

# वैक्सीन को लेकर राजनीति उचित नहीं

**चुनाव प्रचार में उतरने वाले नेताओं को सुरक्षा तथा सार्वजनिक भलाई का संदेश देने के लिए बाध्य किया जाना चाहिए।**

**कुमारदीप बनर्जी**
(लेखक नीति विश्लेषक हैं)

भारत ने 16 जनवरी को वैश्विक स्तर पर किए गए सबसे बड़े टीकाकरण अभियान में से एक शुरू किया और फरवरी में फ्रंटलाइन श्रमिकों के लिए इसे खोला। इनोक्यूलेशन ड्राइव का दूसरा चरण 1 मार्च को शुरू हुआ, जिसमें दरवाजे एक निश्चित आयु से ऊपर के नागरिकों के लिए खुले हैं और विशिष्ट मानदंडों को पूरा करते हैं। दूसरे चरण के शुभारंभ में, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सरकारी सुविधा पर टीकाकरण किए जाने के एक दृश्य से देश जाग उठा। यह एक विस्तृत संदेश था, जिसमें भारत-विकसित वैक्सीन लेने से लेकर, होम स्टेट ऑफ़ हेल्थकेयर स्टाफ़ के प्रति सचेत रहना और असम से एक गमछा के शॉट और सार्टोरियल पसंद को शामिल करना शामिल था। हालाँकि, देश भर के कई टीकाकरण केंद्रों में मिड-डे के बाद एक और कहानी सामने आई, क्योंकि कई वरिष्ठ नागरिक 'कोविन' वेबसाइट पर सफलतापूर्वक पंजीकरण करने के बावजूद, एक दो दिन तक टीकाकरण कराने में विफल रहे।

खामियों के बावजूद, यह हमारे देश के लिए एक उल्लेखनीय उपलब्धि है, जिसे पिछले साल लगभग इसी समय तक, सामने आने वाले भयावह स्वरूप की जानकारी नहीं थी यहां तक कि व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों के बुनियादी उपकरण भी नहीं थे। इसलिए इसका उल्लेख करने का कारण महत्वपूर्ण है ताकि हम हर पल सीखते रहें और वितरण योग्य प्रक्रियाओं पर काम करते रहें, जैसे कि हमने 2020 में किया था।

यह एक स्वागत योग्य कदम है कि टीकाकरण अभियान के दूसरे चरण के लिए निजी अस्पतालों का एक बड़ा हिस्सा रोप दिया गया है। हालांकि, ऐसा लगता है कि जब उन्हें आपूर्ति और निष्पादन रसद की बात आती है, तो उनके साथ हीन संस्थानों की तरह व्यवहार किया जाता है। कई निजी अस्पतालों ने वॉक-इन पंजीकरणों के लिए

एक कतार की सूचना दी और जो कोविन वेबसाइट के माध्यम से पुष्टि किए गए समय स्लॉट के साथ पंजीकृत हैं। इसके कारण भीड़ बढ़ गई, जो इन समयों में बचने के लिए एक आमने-सामने की गड़बड़ी है। निजी क्षेत्र टीकाकरण के लिए निर्धारित प्रक्रियाओं के साथ पर्याप्त रूप से सुसज्जित है और कुछ निर्देशित जानकारी के साथ, उचित सामाजिक दूरी के साथ ड्राइव का प्रबंधन कर सकता है। आदर्श रूप से, अधिकारियों को प्रमुख अस्पतालों के साथ एक कार्यशाला करनी चाहिए थी और कर्मचारियों को मांग-संचालित हाइब्रिड मॉडल टीकाकरण अभ्यास का प्रबंधन करना सिखाया था। किसी स्तर पर सरकार को कॉरपोरेट्स के लिए टीकाकरण अभियान खोलने के बारे में सोचना होगा और खर्च किए गए धन को कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) के हिस्से के रूप में माना जाना चाहिए।

अधिकांश कॉरपोरेट या तो सीएसआर प्रमुख के तहत अपने कर्मचारियों के लिए टीकाकरण अभियान चलाने के लिए तैयार हैं या कर्मचारियों को भुगतान करने की अनुमति देते हैं, बशर्ते कि आधार पंजीकरण जैसे अभ्यास उनके परिसर में लाए जाएं। आरएस शर्मा, राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के वर्तमान प्रमुख, भारत के टीकाकरण पाइपलाइन को अनुकरण के लायक मॉडल बनाने के लिए आवश्यक निजी-सार्वजनिक सहकारी पाइपलाइन के बारे में जानते हैं। उन्हें इस बात की भी जानकारी है कि तथ्यात्मक सूचनाओं के उपयोग और उपयोग को लेकर देश में तकनीक का चलन चल रहा है और देश में डिजिटल विभाजन हो रहा है। कोविन ऐप बनाम कोविन वेबसाइट के उपयोग के बीच भ्रम को संबोधित करने की आवश्यकता है। इसके अलावा, सोशल मीडिया पर गलत सूचनाओं के कारण समाज के कुछ वर्गों के बीच वैक्सीन की झिझक पैदा होती है। यह प्रक्रिया में शामिल सभी टेक्नोक्रेट्स के लिए गलत सूचना के अवरोध से निपटने के लिए समय है और उपलब्ध सभी प्लेटफार्मों पर तथ्यों के बारे में बात करें।

टीकाकरण कार्यक्रम का एक अन्य पहलू राजनीति से प्रेरित है। पहले से ही टीका पूर्णता प्रमाणपत्र पर प्रधान मंत्री की तस्वीर के बारे में कुछ टिप्पणी की गई है, विशेष रूप से चुनाव के लिए बाध्य राज्यों से। खूंखार वायरस के खिलाफ सार्वभौमिक टीकाकरण केंद्र और राज्य स्तर पर सभी नेताओं की एक साझा परियोजना है। बाधाओं को बनाकर प्रक्रिया को उलटने का कोई भी प्रयास मतदाताओं के साथ अच्छा नहीं हो सकता है या नेता की छवि के लिए अच्छा नहीं हो सकता है। बेशक, कुछ दिनों में मतदाताओं का सामना करने वाले किसी भी उम्मीदवार के लिए प्रकाशिकी अधिक होनी चाहिए, हालांकि यह अच्छा होगा यदि वे अपनी प्रतिबद्धता दिखाना शुरू कर दें। चुनावों से पहले चुनाव प्रचार में उतरने वाले अधिकांश नेता टीकाकरण, सुरक्षा के लिए और जनता की भलाई के लिए जोरदार संदेश भेजने के लिए अच्छा करेंगे।

## आप की बात

### दिखावा मात्र है सेकुलरिज्म

**कांग्रेस** पार्टी में नेताओं की असहमति बढ़ती जा रही है और ऐसा माना जा रहा है कि इस झगड़े का अंत देश की सबसे पुरानी पार्टी को समाप्त कर देगा लेकिन क्या राहुल गांधी इसे लेकर चिंतित हैं? फिलहाल राहुल गांधी इस समय तमिलनाडु, केरल और पुडुचेरी के दौरे पर हैं और विधान सभा चुनावों के प्रचार में जुटे हुए हैं परन्तु इस दौरे के बीच कांग्रेस में झगड़ा काफ़ी बढ़ गया है और इस झगड़े से स्पष्ट हो गया है कि लोकतंत्र में असहमति और सहिष्णुता की बात करने वाली कांग्रेस पार्टी में इन दिनों शब्दों की कोई जगह नहीं बची है और शायद कांग्रेस का सेकुलरिज्म भी दिखावटी है। आलम तो ये है कि कांग्रेस पार्टी असल में धर्मनिरपेक्षता को लेकर बातें तो बड़ी बड़ी करती है लेकिन पश्चिम बंगाल में जो उन्होंने किया उससे यह स्पष्ट हो गया है कि कांग्रेस पार्टी अपने फायदे के लिए ऐसी पार्टी से हाथ भी मिला लेती है जिनका राजनीतिक ढांचा ही सांप्रदायिक विचारों से संक्रमित है दरअसल पार्टी ने पश्चिम बंगाल में एक कट्टरपंथी पार्टी इंडियन सेकुलर फ्रंट के साथ गठबंधन किया है जो पार्टी कुछ ही दिनों पहले बनी थी। गौरतलब तो यह है कि इस लेफ्ट पार्टियों ने भी इसके साथ मिल कर चुनाव लड़ने का ऐलान किया है।

– **निधि जैन,** लोनी, गाज़ियाबाद

### कांग्रेस की दशा

**आदरणीय** महोदय, यह पत्र 'कांग्रेस में विभाजन' के सन्दर्भ मे है। कॉंग्रेस मे दो धड़े काफ़ी समय से चल रहे हैं, एक धड़ा राहुल गांधी को और दूसरा सोनिया गांधी के नेतृत्व को चुनता है। मगर जो पिछले वर्ष घटित हुआ जब 23 वरिष्ठ नेताओं ने सोनिया गांधी को चिट्ठी लिख कर अनुरोध किया की नेतृत्व के निर्णय पर देरी ना की जाय और पार्टी मे आंतरिक चुनाव किए जाएं वह नि:संदेह चौंकाने वाला था, और आज जब जम्मू मे यह नेता मिल कर गुलाम नबी आज़ाद के नेतृत्व मे रैली कर रहे हैं और पश्चिम बंगाल मे होने वाले चुनाव के संबंध मे जो फैसला कांग्रेस पार्टी ने लिया है, सी पी एम के दबाव मे लिया हुआ गया निर्णय लग रहा है। उसने पार्टी के दोनो धड़ों को और आमने सामने खड़ा कर दिया है। ऐसा नही कि 1947 के बाद से कांग्रेस मे विभाजन देखने को नही मिला है, मगर आज जिस मोड़ पर पार्टी खड़ी है वहां गांधी परिवार को और परिपक्वता का परिचय देना होगा और पार्टी को दुबारा से पुनर्जीवित करना होगा वरना जिस तरह से पार्टी एक चुनाव के बाद के चुनाव हारती जा रही है उस से वह किनारे पर ही जाती चली जाएगी।

– **बाल गोविंद,** सेक्टर 44, नोएडा

### जल संकट

**कोरोना** का काल जहां एक तरफ खत्म नही हो रहा है तो वहां दूसरी तरफ से रोजमर्रा की समस्याएं पीछा नहीं छोड़ रही है। आजकल हम देख रहें हैं कि जल संकट एक विकट समस्या बन रहा है। जल संकट की ओर नगरपालिका भी ध्यान नहीं दे रही है। नगर में पानी का टैंकर लोगों को ज्यादा सुविधाएं नहीं पहुंचा रहा है। जिन लोगों के यह समरपंप की सुविधा है वो लोग सही से रह रहे हैं परंतु जिन लोगों के यहां यह सुविधा नहीं है वो लोग अनेकों दिक्कतों का सामना कर रहें है। बतातें चलें कि हमारी सरकार ने वर्ष 2024 तक देश के सभी ग्रामीण घरों तक पाइप से पानी पहुचाने का लक्ष्य रखा है। परंतु अभी यह हालत है कि पाइप से पानी ही नही आ रहा है। सरकार द्वारा यह एक बहुत ही सराहनीय लक्ष्य है परंतु मौजूदा हालातों में यह लक्ष्य बहुत ही कठिन है। इससे पहले कम्पोजिट वाटर मैनेजमेंट इंडेक्स में भी यह माना गया था कि भारत अभी भी जल संकट से गुजर रहा है। वर्ष 2030 तक देश की 40 प्रतिशत आबादी को पानी उपलब्ध ही नहीं होगा। इस स्थिति से बचने के लिए हरसंभव प्रयास करने होंगे।

– **सुदर्शन सोराड़ी**, नैनीताल

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया

**कानूनों** में सुधार के माध्यम से कृषि क्षेत्र को बढ़ावा दिया जा रहा है। इससे क्रांतिकारी बदलाव आने की उम्मीद है।
– **नरेंद्र सिंह तोमर**
केंद्रीय कृषि मंत्री

**मूल्य** वृद्धि एक अभिशाप है। सरकार सिर्फ टैक्स वसूलने के लिए लोगों को महंगाई के दलदल में धकेल रही है। देश की तबाही के खिलाफ अपनी आवाज उठाएं।
– **राहुल गांधी**
कांग्रेस नेता

**चूंकि** पश्चिम बंगाल के चुनाव 'दीदी बनाम अन्य सभी' की तर्ज पर हो रहे हैं, इसलिए शिवसेना ने चुनाव नहीं लड़ने का फैसला किया है, लेकिन ममता के साथ एकजुटता से खड़ी होगी।
– **संजय राउत**
शिवसेना नेता

# लखनऊ सहित 14 जिलों के विकास का नया खाका बनेगा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

मुख्यमंत्री ने इन बड़े शहरों में बढ़ती आबादी, बढ़ते मकान, बढ़ती कार-स्कूटर और भविष्य की जरूरतों का संज्ञान लेते हुए मास्टर प्लान में परिवर्तन करने की अनुमति दी है, विकास के साथ ही इन शहरों की ऐतिहासिक धरोहरों का सौंदर्यीकरण एवं संरक्षण कार्य कराए जाने से यह शहर खूबसूरत दिखेंगे

**विधानसभा** चुनाव में जाने से पहले योगी सरकार लखनऊ सहित राज्य के 14 जिलों के विकास का नया खाका खींचने जा रही है। इन जिलों का नया मास्टर प्लान तैयार करके अगले दस साल के विकास की रूपरेखा तैयार होगी। मुख्यमंत्री ने इन बड़े शहरों में बढ़ती आबादी, बढ़ते मकान, बढ़ती कार-स्कूटर और भविष्य की जरूरतों का संज्ञान लेते हुए मास्टर प्लान में परिवर्तन करने की अनुमति दी है, जिसके तहत इन शहरों का नया मास्टर प्लान (सिटी डेवलपमेंट प्लान) बनेगा। इसके अलावा कुछ शहरों के मास्टर प्लान में संशोधन किया जाएगा।

नए तैयार किए जाने वाले मास्टर प्लान में ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व वाले स्थलों के सौंदर्यीकरण एवं संरक्षण के कार्य कराने तथा तालाबों, जलाशयों, झीलों आदि को शामिल करने के साथ ही वाइल्ड लाइफसेंचुरी, रिजर्व फॉरेस्ट, पर्यावरण एवं वन और अन्य संरक्षित क्षेत्रों का विशेष ध्यान रखा जाएगा। इन बड़े शहरों का सिटी डेवलपमेंट प्लान तैयार कराने के लिए आवास विभाग में कंसल्टेंट का चयन करने की कवायद शुरू हो गई है।

आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक जिन शहरों के मास्टर प्लान बनने हैं उनमें लखनऊ, कानपुर, चित्रकूट, गोरखपुर, वाराणसी, प्रयागराज, झांसी, आगरा, मथुरा, बरेली, मेरठ, सहारनपुर, मुरादाबाद और गौतमबुद्धनगर (नोएडा) प्रमुख हैं। इनके भविष्य की जरूरतों के आधार पर कायाकल्प कराना मुख्यमंत्री की महत्वकांक्षी योजना है। विकास के साथ ही इन शहरों की ऐतिहासिक धरोहरों का सौंदर्यीकरण एवं संरक्षण कार्य कराए जाने से यह शहर खूबसूरत दिखेंगे, जिसके चलते इन शहरों में पर्यटन कारोबार में इजाफा होगा। लोगों को रोजगार मिलेगा। इस सोच के आधार पर ही मुख्यमंत्री ने उक्त शहरों का सिटी डेवलपमेंट प्लान तैयार कराने के निर्देश दिए।

आवास विभाग के अधिकारियों के अनुसार मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार उक्त शहरों के तैयार किये जाने वाले मास्टर प्लान में नए सिरे से शहरों के तमाम क्षेत्रों का भू उपयोग निर्धारित होगा। इसके लिए जरूरी कार्यवाही शुरू कर दी गई है। मास्टर प्लान तैयार करने में शहरों में मौजूदा जरूरतों के हिसाब से भू उपयोग निर्धारित किया जाएगा। नदियों, हवाई अड्डा, बस स्टैंड, सैन्य क्षेत्रों सहित तमाम चीजों को मास्टर प्लान में प्रदर्शित किया जाएगा। नया मास्टर प्लान जीआईएस आधारित होगा। इस संबंध में सचिव आवास की अध्यक्षता में बनी समिति मास्टर प्लान में जरूरत के हिसाब से नई चीजें जोड़ने के लिए प्रस्ताव तैयार करेगी। मास्टर प्लान में क्षेत्रीय विकास की योजनाओं को भी शामिल करने का निर्देश दिया है ताकि संबंधित शहरों को आने वाले दिनों में किसी तरह की दिक्कत न हो। यहीं नहीं, 14 बड़े शहरों के लिए तैयार किये जाने वाले मास्टर प्लान में इन शहरों में सेना की फायरिंग रेंज को खतरनाक क्षेत्र के रूप में घोषित किया जाएगा। वर्तमान जरूरतों के हिसाब से नए औद्योगिक क्षेत्र, बस अड्डे, मास्टर प्लान रोड तथा वाटर वर्क्स व एसटीपी, कूड़ा निस्तारण केंद्र सहित अन्य तमाम चीजें भी मास्टर प्लान में चिंहित होंगी।

सूत्रों ने बताया कि शहरों में जिन लोगों ने लैंड यूज के विरुद्ध निमार्ण कराएं हैं, उनका समायोजन मास्टर प्लान में शासनादेश के मुताबिक ही हो पाएगा। मास्टर प्लान में नदी तटबंध के निमार्ण की दशा में नदी किनारे को तटबंध के रूप में ही प्रस्तावित होंगे।

# प्रशिक्षण पूरा, तीस पुलिस उपाधीक्षकों को दी गई तैनाती

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रांतीय** पुलिस सेवा संवर्ग के 30 प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षकों का जनपदीय व्यवहारिक प्रशिक्षण पूर्ण होने के उपरांत उन्हें नई तैनाती प्रदान कर दी गई है।

इनमें सतेन्द्र भूषण तिवारी को मुजफ्फरनगर से अयोध्या, स्मृति गुप्ता को अयोध्या से चन्दौली, राजेश कुमार को आजमगढ़ से खीरी, रवि कुमार गुप्ता को बहराइच से आगरा, निलेश मिश्रा को फतेहपुर से मथुरा, सौरभ सिंह को इटावा से आगरा, रूपाली राय को हापुड़ से मेरठ, सुनील कुमार वर्मा को गाजियाबाद से सहायक पुलिस आयुक्त लखनऊ, इमरान अहमद को झांसी से ललितपुर, अजय कुमार को खीरी से भदोही, अनुज कुमार सिंह को गाजीपुर से झांसी, दरवेश कुमार को मुरादाबाद से इटावा, अमित कुमार सिंह को औरैया से मऊ, कमलेश कुमार को संभल से फिरोजाबाद, शिव नारायण वैस को गोरखपुर से बलिया, हेमंत कुमार को बरेली से मुजफ्फरनगर, शाहिदा नसरीन को बाराबंकी से जालौन, अरुण कुमार चौरसिया को संतकबीरनगर से झांसी, गौरव कुमार को मिर्जापुर से गाजीपुर, आशीष शर्मा को गोंडा से मेरठ, विवेक यादव को फतेहगढ़ से हमीरपुर, अजेंद्र यादव को अलीगढ़ से सहारनपुर, शुभम तोदी को प्रयागराज से जौनपुर, आस्था जायसवाल को वाराणसी से प्रयागराज, प्रकाश चन्द्र अग्रवाल को लखनऊ से सहायक पुलिस आयुक्त लखनऊ, नितिन कुमार को मऊ से बांदा, देश दीपक सिंह को प्रतापगढ़ से मुरादाबाद, स्वाति चौधरी को आगरा से सहायक पुलिस आयुक्त लखनऊ नगर और अनुज मिश्रा को पीलीभीत से पुलिस उपाधीक्षक बागपत के पद पर तैनात किया गया है।

# दो दिवसीय गुड़ महोत्सव का शुभारंभ आज, सीएम करेंगे उद्घाटन

● महोत्सव से मिलेगा गुड़ उद्योग व प्रदेश को तीव्र विकासः सुरेश राणा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** की राजधानी में गन्ना विकास विभाग द्वारा राज्य गुड़ महोत्सव 2021 का आयोजन शनिवार 6 से 7 मार्च को इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान के जुपिटर हॉल में किया जायेगा । इस कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। कार्यक्रम में मंत्री चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास सुरेश राणा तथा राज्य मंत्री चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास सुरेश पासी उपस्थिति रहेंगे।

गुड़ महोत्सव की जानकारी देते हुए गन्ना मंत्री सुरेश राणा ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य गुड़ उत्पादकों को उत्तम गुणवत्ता के गुड़ तथा उसके सहउत्पाद बनाने हेतु प्रेरित करना एवं गुड़ के सह उत्पादों तथा गुड़ के औषधीय लाभों के प्रति जनजागरूकता का प्रसार करना है । उन्होनें बताया कि राज्य गुड़ महोत्सव प्रदेश के विकास में अपनी भूमिका निभाने में सामर्थ्यवान सिद्ध होगा तथा गुड़ की महत्ता एवं उससे जुड़ी योजनाओं को बढ़ावा मिलेगा । इस आयोजन से आम जनमानस में गुड़ के प्रति जागरूकता बढेगी। उन्होंने यह भी बताया कि आयुर्वेद में गुड़ को असंख्य औषधीय गुणों से भरपूर एक पोषक तत्व माना गया है। गुड़ महोत्सव में प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से आये गुड़ उत्पादकों द्वारा गुड़ एवं इसके सह उत्पादों के स्टॉल्स लगाये जा रहें हैं। सुरेश राणा ने यह भी बताया कि महोत्सव के दौरान विशेषज्ञों द्वारा गुड़ उद्योग की समस्याएं एवं सम्भावनाएं, गुड़ के औषधीय गुण एवं प्रदेश की आत्मनिर्भरता में गन्ना किसानों एवं ग्रामीण महिलाओं की भूमिका से संबंधित व्याख्यान तथा गुड़ उद्योग से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर बौद्धिक परिचर्चा भी होगी ।

गुड़ महोत्सव के आयोजन से गुड़ उद्योग का न केवल तीव्र विकास होगा बल्कि गुड़ उत्पादकों को स्थानीय बाजार के साथ साथ राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय पटल पर पहचान भी मिलेगी । उन्होंने यह भी बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा खाण्डसारी इकाईयों को पुर्नजीवित करने का निर्णय लेते हुए पेराई सत्र 2018-19 हेतु निर्गत खाण्डसारी लाइसेंसिंग नीति में महत्वपूर्ण बदलाव किये गये। ऑनलाइन लाइसेंसिंग प्रणाली के अंतर्गत 100 घंटों के भीतर इकाईयों को लाइसेंस प्रदान किये गये । नई खाण्डसारी इकाईयों की स्थापना हेतु चीनी मिल से इसकी दूरी न्यूनतम 15 किमी को शिथिल करते हुए 7.5 किमी निर्धारित किया गया । गुड़ के निर्माण और व्यवसाय में अग्रणी तीन जिलों मुजफ्फरनगर , अयोध्या एवं लखीमपुर खीरी को एक जनपद एक उत्पाद योजना के अंतर्गत चयनित किया गया है , जिससे इस व्यवसाय को बढ़ावा मिल सके । प्रदेश सरकार द्वारा प्रदान की गयी इस व्यवस्था के कारण लगभग 25 वर्षों के पश्चात विगत तीन वर्षों में 267 नई खाण्डसारी इकाईयों के लाइसेंस जारी किये जा चुके है , जिनसे लगभग 66,450 टीसीडी गन्ने की अतिरिक्त पेराई क्षमता सृजित होगी। इन इकाईयों के माध्यम से प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में अच्छा पूंजीगत निवेश होगा तथा लगभग 30 हजार लोगों को स्थानीय स्तर पर प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार प्राप्त होगा । वर्तमान में प्रदेश में कुल 365 गुड़ एवं खाण्डसारी इकाईयां तथा 5650 कोल्हू क्रेशर संचालित हैं । दो दिवसीय राज्य गुड़ महोत्सव में संस्कृति विभाग के सौजन्य से विभिन्न सांस्कृति कार्यक्रमों लोक नृत्य आदि का आयोजन किया जायेगा । समापन कार्यक्रम के दौरान पीएसी बैण्ड द्वारा भी कार्यक्रम प्रस्तुत किया जायेगा । समापन 7 मार्च को सायं 5 बजे किया जायेगा।

# आईआईएम के पूर्व निदेशक की पेंशन बहाल करने का आदेश

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**आईआईएम** लखनऊ के पूर्व निदेशक प्रोफेसर देवी सिंह की पेंशन को बहाल करने का आदेश हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने दिया है। पीठ ने इसके साथ ही उनके पेंशन के एरियर का भी भुगतान छह प्रतिशत वार्षिक ब्याज के साथ देने का आदेश आईआईएम को दिया है।

जस्टिस राजेश सिंह चौहान की एकल पीठ ने यह आदेश प्रोफेसर देवी सिंह की याचिका पर दिया है। याचिकाकर्ता का कहना था कि 28 जुलाई 2003 को बतौर निदेशक उसने इस संथान में नियुक्ति प्राप्त की थी। उनका कार्यकाल पांच वर्षों के लिए था। पाच मार्च 2009 को पुन: उनकी नियुक्ति निदेशक के पद पर कर दी गई। 18 फरवरी 2014 को निदेशक पद का दूसरा कार्यकाल समाप्त होने से पूर्व ही उन्होंने चेयरमैन बोर्ड ऑफ गवर्नर्स, आईआईएम को एक प्रार्थना पत्र देते हुए पेंशन लाभ के साथ सेवानिवृति प्रदान करने का अनुरोध किया। 15 सितंबर 2014 को बतौर प्रोफेसर सेवानिवृत होने की अनुमति प्रदान कर दी गई। 16 सितंबर 2014 से उन्हें मासिक पेंशन का भुगतान किया जाने लगा। लेकिन तीन अक्टूबर 2017 को उनका पेंशन यह कहते हुए रोक दिया गया कि पेंशन प्रदान करने की प्रक्रिया में ऑडिटर जनरल ने कुछ अनियमितता पाई है। जिसके बाद यह मामला हाईकोर्ट आया। हाईकोर्ट ने उनके पेंशन पर नियम के तहत निर्णय लेने का आदेश आईआईएम को दिया था। 25 जून 2019 को बोर्ड ऑफ गवर्नर्स ने उनके सेवाकाल में 28 दिनों का विराम पाते हुए पेंशन देने से इंकार कर दिया।

एकल पीठ ने बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के इस आदेश को निरस्त कर दिया। सुप्रीम कोर्ट के निर्णयों का हवाला देते कहा कि उन 28 दिनों को उनकी क्वालिफाइंग सर्विस के तौर पर माना जाएगा।

# देश में निर्मित कोविड वैक्सीन पूरी तरह सुरक्षितः जय प्रताप

● स्वास्थ्य मंत्री ने डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी अस्पताल में लगवाया टीका

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** के चिकित्सा, स्वास्थ्य, मातृ एवं शिशु कल्याण मंत्री जय प्रताप सिंह ने शुक्रवार को डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी अस्पताल में कोविड प्रतिरक्षण के लिए चल रहे टीकाकरण सत्र में टीकाकरण करवाया। चिकित्सा मंत्री को कोविड प्रतिरक्षण के टीकाकरण की आज पहली डोज की वैक्सीन दी गई है। टीकाकरण की दूसरी डोज 28 दिन बाद दी जायेगी।

इस मौके पर चिकित्सा मंत्री ने बताया कि प्रदेश में इस समय 45 वर्ष से ऊपर के गम्भीर बीमारी से ग्रस्त लोगों तथा 60 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों का टीकाकरण चल रहा है जिसमें उन्होंने भी टीकाकरण करवाया है। उन्होंने कहा ये हमारे लिए गर्व की बात है कि कोविड जैसी वैश्विक महामारी से बचाव के लिए हमारे देश में ही वैक्सीन का निर्माण हुआ है। हमारे देश में निर्मित वैक्सीन पूरी तरह सुरक्षित है और कोविड से बचाव के लिए हर नागरिक को ये टीका आवश्य लगवाना चाहिए। उन्होंने बताया 8 मार्च को महिला दिवस पर प्रदेश के सभी जनपदों में महिलाओं के टीकाकरण की विशेष व्यवस्था की जा रही है।

चिकित्सा मंत्री के टीकाकरण की सूचना पाकर महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य डा देवेन्द्र सिंह नेगी एवं मुख्य चिकित्साधिकारी लखनऊ डा संजय भटनागर ने सिविल अस्पताल पहुँचकर टीकाकरण उपरान्त आब्जर्वेशन रूम में बैठे चिकित्सा मंत्री का हालचाल लिया। सिविल अस्पताल के निदेशक डा सुभाष चंद्र सुन्दरीयाल ने बताया कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री ने अपना पंजीकरण कोविड पोर्टल पर करवाकर अपने क्रम से आज अचानक सिविल अस्पताल पहुँचकर अपना टीकाकरण करवाया है। उन्होंने बताया अस्पताल में इस समय कोविड प्रतिरक्षण टीकाकरण के लिए को वैक्सीन लगायी जा रही है। चिकित्सा मंत्री को भी अस्पताल में उपलब्ध को वैक्सीन की पहली डोज दी गई है। उन्होंने बताया आज से 28 दिन बाद इसी अस्पताल में स्वास्थ्य मंत्री को वैक्सीन की दूसरी डोज का टीकाकरण किया जायेगा। सिविल अस्पताल के चीफ मेडिकल सुपरिटेंडेन्ट डा एसके नन्दा ने बताया कि अस्पताल में इस समय 45 से ऊपर के गम्भीर बीमारियों से ग्रस्त लोगों और 60 से अधिक आयु के लोगों का टीकाकरण चल रहा है। इसी सत्र में चिकित्सा मंत्री ने वैक्सीन की पहली डोज का टीका लगवाया है। अस्पताल के मेडिकल सुपरिटेन्डेन्ट ने बताया टीका लगवाने के बाद चिकित्सा मंत्री को आधे घंटे के लिए आब्जर्वेशन रूम में बैठाया गया। इस दौरान उन्हें किसी भी प्रकार की स्वास्थ्यगत परेशानी का अनुभव नहीं हुआ।

एएनएम सुमन ने चिकित्सा मंत्री को टीका लगाया तथा एएनएम अनीता सिंह ने इसका रजिस्टर में अंकन किया। इस दौरान वैक्सीनेशन रूम में मैट्रेन, सीनियर नर्सिंग आफीसर, नर्सिंग सिस्टर, नोडल कोविन.19 वैक्सीनेशन एवं अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा एमके सिंह के साथ साथ सिविल अस्पताल के समस्त वरिष्ठ अधिकारी एवं चिकित्सक स्वयं उपस्थित रहे।

## रिश्वतखोर एसआई को तीन साल की सजा

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**धोखाधड़ी** का एक मुकदमा खत्म करने के एवज में 10 हजार की रिश्वत लेने वाले तत्कालीन एसआई विजय कुमार द्विवेदी को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की विशेष अदालत ने तीन साल की सजा सुनाई है। विशेष जज गौरव शर्मा ने औरैया के थाना सायल में तैनात रहे इस मुल्जिम पर 30 हजार का जुर्माना भी ठोंका है। 12 मई 2010 को इस मामले की एफआईआर औरैया कोतवाली में दर्ज हुई थी। सरकारी वकील डीसी यादव के मुताबिक अमर सिंह की पत्नी मीना देवी के खिलाफ अदालत के आदेश पर धोखाधड़ी का एक मुकदमा दर्ज हुआ था। जिसकी विवेचना एसआई विजय कुमार द्विवेदी कर रहे थे। उन्होंने इस मुकदमे को खत्म करने के एवज में 10 हजार की रिश्वत मांगी। अमर की इस शिकायत पर विजिलेंस की टीम ने एसआई को रिश्वत की रकम के साथ रंगे हाथो गिरफ्तार कर लिया। विवेचना के बाद इसके खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धाराओं में आरोप पत्र दाखिल किया गया।

## पारिवारिक न्यायालय में लोक अदालत कल

**लखनऊ( विसं )।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में सात मार्च को पारिवारिक न्यायालय में लोक अदालत का आयोजन किया गया है। पारिवारिक न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश जितेंद्र कुमार सिंह के निर्देशन में यह लोक अदालत सुबह 10 बजे से शुरु होगी। इस लोक अदालत में वादकारीगण सुलह समझौते के आधार पर अपने मुकदमे निस्तारित करा सकते हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव सपना त्रिपाठी के मुताबिक आठ मार्च को महिला सशक्तीकरण के संदर्भ में विधि संकायए लखनऊ विश्वविद्यालय की नवीन परिसर में विधिक साक्षरता शिविर का भी आयोजन किया गया है। अर्न्तराष्ट्रीय महिला दिवस के तहत यह शिविर विधिक प्राधिकरण तथा विधिक सहायता केंद्र द्वारा आयोजित है।

## दूसरे चरण में आठ से सभी जिलों में होगी 17327 अभ्यर्थियों की चिकित्सा परीक्षा व चरित्र सत्यापन

● पुलिस-पीएसी में सिपाही के पदों पर सीधी भर्ती-2018

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**नागरिक** पुलिस एवं पीएसी में सिपाही के पदों पर सीधी भर्ती अक्टूबर 2018 के अन्तर्गत कुल 49568 (आरक्षी नागरिक पुलिस के 31,360 एवं आरक्षी पीएसी के 18208) चयनित अभ्यर्थियों में से आधारभूत प्रशिक्षण के लिए प्रथम चरण में आरक्षी नागरिक पुलिस हेतु 14,000 चयनित अभ्यर्थियों की कार्रवाई पूर्ण हो चुकी है। आधारभूत प्रशिक्षण के लिए द्वितीय चरण में आरक्षी नागरिक पुलिस हेतु पुरूष 12142 व 5185 महिला कुल 17327 अभ्यर्थियों की चिकित्सा परीक्षा व चरित्र सत्यापन की कार्रवाई प्रदेश के समस्त 75 जनपदों की पुलिस लाइन में निर्धारित स्थान में 8 मार्च से प्रारंभ होने जा रही है। यह कार्रवाई 31 मार्च तक चलेगी। इस दौरान प्रतिदिन सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक अभ्यर्थियों का चरित्र सत्यापन व चिकित्सा परीक्षा होगी। उत्तर प्रदेश पुलिस प्रोन्नति एवं भर्ती बोर्ड की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार भर्ती के लिए जिलों के पुलिस कप्तानों द्वारा निर्गत बुलावा पत्र, समस्त अभिलेखों की प्रमाणित छायाप्रतियां उनके मिलान के लिए मूल प्रतियां अभ्यर्थी को लाना आवश्यक होगा । उत्तर प्रदेश के चयनित अभ्यर्थियों का चिकित्सीय परीक्षण उनके गृह जनपदों में कराया जाएगा तथा ऐसे अभ्यर्थी जिनका गृह जनपद उत्तर प्रदेश न होकर अन्य राज्यों में हैं, उनके लिए लखनऊ सहित सात जिलों की पुलिस लाइन में व्यवस्था की गई है। भर्ती बोर्ड के मुताबिक बिहार व झारखंड के अभ्यर्थियों के लिए वाराणसी, मध्य प्रदेश के लिए झांसी, छत्तीसगढ़ के लिए प्रयागराज, राजस्थान के लिए आगरा, दिल्ली और हरियाणा के लिए मेरठ, पंजाब, हिमाचल प्रदेश व उत्तराखंड के लिए सहारनपुर और इसके अतिरिक्त अन्य प्रदेशों के अभ्यर्थियों की चिकित्सा परीक्षा व चरित्र सत्यापन लखनऊ पुलिस लाइन में होगा।

## डीजी ने बुलंदशहर जिला कारागार में किया नवनिर्मित बैरक का उद्घाटन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** की कारागारों में बन्दियों के रहन सहन की दशा में निरंतर सुधार के प्रयास किए जा रहे हैं। इसी के क्रम में ओवरक्रोडिंग की दशा में सुधार के लिए डीजी कारागार आनंद कुमार ने शुक्रवार को बुलंदशहर जिला कारागार में 120 बंदी क्षमता की नवनिर्मित बैरक का उद्घाटन किया। इस मौके पर पुलिस उपमहानिरीक्षक कारागार आगरा-मेरठ परिक्षेत्र अखिलेश कुमार भी मौजूद रहे। कारागार मुख्यालय के प्रवक्ता संतोष कुमार वर्मा ने बताया की नवनिर्मित बैरक के अलावा कारागार में बन्दियों से मिलने आने वाले नागरिकों की मुलाकात से पूर्व प्रतीक्षा के दौरान सुविधा के लिए एक मुलाकात शेड एवं एक आटोमेटिक रोटी मेकिंग मशीन का भी उद्घाटन किया गया। महिला बन्दियों की कारागार से मुक्ति उपरांत पुनर्वास एवं उनको आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत महिला बन्दियों के लिए कम्प्यूटर प्रशिक्षण एवं सिलाई कढ़ाई प्रशिक्षण कार्यक्रम का भी डीजी कारागार आनंद कुमार ने फीता काटकर शुभारंभ किया।

## महिलाओं के लिए असुरक्षित हो चुका है उत्तर प्रदेशः कांग्रेस

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश कांग्रेस ने कहा है कि सूबे में महिलाओं के प्रति आपराधिक घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। बलात्कारए सामूहिक दुष्कर्म व हत्या की घटनाएं निरन्तर बढ़ती जा रही हैं। स्थिति इतनी भयावह है कि 6 माह की बच्ची से लेकर 80 वर्ष की बुजुर्ग महिलाएं प्रदेश में असुरक्षित हैं। तमाम सुर्खियों में आईं महिला अत्याचारों की वीभत्स घटनाओं में यह साबित हुआ है कि योगी सरकार और उनका प्रशासनिक अमला आरोपितों के संरक्षण में खड़ा है। प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता उमा शंकर पांडे ने कहा कि उन्नाव से लेकर हाथरसए शाहजहांपुर की घटनाएं इसके उदाहरण हैं। योगी सरकार की कानून व्यवस्था की स्थिति यह है कि उनके अपने गृह जनपद गोरखपुर में उनकी मौजूदगी के दिन ही एक नाबालिग बालिका (डांसर) का खुलेआम कार्यक्रम स्थल से अपराधियों द्वारा अपहरण कर सामूहिक दुष्कर्म की जघन्य घटना को अंजाम दिया गया। शर्मनाक स्थिति यह है कि पुलिस हाथ पर हाथ रखे बैठी रही। योगी आदित्यनाथ के गृह जनपद में ही न मिशन शक्ति का वजूद दिखा और न ही पिंक बूथ की सक्रियता। उन्होंने कहा कि योगी सरकार में कानून व्यवस्था पूरी तरह वेंटिलेटर पर जा चुकी है। पुलिस का इकबाल समाप्त हो चुका है और कानून व्यवस्था अपराधियों के नियंत्रण में जा चुकी है।

## भाजपा सरकार ने अपने आंख कान बंद कर रखे हैंः अखिलेश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि किसान आंदोलन को 100 दिन हो गए हैं, किसानों की घोषणा है कि यह संघर्ष तब तक जारी रहेगा जब तक तीन काले कृषि कानून वापस नहीं होते। इस लड़ाई से भारत की मिट्टी का भविष्य जुड़ा है।

किसान की मेहनत से ही लोगों को खाना मिलता है, जीवन चलता है। भाजपा सरकार ने अपने आंख-कान बंदकर रखे हैं। वे अन्नदाता की परेशानी नहीं देख पा रहे हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि देश ने कोरोना की वैश्विक महामारी देखी है। लोग घरों में कैद हो गए। कारोबार ठप्प हो गए। तब किसान ही खेत पर काम करने निकला था। उससे देश बच गया। किसान ने देश का सम्मान बचा लिया। यही किसान जब दिल्ली अपनी बात पहुंचाने जा रहे थे तब उनको अपमानित किया गया। उन्होंने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था की हालत पतली है। भाजपा के लोग खेती नहीं करते हैं। किसान का धान 900 से 1100 सौ रूपये में लूट लिया गया। मक्का और आलू कैसे खरीदा जाएगा, एमएसपी कहां मिल रही है, एक समय ईस्ट इण्डिया कम्पनी व्यापार करने आई थी, वही सरकार बन गई, हम उसके गुलाम बन गए। भाजपा सरकार कम्पनी सरकार चलाएगी। काले कानूनों से किसान की खेती छिन जाएगी। उसको न्याय भी नहीं मिलेगा। उद्योगपतियों की मनमानी चलेगी। अखिलेश ने कहा कि भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार कई रूप में जनता को दिख रहा है। पुलिस और तहसील के भ्रष्टाचार से आम जनमानस त्रस्त है। कोरोना काल से उपजे आर्थिक संकट की मार से जनता की कमर टूट गई है। डीजल पेट्रोल के दाम बेलगाम है। रसोई गैस की बढ़ी कीमतों ने लोगों का बजट खराब कर दिया है। नौजवानों के सामने रोजगार का संकट बना हुआ हैं।

# राजधानी में पूर्व गवर्नर सहित 14238 लाभार्थियों को लगी कोरोना वैक्सीन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राजधानी** में तीसरे चरण के वैक्सीनेशन प्रोग्राम के तहत शुक्रवार को राजस्थान के पूर्व गवर्नर रह चुके कल्याण सिंह व उनके सांसद पुत्र राजवीर सहित परिवार के अन्य लोगों ने पीजीआई में कोरोना की वैक्सीन लगवाई। जबकि आईपीएस ध्रुवकांत ठाकुर ने बूस्टर डोज ली। वहीं सीएमएस संस्थापक डॉ जगदीश गांधी व भारती गांधी ने भी कोरोना की वैक्सीन लगवाई। कुल मिलाकर बुजर्गों के संग हेल्थ व फ्रंटलाइन वर्कर्स में शामिल 14238 लाभार्थियों को वैक्सीन लगाई गई। आज राजधानी के सिविल, केजीएमयू, पीजीआई, लोहिया समेत अन्य अस्पतालों में वैक्सीन लगाने का काम किया गया। नोडल इंचार्ज डॉ एमके सिंह के मुताबिक 14,238 लोगों को वैक्सीन लगाई गई। इसमें 1092 हेल्थ केयर वर्कर्स और 249 फ्रंटलाइन वर्कर्स को वैक्सीन की पहली डोज लगाई गई। जबकि 5563 लाभार्थी 60 वर्ष से ऊपर और 45-59 वर्ष के बीच 1071 लाभार्थियों को वैक्सीन की पहली डोज लगाई गई। इसके अलावा 3466 हेल्थ केयर वर्कर्स और 2125 फ्रंटलाइन वर्कर्स को वैक्सीन की दूसरी डोज लगाई गई।

# मैंने केरल में सीएम पद के उम्मीदवार को लेकर कोई घोषणा नहीं की थी: सुरेंद्रन

**भाषा।** पथानमथिट्टा (केरल)

**भाजपा** की केरल इकाई के प्रमुख के सुरेंद्रन ने शुक्रवार को स्पष्ट किया कि उन्होंने राज्य में आगामी विधानसभा चुनावों के लिए पार्टी के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार को लेकर कोई घोषणा नहीं की थी। उन्होंने कहा, मैंने जो कहा, वह यह था कि जनता और पार्टी के कार्यकर्ता चाहते हैं कि ई श्रीधरन उनका नेतृत्व करें। उन्होंने कहा कि भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व ही पार्टी के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार पर फैसला करेगा। उन्होंने कहा, मैंने कल कहा था कि केरल के लोग और भाजपा कार्यकर्ता ई श्रीधरन जैसे नेता को नेतृत्व देना चाहते हैं। इसमें कोई संशय नहीं है। केरल और उसके लोग श्रीधरन का नेतृत्व चाहते हैं। सुरेंद्रन ने यहां कहा, मैं केरल में पार्टी प्रमुख हूं। मुझे पता है कि मैंने क्या कहा था। मैंने यह कहने के अलावा कल कोई घोषणा नहीं की थी कि केरल के लोग श्रीधरन का नेतृत्व चाहते हैं। उन्होंने राज्य में मीडिया को उनके बयान को गलत ढंग से पेश करने के लिए जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने दावा किया कि श्रीधरन के पार्टी में शामिल होने के बाद माकपा और कांग्रेस बेचैन हैं। केरल विधानसभा चुनाव के वास्ते मेट्रोमैन ई श्रीधरन को भाजपा के मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार बनाए जाने का ट्वीट करने के कुछ ही देर बाद केंद्रीय मंत्री वी मुरलीधरन ने बृहस्पतिवार को स्पष्ट किया था कि पार्टी ने ऐसी कोई घोषणा नहीं की है। सुरेंद्रन ने बृहस्पतिवार को कहा था, यदि राजग को मेट्रोमैन के नेतृत्व में राज्य में शासन का अवसर मिलता है तो हमें विश्वास है कि हम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में केरल में दस गुणा ताकत के साथ विकास कार्यों को लागू करेंगे। मुरलीधरन ने स्पष्ट किया कि वह यह बताना चाहते थे कि मीडिया के मार्फत उन्हें पता चला कि पार्टी ने श्रीधरन को मुख्यमंत्री पद का प्रत्याशी घोषित किया है। उन्होंने कहा कि लेकिन उन्होंने भाजपा की केरल इकाई के अध्यक्ष के सुरेंद्रन से इसका सत्यापन किया और उन्होंने (सुरेंद्रन) कहा कि उन्होंने ऐसा कोई ऐलान नहीं किया है।

**गोवा भाजपा ने प्रदेश प्रवक्ता दत्ताप्रसाद नाइक को पद से हटाया**

पणजी। पणजी में नगर निगम चुनाव के पहले गोवा भाजपा ने अपने प्रदेश प्रवक्ता दत्ताप्रसाद नाइक को पद से हटा दिया है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सदानंद शेट तानावडे ने एक आदेश जारी कर बताया है कि नाइक को पद से मुक्त कर दिया गया है। नाइक की प्रतिक्रिया नहीं मिल पाई है।

## बंगाल चुनाव : पहले दो चरणों के लिए वाम, कांग्रेस व आईएसएफ के बीच सीटों का आवंटन संपन्न

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में वाम मोर्चा, कांग्रेस व इंडियन सेक्युलर फ्रंट (आईएसएफ) महागठबंधन ने शुक्रवार को उन निर्वाचन क्षेत्रों के नामों की घोषणा कर दी जिन पर तीनों दल पहले दो चरणों के चुनाव में अपने उम्मीदवार उतारेंगे।वाम मोर्चा ने अपनी आवंटित सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा भी कर दी। हालांकि कांग्रेस और आईएसएफ द्वारा अपने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा बाद में की जाएगी। उनके नेताओं ने यह जानकारी दी। वाम मोर्चा अध्यक्ष विमान बोस ने कहा कि कुछ सीटों को लेकर अभी महागठबंधन के घटकों के बीच सहमति नहीं बनी है। इन सीटों में नंदीग्राम भी शामिल है जहां से तृणमूल कांग्रेस प्रमुख और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी चुनाव लड़ेंगी। राज्य में विधानसभा चुनाव 27 मार्च से 29 अप्रैल के बीच आठ चरणों में होंगे। मतों की गिनती दो मई को होनी है।

तिरूपति में उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू तिरूमाला के श्रीवारी मन्दिर में परिवार के साथ दर्शन-पूजन करते हुए।

## डॉलर तस्करी: स्वप्ना सुरेश ने केरल के सीएम, स्पीकर के खिलाफ आरोप लगाए

**कोच्चि।** सोना तस्करी मामले की मुख्य अभियुक्त स्वप्ना सुरेश ने मुख्यमंत्री पिनराई विजयन, विस के अध्यक्ष पी. श्रीरामकृष्णन और कुछ मंत्रियों के खिलाफ डॉलर तस्करी मामले में सनसनीखेज खुलासे किए हैं। यह दावा शुक्रवार को केरल उच्च न्यायालय में मामले की जांच कर रहे सीमा शुल्क विभाग ने किया।राज्य में विस चुनावों से कुछ हफ्ते पहले अदालत में हलफनामा दायर कर सीमा शुल्क विभाग ने कहा कि सुरेश ने एजेंसी को सीआरपीसी की धारा 108 और 164 के तहत दिए गए बयान में ए खुलासे किए। सीमा शुल्क आयुक्त सुमित कुमार की तरफ से दायर हलफनामे में दावा किया गया, धारा 108 और धारा 164 के तहत दिए गए बयान में सुरेश ने माननीय मुख्यमंत्री, केरल विधानसभा के माननीय अध्यक्ष और राज्य कैबिनेट के कुछ माननीय मंत्रियों के खिलाफ स्तब्धकारी खुलासे किए हैं।

सुरेश ने यह भी आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री के संयुक्त अरब अमीरात के महावाणिज्य दूत के साथ निकट संबंध थे और बयान दिया कि अवैध रूप से धन की लेन-देन हुई। हलफनामे में दावा किया गया, उसने स्पष्ट रूप से कहा है कि महावाणिज्य दूतावास की मदद से माननीय मुख्यमंत्री और माननीय विधानसभा अध्यक्ष के इशारे पर विदेशी मुद्रा की तस्करी हुई। डॉलर मामला तिरूवनंतपुरम में यूएई वाणिज्य दूतावास के पूर्व वित्त प्रमुख द्वारा ओमान के मस्कट में 1,90,000 डॉलर (करीब 1.30 करोड़ रुपए) की कथित तौर पर तस्करी से जुड़ा हुआ है। सोना तस्करी मामले में आरोपी सुरेश और सह-आरोपी सरित पी. एस., डॉलर मामले में भी कथित तौर पर संलिप्त हैं और सीमा शुल्क विभाग उन्हें गिरफ्तार कर चुका है। सीमा शुल्क विभाग को दिए बयान में सुरेश ने यह भी दावा किया कि मुख्यमंत्री और उनके प्रधान सचिव तथा एक निजी कर्मचारी के साथ उसके निकट संबंध थे।

## हिमाचल प्रदेश विधानसभा से कांग्रेस के पांच विधायकों का निलंबन रद: स्पीकर

**भाषा।** शिमला

**हिमाचल प्रदेश** विधानसभा से कांग्रेस के पांच विधायकों का निलंबन शुक्रवार को रद्द कर दिया गया। विधानसभा अध्यक्ष विपिन परमार ने यह जानकारी दी। राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय के साथ कथित तौर पर हाथापाई करने के मामले में विपक्ष के नेता मुकेश अग्निहोत्री और कांग्रेस के विधायकों हर्ष वर्धन चौहान, सत्यपाल रायजादा, सुंदर सिंह तथा विनय कुमार को 26 फरवरी को सदन से निलंबित कर दिया गया था। इसके बाद, संसदीय कार्य मंत्री सुरेश भारद्वाज ने कांग्रेस के पांच विधायकों का निलंबन रद्द करने का एक प्रस्ताव पेश किया था, जिसे सदन में आमराय से पारित कर दिया गया। विधानसभा में शनिवार को 2021-22 के लिए पेश किए जाने वाले बजट से ठीक एक दिन पहले पांचों विधायकों का निलंबन रद्द कर दिया गया है।

## फारूक ने संपत्ति जब्त किए जाने के मामले में ईडी के आदेश को चुनौती दी

**श्रीनगर।** नेशनल कांफ्रेंस के अध्यक्ष और जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के उस आदेश को चुनौती दी है जिसमें एजेंसी ने कथित धनशोधन के एक मामले में करीब 12 करोड़ रुपए मूल्य की उनकी रिहायशी और वाणिज्यिक संपत्ति जब्त की है। फारूक ने ईडी के आदेश को यहां जम्मू कश्मीर उच्च न्यायालय में बुधवार को चुनौती दी। इस याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई होनी है। ईडी ने आरोप लगाया है कि अब्दुल्ला 2001 से 2011 तक जम्मू कश्मीर क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष रहे और इस दौरान उन्होंने अपने पद का दुरुपयोगै किया और निकाय में नियुक्तियां कीं ताकि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड द्वारा प्रायोजित कोषों में हेराफेरी की जा सके। अब्दुल्ला ने कहा कि ईडी द्वारा कश्मीर और जम्मू में जब्त संपत्ति की सूची अंतिम रिपोर्ट व प्राथमिकी में उल्लिखित कथित आपराधिक गतिविधि से असंबंधित है। उन्होंने इसे उनके मौलिक अधिकारों का लगातार उल्लंघनै बताया। पार्टी सांसद हसनैन मसूदी के अनुसार ईडी द्वारा जब्त संपत्ति या तो पैतृक थीं या कथित अपराध होने से पहले ली गई थीं। इसलिए वे किसी धनशोधन मामले या आपराधिक गतिविधि से संबंधित नहीं है। अब्दुल्ला ने मामले में ईडी की वैधता को लेकर सवाल किया और अपनी याचिका में कहा कि ईसीआईआर (प्रवर्तन आयोग सूचना रिपोर्ट) दर्ज किए जाने की तारीख और जांच की शुरुआत के समय जम्मू कश्मीर राज्य, जम्मू कश्मीर के संविधान, 1956 द्वारा शासित था और भारत के संविधान के अनुच्छेद 370 के तहत राज्य को विशेष दर्जा प्राप्त था। उन्होंने कहा कि ईडी ने 28 दिसंबर, 2018 को रणबीर दंड संहिता के तहत यह पता लगाए बिना मामला दर्ज किया कि क्या यह उसके अधिकार क्षेत्र में है या नहीं।

## तृणमूल विधायक ने विधानसभा चुनाव लड़ने से किया इनकार

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस के कई नेताओं और पार्टी छोड़ने के बीच तृणमूल के एक और विधायक समीर चक्रवर्ती ने कहा कि वह पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे।तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के नेतृत्व ने कहा कि वे इस मुद्दे पर चक्रवर्ती से बात करेंगे।चक्रवर्ती ने फेसबुक पर पोस्ट कर कहा, मैंने पार्टी सुप्रीमो (ममता बनर्जी) को बता दिया है कि मैं चुनाव नहीं लड़ना चाहता, लेकिन पार्टी के लिए प्रचार करूंगा।चक्रवर्ती पहली बार बांकुरा जिला में तालडंगरा से विधायक चुने गए थे। वह टीवी समाचार चैनलों पर होने वाले कार्यक्रमों में तृणमूल का जाना माना चेहरा हैं और इन कार्यक्रमों में विभिन्न मुद्दों पर टीएमसी का विचार रखते हैं।भाजपा नेता सायंतन बसु ने कहा कि 2019 में लोकसभा चुनाव के साथ तालडंगरा निर्वाचन क्षेत्र में टीएमसी भाजपा से बेहद पीछे थी और यहां से भगवा पार्टी के सुभाष सरकार विजई रहे थे। यह क्षेत्र बांकुरा संसदीय क्षेत्र में पड़ता है।

## क्विक न्यूज

### बाघ ने हमला कर एक व्यक्ति की जान ली

**चंद्रपुर (महाराष्ट्र)।** महाराष्ट्र मे चंद्रपुर जिले के जंगल मे बाघ ने हमला कर एक व्यक्ति की जान ले ली, जबकि भालू के हमले मे दो अन्य व्यक्ति घायल हो गए। वन विभाग के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।चंद्रपुर क्षेत्र के मुख्य वन संरक्षक एन आर प्रवीण ने बताया कि बाघ के हमले की घटना मध्य चंदा संभाग के पोम्भुरना वन क्षेत्र मे स्थित जंगल मे हुई। अधिकारी ने बताया कि बाघ ने पोम्भुरना तहसील निवासी पुरुषोत्तम मडावी पर हमला कर दिया और उसकी जान ले ली। वह घास लाने जंगल मे गया था, तभी यह घटना हुई। उन्होने बताया कि पीड़ित का शव बृहस्पतिवार सुबह उसके परिवार के सदस्यो ने बरामद किया। इस बीच शुक्रवार को जमनजेट्टी इलाके मे एक भालू के हमले मे दो व्यक्ति घायल हो गए। उनका एक अस्पताल मे इलाज चल रहा है।

### नक्सलियों के हथियार निर्माण इकाई का भंडाफोड़, मुठभेड

**नागपुर।** महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ की सीमा के पास गढ़चिरौली पुलिस की सी-60 कमांडो इकाई के नेतृत्व मे चलाए गए अभियान मे शुक्रवार को नक्सलियो के हथियार निर्माण इकाई का भंडाफोड़ हुआ। यह जानकारी एक वरिष्ठ अधिकारी ने दी।गढ़चिरौली रेंज के पुलिस उपमहानिदेशक संदीप पाटिल ने कहा कि छत्तीसगढ़ की सीमा के करीब पांच किलोमीटर अंदर माड इलाके मे नक्सलियो के साथ मुठभेड़ मे एक जवान घायल हुआ है। उन्होने कहा कि पुलिस दल की सहायता के लिए एक हेलीकॉप्टर रवाना किया गया है। उन्होने कहा कि माओवादियो के एक हथियार निर्माण इकाई का भंडाफोड़ हुआ है। डीआईजी ने बताया कि गढ़चिरौली के भामरागढ़ तालुका के कोपारशी के जंगलो मे पिछले 48 घंटे से अभियान जारी है और टीम के शिविर पहुंचने पर विस्तार से जानकारी मिल पाएगी।

### नामी हस्तियों को मादक पदार्थ की आपूर्ति करने वाला नाइजीरियाई नागरिक बेंगलुरू में गिरफ्तार

**बेंगलुरु।** नामी हस्तियो को यहां मादक पदार्थो की आपूर्ति कर रहे नाइजीरिया के एक नागरिक को 40 लाख रुपए मूल्य के नशीले पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार नाइजीरिया के लोगास के ओल्ड याबा के निवासी 43 वर्षीय उगचुकुविक्टर को शहर के वदरापल्लया से गिरफ्तार किया गया। बेंगलुरु के संयुक्त पुलिस कमिश्नर संदीप पाटिल ने शुक्रवार को ट्वीट कर कहा कि केंद्रीय अपराध शाखा ने अफ्रीका के मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार कर 40 लाख रुपए मूल्य का नशीला पदार्थ एमडीएमए बरामद किया। उन्होने बताया कि आरोपी छात्र वीजा पर आया था। उन्होने बताया कि विदेशी अधिनियम और स्वापक औषधि और मन प्रभावी पदार्थ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस सूत्रो ने बताया कि आरोपी मुंबई मे अपने दोस्त मिशेल से मादक पदार्थ हासिल कर यहां नामी हस्तियो को आपूर्ति करता था।

### अन्नाद्रमुक ने तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की

**चेन्नई।** तमिलनाडु मे छह अप्रैल को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए सत्तारूढ़ अन्नाद्रमुक ने छह उम्मीदवारो की अपनी पहली सूची शुक्रवार को जारी कर दी। मुख्यमंत्री के पलानीस्वामी अपने गृह जिले सेलम मे इडाप्पडी निर्वाचन क्षेत्र से और उपमुख्यमंत्री ओ पनीरसेल्वम थेणी जिले मे बोदिनायाकन्नूर से चुनाव लड़ेंगे। वरिष्ठ नेता डी जयकुमार (मत्स्य मंत्री) रोयापुरम से और सी वी शनमुगम (विधि मंत्री) उत्तरी तमिलनाडु मे विल्लुपुरम से चुनावी मुकाबले मे उतरेंगे। विधायक एस पी शनमुगनाथन और एस थेनमोझी क्रमशः श्रीवैगुंडम और नीलाकोट्टई (आरक्षित) सीट से चुनाव लड़ेंगे।

### अंबानी के घर के पास वाहन मामले की जांच एनआईए को सौंपी जाए:फड़णवीस

**मुंबई।** भाजपा नेता देवेंद्र फड़णवीस ने यहां उद्योगपति मुकेश अंबानी के आवास के पास विस्फोटको से लदी एक कार पाए जाने की घटना की जांच शुक्रवार को राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) को सौपने की मांग की। उन्होने राज्य मे कानून व्यवस्था के मुद्दे पर विधानसभा मे चर्चा के दौरान यह मांग की। विधानसभा मे विपक्ष के नेता ने कहा कि वाहन के मालिक और एक पुलिस अधिकारी के बीच टेलीफोन पर बातचीत हुई थी। फड़णवीस ने कहा, स्थानीय पुलिस थाने के कर्मियो और अपराध शाखा के अधिकारियो के बजाय वह पुलिस अधिकारी ही सबसे पहले मौके पर पहुंचे थे। उन्होने दावा किया, वाहन के मालिक ने क्रॉफोर्ड मार्केट मे एक व्यक्ति से मुलाकात की थी। वह कौन था? वाहन का मालिक ठाणे मे रहता है और मौके पर सबसे पहले पहुंचे पुलिस अधिकारी भी ठाणे मे ही रहते है। उन्होने कहा, इस तरह, कई इत्तेफाक संदेह पैदा करते है और इसलिए जांच एनआई को सौपी जानी चाहिए। गौरतलब है कि पिछले हफ्ते रिलायंस इंटस्ट्रीज के अध्यक्ष अंबानी के आवास एंटीलिया के पास एक एसयूवी (स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल) खड़ी पाई गई थी।

जम्मू में एनसीसी कैडेट वार्षिक ट्रेनिंग कैंप में परफारमेन्स देते हुए।

## पेड़ लगाना पृथ्वी को बचाने का अभियान : शिवराज चौहान

**भाषा।** भोपाल

**मध्य प्रदेश** के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को 62 वें जन्मदिन के मौके पर यहां अपने सरकारी निवास पर बेल का पौधा लगाया और पेड़ लगाए जोन को धरती बचाने का अभियान करार दिया। मुख्यमंत्री ने जन्मदिवस के मौके पर विभिन्न स्थानों पर मंत्रिपरिषद के सदस्यों, जन प्रतिनिधियों, अधिकारियों और मीडिया प्रतिनिधियों के साथ यहां सामूहिक तौर पर पौधा रोपण किया। उन्होंने कहा, यह अत्यंत पुनीत कार्य है।

इस पवित्र सामाजिक अभियान को सफल बनाने के लिए मैं निकल पड़ा हूं। आप सब इस कार्य में पूरा सहयोग करें। मालूम हो कि चौहान ने प्रतिदिन एक पौधा लगाने का संकल्प लिया है।मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं अपने जन्म-दिन पर आप सभी से आग्रह और अपील करता हूं कि अधिक से अधिक पौधा-रोपण करें, यही मेरे लिए सच्चा उपहार होगा।चौहान ने अपने जन्म-दिन के मौके पर सुबह सबसे पहले अपने निवास पर बेल का पौधा रोपा। इस अवसर पर सांसद एवं प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वी डी शर्मा, प्रदेश के मंत्री विजय शाह, डॉ. प्रभुराम चौधरी सहित प्रदेश भाजपा के पदाधिकारी मौजूद थे। इसके बाद मुख्यमंत्री ने स्मार्ट सिटी पार्क में मीडियाकर्मियों के साथ पौधा-रोपण किया और यहां उन्होंने बरगद सहित लगभग 25 प्रजातियों के पौधे रोपे। इसके बाद चौहान ने मध्यप्रदेश विधानसभा परिसर में विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम और मंत्रि-परिषद के सदस्यों के साथ कदंब के 6 पौधे रोपे। इसके बाद मुख्यमंत्री ने प्रदेश के मंत्रालय में भी अधिकारियों और मंत्रियों के साथ पौधा रोपण किया।

## सरकार मीरवाइज उमर फारूक को रिहा करने के फैसले से पीछे हटी : हुर्रियत

**श्रीनगर।** उदारवादी हुर्यित कॉन्फ्रेंस ने शुक्रवार को दावा किया कि जम्मू कश्मीर के अधिकारी उसके अध्यक्ष मीरवाइज उमर फारूक को एहतियाती हिरासत से रिहा करने के अपने फैसले से पीछे हट गए हैं। फारूक के एक करीबी सहयोगी ने बृहस्पतिवार को दावा किया था कि मीरवाइज की आवाजाही पर लगी रोक हटा ली गई है। हालांकि, प्रशासन ने तो न इसकी पुष्टि की और न ही इसका खंडन किया। एक हुर्यित प्रवक्ता ने शुक्रवार को कहा, हुर्यित कांफ्रेंस कड़ी नाराजगी और खेद जताता है कि अगस्त 2019 से ही, 20 महीने से नजरबंद उसके अध्यक्ष और मीरवाइज-ए-कश्मीर उमर फारूक की रिहाई की घोषणा के बाद सरकारी अधिकारी अपने फैसले से पीछे हट गए। प्रवक्ता ने दावा किया कि पुलिस अधिकारियों ने बृहस्पतिवार देर रात मीरवाइज से उनके निवास पर मुलाकात की और उन्हें बताया कि उनकी नजरबंदी कायम है तथा उन्हें शुक्रवार की नमाज के लिए जामिया मस्जिद जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी प्रवक्ता ने कहा,"सुबह से ही उनके घर के बाहर अतिरिक्त बल तैनात किया गया है"। उन्होंने कहा कि हुर्यित इसकी कड़ी निंदा करता है। प्रवक्ता ने सवाल किया, हाल ही में संसद में, गृह राज्य मंत्री ने स्पष्ट कहा था कि जम्मू कश्मीर में कोई भी नजरबंद नहीं है। यदि ऐसा है, तो मीरवाइज को हिरासत में क्यों रखा जा रहा है। हालांकि प्रवक्ता ने लोगों से अपील की कि वे उम्मीद बनाए रखें और किसी भी तरह की हिंसा का सहारा न लें। मीरवाइज सहित अलगाववादी और मुख्यधारा के सैकड़ों नेताओं को करीब 19 महीने उस समय हिरासत में ले लिया गया था या घरों में नजरबंद कर दिया था जब केंद्र ने संविधान के अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को निरस्त करते हुए जम्मू कश्मीर के विशेष दर्जे को रद्द कर दिया था। अधिकतर नेताओं को पिछले साल मार्च तक रिहा कर दिया गया था लेकिन मीरवाइज सहित कुछ लोग अब भी हिरासत में हैं।

# विपक्ष ने कोविड-19 के टीके को लेकर राजनीति की: भाजपा

**भाषा।** नई दिल्ली

**कोविड-19** टीके के मुद्दे पर विपक्षी दलों पर हमला जारी रखते हुए भाजपा ने शुक्रवार को कहा कि सभी विरोधी दलों, खासकर कांग्रेस ने इस मामले में ना सिर्फ राजनीति की बल्कि भ्रम भी पैदा किया। भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा कि विपक्षी नेताओं ने भारत बायोटेक द्वारा स्वदेश निर्मित कोवैक्सिन टीके के प्रभावोत्पादकता को लेकर सवाल उठाए थे और विपक्ष शासित राज्यों पंजाब, छत्तीसगढ़, केरल, पश्चिम बंगाल और झारखंड ने भी टीके को लेकर आशंकाएं जाहिर की थी।

पात्रा ने संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा, मैं पूछना चाहता हूं कि क्या आपको देश के डॉक्टरों और वैज्ञानिकों पर भरोसा नहीं है? चालीस से अधिक देशों ने कोवैक्सिन टीके का ऑर्डर दिया है। लेकिन भारत में ऐसे लोग हैं जो निजी राजनीतिक स्वार्थों के लिए इस पर राजनीति कर रहे हैं। ड्रग नियंत्रक द्वारा जनवरी में भारत बायोटेक द्वारा निर्मित कोवैक्सीन के आपातकालीन इस्तेमाल को हरी झंडी दी थी। इसके बाद कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया था कि टीके के परीक्षण के अंतिम परिणाम आने से पहले ही इसके आपात इस्तेमाल की मंजूरी दे दी गई। पिछले दिनों कोवैक्सीन टीका एक परीक्षण में 81 प्रतिशत प्रभावी पाया गया है।

पात्रा ने आरोप लगाया कि विपक्ष देश को भटकाने के लिए कहता था कि अगर कोरोना का टीका सही है तो प्रधानमंत्री पहले टीका लगवाएं। उन्होंने कहा, आप सभी ने देखा कि जब प्रधानमंत्री जी की बारी आई तो किस प्रकार से खुद एम्स जाकर लाइन में खड़े होकर उन्होंने स्वदेशी टीका लगवाया। उन्होंने कहा कि किसी भी राजनेता या किसी भी राजनीतिक पार्टी का कर्तव्य होता है कि जब देश में टीकाकरण जैसा एक ऐतिहासिक कार्य चल रहा हो तो उस समय देश में संशय का वातावरण पैदा नहीं किया जाए और एकजुट होकर ऐसे समय में एक साथ खड़े होना चाहिए।उन्होंने कहा, राष्ट्रपति जी, उपराष्ट्रपति जी, प्रधानमंत्री जी, मंत्रिगण सभी का टीकाकरण हुआ।

फिर भी विपक्ष की इस प्रकार की राजनीति सही नहीं है। कोवैक्सीन के 81 प्रतिशत प्रभावी होने संबंधी आंकड़े आने के बाद भाजपा ने बृहस्पतिवार को भी टीके के परीक्षण के अंतिम परिणाम आने से पहले ही इसके आपात इस्तेमाल की मंजूरी दिए जाने को लेकर सवाल उठाने के लिए कांग्रेस पर निशाना साधा और कहा कि सभी को इसके परिणामों पर गर्व करना चाहिए। भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए दावा किया था कि अगर यही कांग्रेस की सरकार होती तो सबसे पहला टीका गांधी परिवार को लगता।

कोलकाता में पुस्तक मेले में स्टाल पर लगी किताबों को देखते बच्चे।

# कर्नाटक में पार्टी विधायक के निलंबन के खिलाफ कांग्रेस सदस्यों का हंगामा

## सदन की कार्यवाही बाधित

भाषा। बेंगलुरु

**कर्नाटक विधानसभा** में विपक्षी कांग्रेस के विधायकों ने अशोभनीय आचरण के लिए उनके एक सहयोगी को सदन से निलंबित किए जाने का शुक्रवार को विरोध किया। कांग्रेस सदस्यों के हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही बाधित हुई। कांग्रेस के सदस्यों ने पार्टी विधायक के निलंबन को वापस लेने की मांग की। कांग्रेस विधायक बी के संगमेश को सदन में अपनी कमीज उतारने के लिए 12 मार्च तक विधानसभा से बृहस्पतिवार को निलंबित कर दिया गया था। कर्नाटक विधानसभा में बृहस्पतिवार को कांग्रेस विधायकों ने एक राष्ट्र, एक चुनाव विषय पर विशेष चर्चा कराने के विधानसभा अध्यक्ष वी एच कागेड़ी के फैसले का विरोध किया था। कांग्रेस विधायकों ने एक राष्ट्र, एक चुनाव को आरएसएस का एजेंडा बताते हुए स्पष्ट किया था कि वे इस विषय पर चर्चा नहीं होने देंगे। सदन में शुक्रवार को कांग्रेस विधायकों ने संगमेश के निलंबन को वापस लेने की मांग की और वे अध्यक्ष के आसन के निकट आ गए। नेता प्रतिपक्ष सिद्धरमैया ने विधानसभा अध्यक्ष से संगमेश के निलंबन को वापस लेने का आग्रह किया। संगमेश का बचाव करते हुए उन्होंने कहा कि एक सप्ताह के लिए उन्हें निलंबित करने का निर्णय सही नहीं है, और उन्होंने मांग की कि अपनी शक्तियों का उपयोग करते हुए अध्यक्ष को निलंबन रद्द करना चाहिए। सत्तारूढ़ भाजपा के सदस्यों ने पलटवार करते हुए अशोभनीय आचरण का बचाव करने के लिए कांग्रेस और सिद्धरमैया की निंदा की। कानून और संसदीय कार्य मंत्री बसवराज बो मई ने कहा, अध्यक्ष ने संगमेश को सूचित किया था कि झूठे मामलों के बारे में उनके नोटिस को सुना जाएगा, लेकिन इसके बावजूद एक राष्ट्र, एक चुनाव पर विपक्ष के विरोध के दौरान उन्होंने कमीज उतारकर अनुचित व्यवहार किया। सिद्धरमैया ने कहा कि एक राष्ट्र, एक चुनाव आरएसएस का एजेंडा है और यहां इस पर चर्चा नहीं की जा सकती है। उन्होंने कहा, हम यह नहीं होने देंगे। इसके बाद अध्यक्ष ने कुछ समय के लिए सदन की कार्यवाही को स्थगित कर दिया। सदन की कार्यवाही फिर से शुरू होने पर कांग्रेस सदस्यों का हंगामा जारी रहा और अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही दोपहर के भोजन तक के लिए स्थगित कर दी। कार्यवाही फिर से शुरू होने के बाद भी हंगामा जारी रहा, जिसके चलते विधानसभा अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही सोमवार तक स्थगित कर दी। बजट सत्र की शुरुआत में चार और पांच मार्च को एक राष्ट्र, एक चुनाव पर चर्चा प्रस्तावित थी।

भोपाल में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के 62वें जन्मदिन के अवसर पर पार्टी विधायकों ने उनका स्वागत किया

## सीबीएसई ने दसवीं, बारहवीं के विषयों की बोर्ड परीक्षा तिथि में बदलाव किया

भाषा। नई दिल्ली

**केंद्रीय माध्यमिक** शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने दसवीं और बारहवीं कक्षाओं के लिए शुक्रवार को कुछ विषयों की बोर्ड परीक्षा की नई तिथियां जारी कीं जिसमें गणित, वाणिज्य और भौतिक विज्ञान शामिल हैं। नई परीक्षा तिथि के मुताबिक, दसवीं कक्षा की विज्ञान विषय की परीक्षा को 21 मई के लिए कर दिया गया है। इससे पहले यह 15 मई को आयोजित होने वाली थी। गणित की पीरक्षा 21 मई को होने वाली थी जो अब दो जून को होगी।

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने कहा कि बारहवीं कक्षा की भौतिकी की परीक्षा 13 मई को होने वाली थी जो अब आठ जून को होगी। नई तारीख के मुताबिक, 12वीं कक्षा के विज्ञान एवं वाणिज्य के छात्रों के लिए गणित और प्रायोगिक गणित की परीक्षा पहले एक जून को होने वाली थी जो अब 31 मई को होगी। बोर्ड ने कला संकाय के लिए भूगोल की परीक्षा दो जून के बजाए तीन जून को आयोजित कराने का फैसला किया है। दसवीं एवं 12वीं कक्षाओं की परीक्षाएं चार मई से शुरू होंगी और दस जून को समाप्त होंगी। सामान्य तौर पर व्यावहारिक परीक्षाएं जनवरी में होती थीं और लिखित परीक्षाएं फरवरी में शुरू होती थीं और मार्च में समाप्त होती थीं। बहरहाल, कोविड-19 महामारी के चलते इस सत्र में परीक्षाएं विलंब से आयोजित की जा रही हैं। कोविड-19 के प्रसार को रोकने के लिए पूरे देश में पिछले वर्ष मार्च से स्कूल बंद कर दिए गए थे। कुछ राज्यों ने 15 अक्टूबर से आंशिक रूप से स्कूलों को खोला है।

## कॉलेजियम ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के स्थायी न्यायाधीश के लिए 10 नामों को दी मंजूरी

भाषा। नई दिल्ली

**उच्चतम न्यायालय** के कॉलेजियम ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के 10 अतिरिक्त न्यायाधीशों को स्थाई न्यायाधीश के तौर पर नियुक्त करने के प्रस्ताव को शुक्रवार को मंजूरी दे दी। प्रधान न्यायाधीश एस ए बोब्डे की अध्यक्षता वाले कॉलेजियम ने एक बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दी जिसे बाद में उच्चतम न्यायालय की वेबसाइट पर अपलोड किया गया। जिन नामों को मंजूरी दी गई है वे हैं- न्यायमूर्ति अली जमीन, न्यायमूर्ति विपिन चंद्र दीक्षित, न्यायमूर्ति शेखर कुमार यादव, न्यायामूर्ति रवि नाथ तिलहरी, न्यायमूर्ति दीपक वर्मा, न्यायामूर्ति गौतम चौधरी, न्यायमूर्ति शमीम अहमद, न्यायमूर्ति दिनेश पाठक, न्यायमूर्ति मनीष कुमार और न्यायमूर्ति समित गोपाल। उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के बारे में फैसला लेने वाली तीन सदस्ईय कॉलेजियम में प्रधान न्यायाधीश बोब्डे के अलावा न्यायमूर्ति ए वी रमणा और न्यायमूर्ति आर एफ नरीमन भी शामिल थे। इसके अलावा कॉलेजियम ने न्यायिक अधिकारी ए बदरूदीन को केरल उच्च न्यायालय का न्यायाधीश बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। कॉलेजियम ने विभिन्न उच्च न्यायालयों में पांच अधिवक्ताओं को न्यायाधीश के तौर पर प्रोन्नत करने के लिए अपनी पूर्व की सिफारिशों को भी दोहराया। जिन अधिवक्ताओं के नाम की अनुशंसा की गई है वे हैं- केरल उच्च न्यायालय के लिए वीजू अब्राहम, मोह मद नियास सीपी और पॉल केके, कर्नाटक उच्च न्यायालय के लिए नागेंद्र रामचंद्र नाइक और हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के लिए सत्एन वैद्य। एक अन्य फैसले में कॉलेजियम ने पांच अधिवक्ताओं को विभिन्न उच्च न्यायालय में न्यायाधीश नियुक्त किए जाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी। जिन अधिवक्ताओं के नाम की सिफारिश की गई थी वो हैं- मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के लिए विवेक शरण, निधि पाटनकर और प्रणय वर्मा, पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के लिए विकास बहल तथा ज मू कश्मीर उच्च न्यायालय के लिए राहुल भारती।

## नेपाली पुलिस की गोलीबारी में एक भारतीय की मौत

**पीलीभीत।** उत्तर प्रदेश के पीलीभीत जिले की सीमा से लगे नेपाल के कंचनपुर इलाके में मेला घूमने गए तीन भारतीयों पर नेपाली पुलिस की कथित गोलीबारी के बाद इलाज के दौरान एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश यादव ने बताया कि युवक का शव नेपाल पुलिस के कब्जे में ही है। वहीं, नेपाली पुलिस ने तस्करी का आरोप लगाते हुए गोली चलाने की बात कही है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि हजारा थाना क्षेत्र के भूमिदान राघवपुरी टिल्ला चार गांव के रहने वाले गोविंद सिंह, गुरमीत सिंह और पप्पू सिंह नेपाल के कंचनपुर में लगे मेले में गए थे। नेपाली पुलिस ने तीनों की घेर कर उन पर गोली चला दी। यादव ने बताया कि इस गोलीबारी में गोविंद सिंह (24) गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय प्राथमिक चिकित्सालय में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## क्विक न्यूज

### ईडी ने महबूबा मुफ्ती को 15 मार्च को तलब किया

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धनशोधन के एक मामले में जम्मू कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मु ती को पूछताछ के लिए 15 मार्च को तलब किया है। अधिकारियो ने यह जानकारी दी। करीब एक साल की हिरासत के बाद पीडीपी नेता मु ती (60) को पिछले साल रिहा किया गया था। उन्हे राष्ट्रीय राजधानी मे ईडी मु यालय मे पेश होने के लिए नोटिस दिया गया है। उन्होने बताया कि धनशोधन रोकथाम कानून के तहत एक मामला दर्ज किया गया था। मामले के बारे मे फिलहाल विशेष जानकारी नही मिल पाई है।

### ईडी ने हवाला मामले के सिलसिले में मुंबई, गोवा में छापे मारे

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को कहा कि उसने हवाला जांच के सिलसिले मे मुंबई और गोवा मे छापे मारे है। जांच एजेंसी ने एक बयान मे कहा कि मुद्रा विनिमय करने वाले सेटे मारेस ग्लोबल फॉरेक्स प्राइवेट लिमिटेड और नेमीचंद खेमराज फॉरेक्स प्राइवेट लिमिटेड के निदेशको के कार्यालयो एवं आवासीय परिसरो मे छापे मारे गए है। बयान मे कहा गया है कि विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के तहत इन स्थानो पर तलाशी ली गई। बयान मे कहा गया है कि ए दोनो कंपनियां पूर्ण रूप से मुद्रा की अदला-बदली (मुद्रा विनिमय) का काम करती है। ईडी ने कहा कि छापे के दौरान 44.37 लाख रुपए नकद और 9.55 लाख रुपए मूल्य की विदेशी मुद्रा जब्त की गई। जांच एजेंसी ने कहा कि हवाला लेन देन से संबद्ध संदिग्ध दस्तावेज, लैपटॉप, मोबाइल फोन आदि भी बरामद किए गए है।

### शराब और बियर बार की ओर से भगवान के नाम के उपयोग पर प्रतिबंध के लिए लाया गया विधेयक

**मुंबई।** शिवसेना विधायक मनीषा कायंदे ने शुक्रवार को महाराष्ट्र विधान परिषद मे एक निजी विधेयक पेश किया जिसमे शराब और बियर बार द्वारा भगवान के नाम के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने का प्रावधान है। इसके जरिए शराब की दुकानो और बीयर बार के होर्डिंग और नाम के बोर्ड पर देवी-देवताओ, संतो, महान हस्तियो और राष्ट्रीय नायको के नाम व तस्वीरो का उपयोग प्रतिबंधित करने का प्रावधान किया गया है। इस विधेयक पर अगले सत्र मे चर्चा होगी। कायंदे ने पीटीआई-भाषा से कहा, सदन द्वारा विधेयक को चर्चा के लिए स्वीकार किया गया है। इस पर अगले सत्र मे चर्चा होगी।

### उपराष्ट्रपति नायडू ने भगवान वेंकटेश्वर के मंदिर में पूजा-अर्चना की

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू ने शुक्रवार को आंध्रप्रदेश के तिरुमाला मे भगवान वेंकटेश्वर के मंदिर मे अपनी पत्नी और परिवार के अन्य सदस्यो के साथ पूजा-अर्चना की। उपराष्ट्रपति सचिवालय ने ट्वीट किया कि नायडू ने शांति और समृद्धि तथा भारत और विश्व के लोगो की खुशहाली के लिए प्रार्थना की। अधिकारियो ने कहा कि प्रोटोकॉल को त्यागते हुए उपराष्ट्रपति सामान्य वैकुंठम लाइन से मंदिर मे गए। प्रोटोकॉल के तहत वह सीधे महा द्वारम से अंदर जा सकते थे।

### छत्तीसगढ़ में आईईडी विस्फोट की चपेट में आने से आईटीबीपी जवान की मौत

**नई दिल्ली।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित नारायणपुर जिले मे शुक्रवार को हुए आईईडी विस्फोट की चपेट मे आने से आईटीबीपी के एक जवान की मौत हो गई। अधिकारियो ने यह जानकारी दी। उन्होने बताया कि जिले के कोहकमेटा इलाके मे नक्सलियो द्वारा बिछाई गई आईईडी मे हुए विस्फोट की चपेट मे आकर हेड कांस्टेबल रामतेर मंगेश की मौत हो गई। यह घटना शाम करीब पांच बजे उस समय हुई, जब भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) का दल एक अभियान पर था। अधिकारियो ने बताया कि मंगेश महाराष्ट्र मे नागपुर के रहने वाले थे।

### पुलवामा जिले में कम तीव्रता का विस्फोट, कोई हताहत नही

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले मे शुक्रवार को कम तीव्रता का विस्फोट हुआ। हालांकि, इसके चलते किसी के हताहत होने और नुकसान की सूचना नही है। अधिकारियो ने यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने कहा, पुलवामा जिले के कोइल क्रॉसिंग के पास शुक्रवार शाम को धमाका हुआ। अनुमान है कि यह कम तीव्रता का आईईडी धमाका था।

पटना में बजट सत्र के दौरान विधानसभा के बाहर राष्ट्रीय जनता दल के विधायक प्रदर्शन करते हुए

## मीएम मोदी को सेरावीक वैश्विक ऊर्जा और पर्यावरण लीडरशीप पुरस्कार से नवाजा गया

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को शुक्रवार को कै ब्रिज एनर्जी रिसर्च एसोसिएट्स वीक (सेरावीक) के वैश्विक ऊर्जा और पर्यावरण नेतृत्व पुरस्कार से नवाजा गया। वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से आयोजित एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने यह स मान स्वीकार किया और इसे देश की जनता को समर्पित किया। अपने संक्षिप्त संबोधन में उन्होंने कहा, मैं बहुत विनम्रता के साथ सेरावीक वैश्विक ऊर्जा और पर्यावरण नेतृत्व पुरस्कार को स्वीकार करता हूं। मैं इस पुरस्कार को अपने महान देश की जनता को समर्पित करता हूं। मैं यह पुरस्कार अपनी भूमि की महान पर परा को समर्पित करता हूं जिसने पर्यावरण को हमेशा राह दिखाई है। सेरावीक वैश्विक ऊर्जा और पर्यावरण लीडरशीप पुरस्कार की शुरुआत 2016 में हुई थी। वैश्विक ऊर्जा और पर्यावरण के क्षेत्र में प्रतिबद्ध नेतृत्व के लिए यह पुरस्कार प्रदान किया जाता है।

## महिला ने किया अदालत का रुख शिवसेना नेता और अपने पति के इशारे पर परेशान करने का लगाया आरोप

भाषा। मुंबई

**एक महिला** ने बंबई उच्च न्यायालय का रुख कर शिवसेना के नेता संजय राउत और अलग रह रहे अपने पति के इशारे पर कुछ लोगों द्वारा पीछा किए जाने और परेशान करने का आरोप लगाया। वहीं, राउत के वकील ने शुक्रवार को अदालत के समक्ष इन दावों को खारिज किया। पेशे से मनोचिकित्सक महिला (36) ने पिछले महीने दाखिल अपनी याचिका में दावा किया कि राउत और अलग रह रहे पति के इशारे पर कुछ अज्ञात लोग उसका पीछा करते हैं और उसे परेशान करते हैं। अपनी याचिका में महिला ने कहा कि उसने 2013 और 2018 में भी तीन शिकायतें दर्ज कराई थी लेकिन दोषियों के खिलाफ कोई कार्वाई नहीं की गई। न्यायमूर्ति एस एस शिंदे की पीठ के समक्ष शुक्रवार को याचिका पर सुनवाई होने के दौरान राउत के वकील प्रसाद धकेपहलकर ने याचिका का विरोध किया और आरोपों का खंडन किया। वकील ने कहा, वह (याचिकाकर्ता) पारिवारिक दोस्त हैं और राउत की बेटी की तरह हैं। राउत उनके परिवार को अच्छे से जानते हैं। याचिकाकर्ता और उनके पति के बीच रिश्ते ठीक नहीं है और वह सोचती हैं कि राउत उनके पति की मदद कर रहे हैं। इसलिए, इस तरह के आरोप लगाए गए हैं। लोक अभियोजक दीपक ठाकरे ने अदालत को बताया कि 2019 में इनमें से एक प्राथमिकी पर आरोपपत्र दाखिल किया गया था। अदालत ने पुलिस को याचिकाकर्ता को आरोपपत्र की एक प्रति मुहैया कराने को कहा और मामले को 19 मार्च के लिए सूचीबद्ध किया।

## पेज एक का शेष

### भवानीपुर छोड़ ...

काम करने का आह्वान करते हुए कहा कि बाहरी लोगों से बंगाल की विरासत को बचाना है। उन्होंने कहा कि कुछ बाहरी लोग अपनी इ%छा के अनुसार चुनाव आयोग को प्रभावित करना चाहत हैं लेकिन मैं आपसे कहती हूं कि बंगाल की जनता उनके बुरे विचारों को हराएगी। मुख्यमंत्री नंदीग्राम सीट के लिए 10 मार्च को हल्दिया में नामांकन दाखिल करेंगी। उन्होंने कहा ' 09 मार्च को पार्टी का घोषणापत्र जारी होगा और मैं 10 मार्च को नामांकन करूंगी। मैं नंदीग्राम से चुनाव लड़ने के अपने वादे पर कायम हूं।' उन्होंने कोलकोता के टॉलीगुवेंग सीट से भी चुनाव में उतरने की बात स्वीकार की। तृणमूल कांग्रेस ने तीन सीट दार्जिलिग, कालीमपोंग और कुरेसियोंग सीट गोरखा मुक्ति मोर्चा के लिए छोड़ी है। वहीं नंदीग्राम सीट पर ममता बनर्जी के चुनाव लड़ने से राज्य के मंत्री सोहनदेब चट्टोपाध्याय भवानीपुर सीट से चुनाव मैदान में उतरेंगे।

### उम्मीद है चीन...

में हमारे साथ काम करे ताकि शेष क्षेत्रों से सैनिकों के पीछे हटने की प्रक्रिया जल्द पूरी की जा सके । ''प्रवक्ता ने कहा, '' इससे दोनों पक्षों के लिये पूर्वी लद्दाख में अपने बलों को पीछे हटाना सुगम होगा क्योंकि इससे ही शांति बहाल हो सकेगी और हमारे द्विपक्षीय संबंधों की प्रगति के लिये माहौल बन सकेगा । ''गौरतलब है कि दोनों देशों की सेनाओं ने पूर्वी लद्दाख में कई महीने तक जारी गतिरोध के बाद उत्तरी और दक्षिणी पैंगोंग क्षेत्र से अपने अपने सैनिकों एवं हथियारों को पीछे हटा लिया था । हालांकि कुछ मुद्दे अभी बने हुए हैं । समझा जाता है कि बातचीत के दौरान भारत ने गोगरा, हाट स्प्रिंग, देपसांग जैसे क्षेत्रों से भी तेजी से पीछे हटने पर जोर दिया था ।

### बिहारः जहरीली शराब...

लोगों को आरोपी बनाया गया था, जिसमें से एक की न्यायिक हिरासत में मौत हो गई थी।

### जम्मू के पंच ...

स्वास्थ्य विभाग की ओर से लगाया गया था, क्योंकि सरकारी डिस्पेंसरी में जगह की कमी थी। पंच मंदिर प्रबंध समिति के एक सदस्य ने द पायनियर को बताया कि मंदिर के अधिकारियों ने स्वास्थ्य विभाग को केवल हॉल और कुर्सियां उपलब्ध कराई थीं। कोविड प्रोटोकॉल का ध्यान रखते हुए पीने के पानी और सेनेटाइजर का इंतजाम भी मंदिर प्रबंधन ने किया था। इस बीच, जम्मू की स्वास्थ्य निदेशक डॉ. रेणु शर्मा से कई बार संपर्क की कोशिश की गई, लेकिन उनसे बात नहीं हो सकी।

### क्वाड देशों की ...

आने वाले दिनों में अपनी पहली बैठक करेंगे,और चारों राष्ट्रों के प्रमुख इस बैठक में उपस्थित होंगे। इस बैठक के इतर चारों राष्ट्र प्रमुख एक-दूसरे से भी अलग अलग बातचीत करेंगे। अभी इस बैठक की तारीख घोषित नहीं की गई है। ऐसे में संभावना है कि यह बैठक वर्चुअल ही आयोजित हो। चारों देशों के शीर्ष नेताओं की बैठक की तैयारी के लिए पिछले महीने संबंधित देशों के विदेश मंत्रियों की अहम बैठक भी हुई थी। मॉरिसन ने कहा कि वह क्वाड मीटिंग के संबंध में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और जापान के पीएम योशिहिदे सुजा के साथ चर्चा कर चुके हैं। इसके अलावा वह हाल के हफ्तों में अमेरिकी राष्ट्रपति बिडेन और उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के साथ भी बैठक की व्यवस्था को लेकर विचार-विमर्श कर चुके हैं। उन्होंने उम्मीद जताई की यह वार्ता आमने-सामने बैठकर होगी।

## गन्ना किसानों की समस्याओं को लेकर कांग्रेस का धरना, सदन से बहिर्गमन

**गैरसैंण।** उत्तराखंड में गन्ना किसानों की समस्याओं को लेकर कांग्रेस विधायकों ने शुक्रवार को विधानसभा भवन के बाहर धरना दिया तथा उसके बाद इस मसले पर राज्य सरकार से संतोषजनक जवाब नहीं मिलने का आरोप लगाते हुए सदन से बहिर्गमन किया। सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले कांग्रेस विधायक काजी निजामुद्दीन, प्रीतम सिंह, ममता राकेश, हरीश धामी, गोविंद सिंह कुंजवाल और राजकुमार हाथों में गन्ना पकड़े विधानसभा पहुंचे और प्रवेश द्वार पर धरना दिया। कांग्रेस सदस्य काजी निजामुद्दीन ने आरोप लगाया कि सरकार ने किसानों का गन्ना मूल्य पिछले चार साल से नहीं बढाया है जिससे उनकी दिक्कतें बढती जा रही हैं। उन्होंने कहा, किसान अपनी लड़कियों की शादी नहीं कर पा रहे हैं, अपने बच्चों की फीस नहीं भर पा रहे हैं। बाद में सदन में शून्यकाल के दौरान इस मामले को उठाते हुए निजामुद्दीन रूआंसे हो गए और कहा, राज्य के विकास में गन्ना किसानों का महत्वपूर्ण योगदान है और उनकी समस्याओं का निराकरण प्राथमिकता के आधार पर होना चाहिए। निजामुद्दीन की चिंता को वाजिब बताते हुए नेता प्रतिपक्ष डॉ इंदिरा हृदएश ने कहा कि गन्ना नकदी फसल होने के बावजूद समय पर नकदी ना मिलने से लोग इससे दूर होते जा रहे हैं।

उन्होंने दिवंगत एनडी तिवारी के कार्यकाल का हवाला देते हुए कहा कि उनके कार्यकाल में गन्ने का मूल्य गन्ने के तैयार होने से पहले ही तय कर लिया जाता था और हमेशा पिछली बार से बढाकर दिया जाता था। इंदिरा ने कहा कि सरकार को किसानों की समस्याओं के प्रति ज्यादा संवेदनशील होना चाहिए। सरकार की ओर से संसदीय कार्य मंत्री मदन कौशिक ने जबाव देते हुए कहा कि सरकार कृषकों के प्रति संवेदनशील है और गन्ना कृषकों के लिए 245 करोड़ रुपए का बजटीय प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य में गन्ना कृषकों का पिछला समस्त भुगतान कर दिया गया है। उत्तराखंड न केवल देश के उन पांच राज्यों में शामिल है जो हर साल गन्ना मूल्य घोषित करते हैं बल्कि सबसे ज्यादा मूल्य देने वाला राज्य भी है। लेकिन, मंत्री के जवाब से असंतुष्ट कांग्रेस विधायकों ने सदन से बहिर्गमन किया।

## द्रमुक और भाकपा के बीच तालमेल हुआ

# कांग्रेस ने सम्मानजनक संख्या में सीटों की मांग पर दिया जोर

भाषा। चेन्नई

**द्रमुक** ने तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) के साथ गठबंधन को अंतिम रूप देते हुए शुक्रवार को उसे छह सीटें देने का फैसला किया, हालांकि कांग्रेस ने कहा है कि वह सम्मानजनक संख्या में सीटें चाहती है ताकि उसके कार्यकर्ताओं का हौसला बुलंद रह सके।

एमके स्टालिन की अगुवाई वाली द्रमुक विधानसभा चुनावों के लिए अब तक भाकपा समेत चार दलों के साथ गठबंधन को अंतिम रूप दे चुकी है और माना जा रहा है कि माकपा के साथ भी उसकी सहमति जल्द बन जाएगी। भाकपा की प्रदेश इकाई के सचिव आर मुथरासन ने कहा कि यह संख्या का विषय नहीं है, बल्कि बुनियादी मकसद द्रमुक की अगुवाई वाली धर्मनिरपेक्ष ताकतों की जीत सुनिश्चित और विभाजनकारी तत्वों को हराना जरूरी है। उन्होंने बताया कि उनकी पार्टी की ओर से अपनी पसंद की सीटों की सूची द्रमुक को दी गई है। द्रमुक आईयूएमएल और मनिथानेय मक्कल काची को क्रमश: तीन एवं दो सीटें दे चुकी है तथा वीसीके के हिस्से में छह सीटें गई हैं। कांग्रेस और एमडीएमके के बीच अब तक सीटों को लेकर सहमति नहीं बन सकी है। सूत्रों का कहना है कि द्रमुक इस चुनाव के लिए एमडीएमके को सात और कांग्रेस को 22 सीटें देने की पेशकश कर रही है। कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि पार्टी 30 से कम सीटें स्वीकार नहीं करेगी। पार्टी के वरिष्ठ नेता वीरप्पा मोइली ने यह भी कहा कि कांग्रेस सीटों के तालमेल के संदर्भ में कड़ा स्पष्ट रुख अपनाए हुए है। प्रदेश की सभी 234 विधानसभा सीटों पर छह अप्रैल को मतदान है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि द्रमुक को इसका अहसास जरूर होगा कि तमिलनाडु में धर्मनिरपेक्ष दलों का साथ आना जरूरी है। मोइली ने यहां संवाददाताओं से कहा, भाजपा के नेतृत्व वाला राजग जिन विभाजनकारी ताकतों का प्रतिनिधित्व करता है उनको पराजित किया जाना जरूरी है और तमिलनाडु संघवाद और राष्ट्रवाद की भावना को बनाए रखने का एक मजबूत स्थान है। इससे पहले मोइली ने संकेत दिया था कि द्रमुक के साथ सीटों के तालमेल को लेकर बातचीत बहाल होगी। द्रमुक ने बृहस्पतिवार को कांग्रेस से आग्रह किया था कि वह बातचीत फिर आरंभ करे। इससे पहले कांग्रेस के तमिलनाडु प्रभारी दिनेश गुंडुराव ने सीटों को लेकर द्रमुक की पेशकश के संदर्भ में तमिलनाडु प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नेताओं के साथ चर्चा की थी। कांग्रेस और द्रमुक के बीच अब तक दो दौर की बातचीत हो चुकी है जो बेनतीजा रही है।

### नीरज चोपड़ा ने इंडियन ग्रां प्री में अपना राष्ट्रीय रिकार्ड तोड़ा

**पटियाला।** ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुके स्टार भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा ने शुक्रवार को यहां तीसरी इंडियन ग्रां प्री (आईजीपी) मे शानदार वापसी करते हुए 88.07 मीटर के थ्रो से अपना ही राष्ट्रीय रिकार्ड तोड़ दिया। यह प्रयास साल का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी है।

### रीजीजू की बैडमिंटन कोच मैथियास बो को सलाह

**नई दिल्ली।** विदेशी बैडमिंटन कोच मैथियोस बो के अपनी महिला मित्र तापसी पन्नू के ठिकानो पर आयकर विभाग के छापो के संदर्भ मे की गई टिप्पणी पर खेल मंत्री किरेन रीजीजू ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए डेनमार्क के इस खिलाड़ी को अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर के मसलो पर टिप्पणी करने के बजाय अपने पेशेवर कर्तव्यो पर ध्यान देने को कहा।

### तोक्यो ओलंपिक की नई अध्यक्ष ने लोगों को सुरक्षा का आश्वासन दिया

**तोक्यो।** तोक्यो ओलंपिक आयोजन समिति की नई अध्यक्ष सेको हाशिमोतो ने इन खेलो के आयोजन को लेकर जापान के लोगों के भ्रम को दूर करने के लिए साप्ताहिक तौर पर संवाददाता सम्मेलन करना शुरू किया है। इन खेलो के आयोजन मे अब पांच महीने से भी कम का समय बचा है और हाशिमोतो ने शुक्रवार को ऐसे पहले संवाददाता सम्मेलन मे सभी को भरोसा दिया कि ओलंपिक का आयोजन सुरक्षित तरीके से होगा।

### सिटसिपास रोटरडैम ओपन के क्वार्टर फाइनल में

**रोटरडम।** स्टेफनोस सिटसिपास ने हुबर्ट हरकाज की कड़ी चुनौती से पार पाकर गुरुवार को यहां रोटरडम ओपन एबीएन एमरो विश्व टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल मे जगह बनाई। हरकाज ने तीसरे सेट मे 5-4 पर मैच प्वाइंट बचाया लेकिन सिटसिपास ने आखिर मे यह मैच 6-4, 4-6, 7-5 से जीता। उन्हे अगले दौर मे रूसी खिलाड़ी करेन खाचनोव से भिड़ना है जिन्होंने बुधवार को कैमरन नोरी को हराया था।

### स्वितोलिना और पिलिसकोवा कतर से बाहर

**दोहा।** चोटी की दो खिलाड़ी इलिना स्वितोलिना और कारोलिना पिलिसकोवा कतर ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल से बाहर हो गई है। विक्टोरिया अजारेंका ने दर्द के बावजूद युगल की अपनी जोड़ीदार स्वितोलिना को 6-2, 6-4 से हराया जबकि जेसिका पेगुला ने पिलिसकोवा को 6-3, 6-1 से पराजित किया। अजारेंका मैच के दौरान पीठ ने निचले हिस्से मे दर्द से भी परेशान रही।

# पंत के शतक से अंग्रेजों पर दबाव बढ़ा

● **भारत को पहली पारी में बढ़त**
● **दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक सात विकेट पर 294 रन बनाए**

**भाषा।** अहमदाबाद

ऋषभ पंत के आकर्षक शतक और वाशिंगटन सुंदर के साथ उनकी शतकीय साझेदारी से भारत ने शुरू में जूझने के बाद तीसरे सत्र में शानदार वापसी करके शुक्रवार को यहां चौथे और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच में अपना पलड़ा भारी कर दिया। पंत ने 101 रन बनाए और सुंदर (नाबाद 60) के साथ सातवें विकेट के लिए 113 रन की साझेदारी की जिससे भारत ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक सात विकेट पर 294 रन बनाए। इन दोनों की इस भागीदारी से पहले भारत एक समय इंग्लैंड के पहली पारी के 205 रन के स्कोर तक पहुंचने के लिए भी संघर्ष कर रहा था लेकिन अब वह मोटेरा के नरेंद्र मोदी स्टेडियम की स्पिनरों की मददगार पिच पर 89 रन की बढ़त लेकर मजबूत स्थिति में पहुंच गया है।

पंत और सुंदर ने यह साझेदारी तब निभाई जबकि भारत के अपने चोटी के तीन बल्लेबाजों चेतेश्वर पुजारा (17), कप्तान विराट कोहली (शून्य) और अजिंक्य रहाणे (27) के विकेट सुबह के सत्र में गंवा दिए थे जबकि रोहित शर्मा (49) अर्धशतक से चूक गए थे। पहले दो सत्र इंग्लैंड के नाम रहे लेकिन पंत और सुंदर ने तीसरा सत्र ही नहीं दूसरा दिन भी भारत के नाम कर दिया। तीसरे सत्र में भारत ने 141 रन जोड़े और केवल एक विकेट गंवाया। पंत ने अपनी पारी में 118 गेंदों का सामना किया तथा 13 चौके और दो छक्के लगाए। उन्होंने शुरू में सतर्कता बरती और इस बीच जो रूट पर लगाया उनका छक्का उनकी बल्लेबाजी शैली के अनुरूप रहा। पंत ने पहले 50 रन 82 गेंदों में पूरे किए थे लेकिन इसके बाद शतक तक पहुंचने के लिए उन्होंने केवल 33 गेंदें खेली। इंग्लैंड ने 80 ओवर पूरे होते ही नई गेंद ली और लग रहा था कि पंत को इसी का इंतजार था। उन्होंने जेम्स एंडरसन पर लगातार दो चौके जड़कर इसका जश्न मनाया। इसी गेंदबाज के अगले ओवर में रिवर्स स्वीप से लगाए गए चौके से उन्होंने दिखाया कि वह जोखिम लेने से घबराते नहीं हैं। यह युवा विकेटकीपर बल्लेबाज दर्शनीय अंदाज में अपने तीसरे टेस्ट शतक तक पहुंचा। उन्होंने रूट पर छक्का लगाकर यह उपलब्धि हासिल की, लेकिन इसके तुरंत बाद एंडरसन की गेंद पर मिडविकेट पर कैच दे बैठे। सुंदर ने शुरू से उनका पूरा साथ दिया। नई गेंद आने के बाद उन्होंने भी बेन स्टोक्स पर दो चौके जड़कर जश्न में अपनी भागीदारी की और फिर जल्द ही अपना तीसरा टेस्ट अर्धशतक पूरा किया। इसके बाद उन्होंने अपना विकेट बचाए रखा और वह शनिवार को अक्षर पटेल (नाबाद 11) के साथ मिलकर भारत को अधिक से अधिक रन की बढ़त दिलाने की कोशिश करेंगे। भारत ने सुबह बिना किसी नुकसान के 24 रन से आगे खेलना शुरू किया तथा पहले सत्र में 56 रन जोड़े और तीन विकेट गंवाए। दूसरे सत्र में रोहित और रविचंद्रन अश्विन पवेलियन लौटे लेकिन इस बीच भारत के खाते में 73 रन जुड़े। अपने करारे शॉट्स के कारण हिटमैन नाम पाने वाले रोहित ने बेहद सतर्क रवैया अपनाया और 144 गेंदों का सामना करके सात चौके लगाए। उन्होंने कुछ अवसरों पर ही अपने तेवर दिखाए। स्टोक्स की स्विंग लेती गेंद उन्हें हैरान करके पैड पर टकराई और डीआरएस में साफ हो गया कि गेंद विकेट पर लग रही थी। अश्विन ने जैक लीच की गेंद पर शार्ट मिडविकेट पर खड़े ओली पोप को कैच का अभ्यास कराया।

#### स्कोरबोर्ड

**इंग्लैंड पहली पारी :** 205 रन,भारत पहली पारी : शुभमन पगबाधा बो एंडरसन 00, रोहित पगबाधा बो स्टोक्स 49,पुजारा पगबाधा बो लीच 17,कोहली का फोक्स बो स्टोक्स 00, रहाणे का स्टोक्स बो एंडरसन 27,पंत का रूट बो एंडरसन 101, अश्विन का पोप बो लीच 13, सुंदर खेल रहे है 60,पटेल खेल रहे है 11,अतिरिक्त : (बाई 8, लेग बाई 5, नोबॉल 3) 16,कुल योग : 94 ओवर में सात विकेट पर : 294 रन,विकेट पतन : 1-0, 2-40, 3-41, 4-80, 5-121, 6-146, 7-259,गेंदबाजी :एंडरसन 20-11-40-3,स्टोक्स 22-6-73-2, लीच 23-5-66-2,बेस 15-1-56-0, रूट 14-1-46-0

### टीम प्रबंधन को पंत के तरीके से कोई परेशानी नहीं: रोहित

**अहमदाबाद।** अनुभवी भारतीय खिलाड़ी रोहित शर्मा ने कहा कि ऋषभ पंत की आक्रामक बल्लेबाजी शैली से टीम टीम प्रबंधन को तब तक कोई परेशानी नहीं है जब तक वह अपना काम ठीक तरीके से कर रहे हैं। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट मैच के दूसरे दिन के खेल के बाद शुक्रवार को कहा कि इस तरह से बल्लेबाजी करते हुए पंत जब असफल हो तो लोगों को उनकी आलोचना करने में कमी करनी चाहिए। कुछ समय पहले तक गैर जिम्मेदाराना शॉट खेलने के लिए आलोचना का सामना करने वाले पंत ने इंग्लैंड के खिलाफ चौथे और अंतिम टेस्ट के दूसरे दिन 118 गेंद में 101 रन की पारी खेल कर मैच पर भारत का दबदबा कायम कर दिया। रोहित ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, पंत की बल्लेबाजी की अपनी अलग शैली है। जाहिर है उन्हें बताया जाता है कि पारी को कैसे आगे बढ़ना है। वह अपने ही अंदाज में बल्लेबाजी कर रहे थे।

#### पंत की आक्रामक पारी से भारत को फायदा हुआ: पटेल

**अहमदाबाद।** इंग्लैंड के स्पिन गेंदबाजी कोच जीतन पटेल ने शुक्रवार को युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत की आक्रामक बल्लेबाजी की तारीफ करते हुए कहा कि इससे चौथे टेस्ट मैच के दूसरे दिन के खेल के बाद मैच पर उनकी पकड़ थोड़ी कमजोर हो गई। पटेल ने यहां ऑनलाइन संवाददाता संम्मेलन में कहा, जब खिलाड़ी को उसके कौशल के मुताबिक खुल कर खेलने की छूट मिलती है, जैसा इस टीम में ऋषभ पंत के साथ है। उन्होंने आज ऐसा ही किया और इससे मैच में विरोधी टीम की पकड़ कम हो जाती है। पटेल ने कहा, उन्होंने चाय के विश्राम के बाद आक्रामक रूख अपनाया।

**GOVT. OF BIHAR**
**OFFICE OF THE RESIDENT ENGINEER,**
**BIHAR B BHAWAN, NEW DELHI**
NO. 330 / Dated: 05/03/2021
**Short Notice inviting Quotation**

The reputed firms are requested to submit sealed quotation for following work in Bihar Bhawan and Bihar Niwas Chankyapuri, New Delhi for the year 2020-2021 Quotation will be submitted up to 10-03-2021 till 3:00 pm and opened on 10-03-2021 at 3:30 pm at the office of the Resident Engineer, Bihar Niwas Chankyapuri, New Delhi undersigned office has right to cancel quotation without any further information. Registration, GST, PAN No. and authorization of firm paper here enclosed. Details of items list can be obtained form the office of the Resident Engineer, Bihar Bhawan, New Delhi. The Earnest Money (NSC/ Term Deposit) should be deposited 5% of total contract value before issue of work order.

| S.No | Particulars |
|---|---|
| 1. | Repair, Polishing and upostary changing of all furniture at Bihar Niwas for the year 2020-21 |

Sd/-
Executive Engineer-Cum-
Resident Engineer
Bihar Bhawan, New Delhi

# फिंच की नाबाद पारी से ऑस्ट्रेलिया जीता

● **न्यूजीलैंड को 50 रन से हराया**

**भाषा।** वेलिंगटन

कप्तान आरोन फिंच की नाबाद 79 रन की पारी के बाद गेंदबाजों के दमदार प्रदर्शन से ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में न्यूजीलैंड को 50 रन से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला 2–2 से बराबर कर ली। ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में छह विकेट 156 रन बनाने के बाद न्यूजीलैंड की पारी को 18.5 ओवर में महज 106 रन पर समेट दिया। श्रृंखला का आखिरी और निर्णायक मुकाबला सात मार्च को खेला जाएगा। न्यूजीलैंड की टीम शुरूआती दो मैचों को जीत कर श्रृंखला में 2–0 से आगे थी लेकिन ऑस्ट्रेलिया ने लगातार दो मैच जीत कर शानदार वापसी की। मैन ऑफ द मैच फिंच ने पारी का आगाज करते हुए नाबाद रहे और 55 गेंदों का सामना करके पांच चौके और चार छक्के लगाए। उन्होंने 47 गेंद में टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर का 14वां अर्धशतक पूरा करने के बाद अपने सभी छक्के काइल जैमीसन के पारी के आखिरी ओवर में लगाए।

#### इंग्लैंड की महिला टीम ने न्यूजीलैंड से टी20 श्रृंखला जीती

**वेलिंगटन।** फ्रेया डेविस की शानदार गेंदबाजी और टैमी ब्यूमोंट के अर्धशतक की मदद से इंग्लैंड की महिला टीम ने दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच मे शुक्रवार को यहां मेजबान न्यूजीलैंड को छह विकेट से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला मे 2-0 से अजेय बढ़त बनाई। न्यूजीलैंड की टीम पहले बल्लेबाजी का न्यौता मिलने पर नौ विकेट 123 रन ही बना पाई। उसके केवल चार बल्लेबाज दोहरे अंक मे पहुंचे जिनमे एमी सैटरवेट ने सर्वाधिक 49 रन का योगदान दिया।

### शिखा को नहीं रखना मुश्किल फैसला लेकिन उन्हें बाहर नहीं किया गया: हरमनप्रीत

**लखनऊ।** भारतीय महिला वनडे टीम की उप कप्तान हरमनप्रीत कौर ने शुक्रवार को कहा कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आगामी सीमित ओवर की श्रृंखला के लिए अनुभवी तेज गेंदबाज शिखा पांडे को टीम में नहीं रखना मुश्किल फैसला था लेकिन उन्हें बाहर नहीं किया गया है। भारतीय महिला टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पांच वनडे और तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेगी जिसकी शुरूआत रविवार को यहां पहले वनडे से होगी जिससे लगभग 12 महीने बाद टीम की प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी होगी। शिखा को श्रृंखला के लिए वनडे और टी20 दोनों टीमों में जगह नहीं दी गई है, इस फैसले से हलचल मच गई है। मैं जानती हूं कि यह मुश्किल फैसला था, कभी कभार आपको अन्य खिलाड़ियों को भी मौका देने की जरूरत होती है। उन्हें बाहर नहीं किया गया है, कभी कभार आपको मौके लेने पड़ते हैं और इस टूर्नामेंट के बाद हम अपना संयोजन निश्चित कर पाएंगे।

### एसबीआई हॉकी में लखनऊ सेमीफाइनल में

**लखनऊ।** स्टेट बैंक अखिल भारतीय अंतर मंडली हॉकी टूर्नामेंट के तीसरे दिन आज मेजबान लखनऊ टीम को दिल्ली ने 0-3 से पराजित किया। लखनऊ टीम आक्रामक मूड में थी परंतु वह अपने मूवमेंट को गोल में नहीं बदल सके। दूसरे मैच में बेंगलुरु ने चंडीगढ़ को 6-0 से मात दी तीसरा मैच अहमदाबाद और कोलकाता के बीच, जिसमें अहमदाबाद ने आज अपना खाता खोला उसने कोलकाता को 1.0से पराजित किया। चौथा मैच पटना और हैदराबाद के बीच 3.3 गोल से बराबरी पर छूटा। कल सेमी फ़ाइनल में 2 बजे भोपाल का दिल्ली से तथा 4 बजे लखनऊ का चेन्नई की टीम से मुकाबला होगा।

### ताइक्वाण्डो कलर बेल्ट प्रमोशन प्रमाण पत्र वितरण

**लखनऊ।** यूपी गुडविल ताइक्वाण्डो के द्वारा ताइक्वाण्डो कलर बेल्ट प्रमोशन प्रमाण पत्र वितरण किया गया। मुख्य अतिथि नवीव अरोरा संयुक्त पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) ने उत्तीर्ण बच्चों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। विभिन्न वर्गो में लगभग 40 खिलाड़ियो ने प्रतिभाग किया था। इस अवसर पर जावेद खान, महासचिव-यूपीजीटीए, रज़ा हुसैन (सह-सचिव, यूपीजीटीए), हिना हबीब (कोषाध्यक्ष, यूपीजीटीए), उपस्थित थे। उत्तीर्ण परीक्षार्थियों के नाम : व्हाइट से येलो बेल्ट:.कबीर रिज़्वी, कृत्य जयसवाल,मायरा खान ,अश्विन रावत,अयांश श्रीवास्तव, सृष्टि मौर्या ,अलिषा खान(

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया Union Bank of India
आन्ध्रा Andhra | कार्पोरेशन Corporation
फील्ड महाप्रबंधक कार्यालय, प्रथम तल, होटल शिवालिक व्यू, सैक्टर 17-ई, चंडीगढ़ - 160017, ई-मेल: pnd.fgmochandigarh@unionbankofindia.com
यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, एक अग्रणी राष्ट्रीयकृत बैंक, 2 साल की अवधि के लिए गैर-सुरक्षा वस्तुओं की छपाई के लिए एम्पैनल प्रिंटर्स का आवेदन रखता है। अधिक जानकारी के लिए बैंक की वेबसाइट www.unionbankofindia.co.in और एन.आई.सी. पोर्टल https://eprocure.gov.in पर देखें।
उप-महाप्रबंधक

**PUBLIC NOTICE**
This is to inform that, M/s Shubh Advisors Pvt. Ltd., Plot No31,KP-V, Gr. Noida west has collaboration and development agreement with M/s World Infracon Pvt. Ltd. for construction and sale of commercial and IT space for tower T1 & T2 only. If anyone has any objection to this agreement so please email on Info@ncrgroup.in within 7 days.
**M/s Shubh Advisors Pvt. Ltd.**

**विज्ञप्ति**
मैं0 एलएससी इन्फ्राटैक लि0 द्वारा ग्राम हाथीखाल, तहसील लालकुंआ जिला– नैनीताल के खसरा सं0 232, 233, 234, 235, 236, 238, 239, 240, 241, 242, 243, 247, 248, 249, 250, 251, 252, 254, 255, 256, 257, 258, 259, 260, 261, 262, 266, 269, 270, 271, 272, 279, 280, 281, 291, 292, 293, 294, 295, 296, 297, 298, 305, 307, 309, 310, 314, 316, 325, 374, 577, 631, 633, 634, 635, 636, 637, 638, 639, 640, 641, 642, 644, 645, 646, 647, 648, 649, 650, 651, 652, 655, 682 कुल रकबा 17.599 हैक्टेयर भूमि में पूर्व में स्थापित स्टोन क्रशर्स अनुज्ञा एवं भण्डारण अनुज्ञा के नवीनीकरण किये जाने के क्रम में सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त स्टोन क्रशर्स एवं भण्डारण अनुज्ञा के नवीनीकरण के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/विभाग आदि जो निर्धारित दूरी के अर्न्तगत आता हो अथवा उससे प्रभावित हो, अथवा उन्हें कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 15 दिवस के अर्न्तगत लिखित आपत्ति प्रभारी अधिकारी (खनन) नैनीताल एवं ज्येष्ठ खान अधिकारी भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग, हल्द्वानी के कार्यालय में किसी भी कार्यदिवस में दे सकते है। नियत तिथि के उपरान्त प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जायेगी।
कृते एलएससी इन्फ्राटैक लि0

परिशिष्ट IV A
नियम 8(6) का नियम देखे
**अचल संपत्तियो की बिक्री के लिए बिक्री सूचना**
सिक्युरिटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेन्ट) रूल्स, 2002 के नियम 8(6) और नियम 9(1) के नियमों को पढते हुए सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकन्स्ट्रशन ऑफ फायनांशियल असेट्स एंड एन्फोर्समेन्ट ऑफ सिक्योरीटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 के अधीन अचल संपत्तियो की बिक्री के लिए ई- निलामी बिक्री सूचना।
सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता (ओं) तथा गॅरेन्टर (ओं) को सूचित किया जाता है कि निम्नवर्णित अचल संपत्ति जो सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, जिस पर सुरक्षित लेनदार अधिकृत अधिकारी **इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड (CIN:L65922DL2005PLC136029) (सुरक्षित लेनदार द्वारा)** द्वारा **रचनात्मक कब्जा** लिया जा चुका है, को **23.03.2021** को दोपहर **02.00** से **04.00** बजे तक (निविदा दस्तावेज के संदर्भ में 5 मिनिट के स्वचालित एक्सटेंशन के साथ)''**जहां है**'', ''**जैसा है**'', और ''**जो कुछ भी है**'', तथा ''**बिना किसी समर्थन के आधार पर**'' ऋण खाता नं. **HLAPGRG00197882** के लिए कुल रू.**2,51,75,849/- (रुपए दो करोड़ इक्यावन लाख पचहत्तर हजार आठ सौ उनचास मात्र) के लिए 01.03.2021** तक बकाया मूलधन, बकाया (विलंब शुल्क के समेत) और ब्याज ऋण समझौते तथा अन्य संबंधित ऋण दस्तावेजों के संदर्भ में लागूभावी ब्याज तथा कानूनी व्यय और अन्य खर्चो के साथ **02.03.2021** से प्रभावी जो, **ऐस प्योर प्रोडक्टस (उनके पार्टनर द्वारा ),श्रीमती पूनम शर्मा, ब्रिजेश कुमार @ ब्रिजेश सिंह, अजय सिंह, अभिमन्यु सिंह, अंजना सिंह और ऐस फेब ओवर्सीज (उनके अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता द्वारा)** पर सुरक्षित लेनदार द्वारा बकाया है की वसूली के लिए बेचा जाएगा।
उक्त संपत्ति की नीलामी के लिए आरक्षित मूल्य रू. **2,26,00,000/- (रुपए दो करोड़ छब्बीस लाख मात्र)** है और अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट (ईएमडी) **रू.22,60,000/- (रुपए बाईस लाख साठ हजार मात्र)** यानि आरक्षित मूल्य का **10%** (दस प्रतिशत) होगा और यह **DD/RTGS/NEFT** अथवा अन्य किसी उचित बैंकिंग चैनल द्वारा ऑनलाईन टेंडर जमा करने से पहले **इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड के नाम,खाता नं.114505001412, आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के साथ** (IFSC: **ICIC0001145**), **बी1 और बी2, वाणीज्य निकुंज, एनके टॉवर, उद्योग विहार, फेज़ 5, गुडगाँव-122015 (हरियाणा) शाखा,** ऑनलाइन सार्वजनिक निलामी में भाग लेने के लिए निविदा प्रस्तुत करने से पहले देय होगा और सफल बोलीदाता बोली के समय स्वीकृती पर बिक्री मूल्य राशि का 25% (ई - निलामी में भाग लेने के लिए आरक्षित मूल्य का 10% कम करके)का तुरंत भुगतान करेगा यानि उसी दिन या उसके अगले कार्य दिवस के बाद नही होगा। अचल संपत्ति की बिक्री की पुष्टि की तिथि से 15 दिनोके भितर बिक्री मूल्य का बकाया 75% जमा कराना होगा।
**अचल संपत्ति का वर्णन**
**प्लॉट नं.324 (मापित 166 स्के.मी.) पर घर की संपत्ति के सभी भाग और खंड, सूर्या नगर से पहचाने जाने वाली आवासीय कॉलोनी , सेक्टर 7, गाँव चिकम्बरपुर, परगना लोनी, तहसील गाज़ियाबाद -201011 (उत्तर प्रदेश)**
**परिबद्ध है:**
**पूर्व में :फ्लैट नं.325 — पश्चिम में: फ्लैट नं.323**
**उत्तर में:खुला और फिर 40 फीट चौड़ा रोड — दक्षिण में: खुला और फिर फ्लैट नं.334**
बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तो के लिए कृपया सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट में दिए गए लिंक यानि www.indiabullshomeloans.com और www.auctionfocus.in.का संदर्भ ले।
सही/-
दिनांक: 03.03.2021 — प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : गाज़ियाबाद — इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड

# अर्थव्यवस्था में गिरावट अनुमान से कम रह सकती है : वित्त मंत्रालय

**भाषा।** नई दिल्ली

वित्त मंत्रालय ने कहा है कि चालू वित्त वर्ष 2020–21 में भारतीय अर्थव्यवस्था का प्रदर्शन आठ प्रतिशत की गिरावट के अनुमान से बेहतर रहेगा। वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि महामारी में गिरावट के रुख में ठकराव तथा टीकाकरण शुरू होने के बाद अब आर्थिक गतिविधियां रफ्तार पकड़ रही हैं।

आर्थिक मामलों के विभाग ने अपनी मासिक रिपोर्ट में कहा कि विकसित देशों में कोविड–19 की नई लहर और संक्रमण के नए प्रकार के बाद नए सिरे से लॉकडाउन लगाया गया है, जिससे वैश्विक उत्पादन में सुधार की रफ्तार कम हुई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में कोविड–19 संक्रमण के ग्राफ में गिरावट की रफ्तार में हल्के ठहराव के बाद भी गतिविधियों ने रफ्तार पकड़ी है और उपभोक्ताओं का सुधरता आत्मविश्वास नहीं डिगा है। टीकाकरण अभियान के बाद उपभोक्ताओं की धारणा सुधरी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि सामाजिक दूरी एक सामाजिक टीके की तरह है। भारत और दुनिया में तेजी से पुनरुद्धार के लिए इसपर लगातार ध्यान दिया जाना चाहिए। कोविड–19 टीके के विकास के बाद कई बार इसे नजरअंदाज किया जाता है। लेकिन कोविड–19 के टीके के साथ सामाजिक टीका भी जरूरी है। भारत हालांकि महामारी की दूसरी लहर से बचा हुआ है, लेकिन आठ राज्यों....महाराष्ट्र, केरल, पंजाब, तमिलनाडु, गुजरात, मध्य प्रदेश, कर्नाटक और हरियाणा में संक्रमण के मामले बढ़े हैं। इससे एक बार फिर सामाजिक दूरी का महत्व सामने आया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में महामारी के बाद पहली बार सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर सकारात्मक हुई है। इससे धारणा बेहतर हुई है। ऐसे में चालू वित्त वर्ष के अंत तक गतिविधियां जीडीपी के दूसरे अग्रिम अनुमान के आकलन की तुलना में बेहतर रहेंगी। इसमें कहा गया है कि रिजर्व बैंक के तीसरी तिमाही के औद्योगिक परिदृश्य सर्वे से भी इस धारणा की पुष्टि होती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में आर्थिक वृद्धि दर सकारात्मक रहेगी।

### पेट्रोल, डीजल पर केन्द्र, राज्य दोनों के स्तर पर करों में कमी लाई जानी चाहिए: सीतारमण

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने स्वीकार किया है कि पेट्रोल और डीजल के ऊंचे दाम उपभोक्ताओं का बोझ बढ़ा रहे है। उपभोक्ताओं को पेट्रोल और डीजल की ऊंची कीमतों से राहत मिलनी चाहिए, लेकिन इसके लिए केन्द्र और राज्य दोनों के स्तर पर करों में कटौती करनी होगी। पेट्रोल की खुदरा कीमत मे 60 प्रतिशत हिस्सेदारी केंद्रीय और राज्य करो की है। डीजल के मामले मे यह 56 प्रतिशत तक है। राजस्थान, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र मे कुछ स्थानों पर पेट्रोल 100 रुपए प्रति लीटर को पार कर गया है जबकि देश मे अन्य स्थानों पर भी इनके दाम अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर चल रहे है। अंतरराष्ट्रीय बाजार मे कच्चे तेल की कीमतो मे आई गिरावट का लाभ लेने के लिए सीतारमण ने पिछले साल पेट्रोल और डीजल पर केंद्रीय उत्पाद शुल्क मे रिकॉर्ड वृद्धि की थी। इस दौरान अंतरराष्ट्रीय बाजार मे कच्चे तेल के दाम दो दशक के निचले स्तर पर आ गए थे।

#### केयर्न को 1.4 अरब डॉलर वापस करने का मामलाअ सीतारमण ने कहा आदेश को चुनौती देना उनका कर्तव्य

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को संकेत दिया कि भारत सरकार केयर्न एनर्जी मामले मे अंतराष्ट्रीय पंचनिर्णय मंच के आदेश के खिलाफ अपील करेगी। पंचनिर्णय फोरम ने सरकार को आदेश दिया है कि वह कर संबंधी विवाद मे ब्रिटेन की केयर्न एनजी कंपनी को 1.4 अरब डॉलर की राशि वापस करे। सीतारमण ने कहा कि यह उनका कर्तव्य बनता है कि वह ऐसे मामलो मे अपील करे जहां राष्ट्र के कर लगाने के संप्रभु अधिकार पर सवाल उठाया गया हो। सरकार पिछले साल अंतर्राष्ट्रीय पंचनिर्णय अदालतो मे दो चर्चित मामलो मे मुकदमा हार गई।

### भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 68.9 करोड़ डॉलर बढ़कर 584.55 अरब डॉलर हुआ

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 26 फरवरी को समाप्त सप्ताह मे 68.9 करोड़ डॉलर बढ़कर 584.554 अरब डॉलर हो गया।

**PUBLIC NOTICE**
It is hereby informed to the General Public that we Pramod Chaudhary S/o Rajeev Singh and Sarita Chaudhary w/o Pramod Chaudhary R/o KT-05-1103 Kalypso tower sector 128 Noida permanent Address is **H.No- G-658 Gama-2 Surajpur Greater Noida Gautam Buddha Nagar UP have lost original Provisional Allotment Letter no JGNPKP10K065 Dated 05/01/2011 issued by Jaiprakash Associates Limited. And the offer of possession, Dated 21/07/2012 payment receipts in respect of the unit bearing no PKP001K065 in Kensington park Plot Phase-1 project situated at Jaypee greens Noida** city on dated 22-02-2021 Anyone finding the said documents is requested to kindly return the same to me or to the company.
Name Pramod Chaudhary
**Permanent Address H.No- G-658 Gama-2 Surajpur Greater Noida Gautam Buddha Nagar UP**
**Phone No- 9810366359**
**Email id:- md@nklogistique.in**

**FORM NO. INC-26**
[Pursuant to rule 30 the Companies (Incorporation) Rules, 2014] Advertisement to be published in the newspaper for change of registered office of the company from one state to another
**BEFORE THE CENTRAL GOVERNMENT, NORTHERN REGION, DELHI, INDIA**
**In the matter of sub-section (4) of Section 13 of Companies Act, 2013 and clause (a) of sub-rule (5) of rule 30 of the Companies (Incorporation) Rules, 2014**
**And**
**In the matter of: M/s API India Education Private Limited having its registered office at 402, World Trade Tower Barakhamba Lane New Delhi - 110001......PETITIONER**
Notice is hereby given to the General Public that the company proposes to make application to the Central Government under section 13 of the Companies Act, 2013 seeking confirmation of alteration of the Memorandum of Association of the Company in terms of the special resolution passed at the Extra Ordinary General Meeting held on March 05, 2021 to enable the company to change its Registered Office from "NCT of Delhi" to "State of Haryana". Any person whose interest is likely to be affected by the proposed change of the registered office of the company may deliver either on the MCA-21 portal (www.mca.gov.in) by filing investor complaint form or cause to be delivered or send by registered post of his/her objections supported by an affidavit stating the nature of his/her interest and grounds of opposition to the Regional Director at the address B-2 Wing, 2nd Floor, Paryavaran Bhawan, CGO Complex, New Delhi – 110003, within fourteen days of the date of publication of this notice with a copy to the applicant company with a copy of the applicant company at its registered office at the address mentioned below:
**For and on behalf of the Applicant**
**M/s API India Education Private Limited**
**R.O. 402, World Trade Tower Barakhamba Lane New Delhi - 110001**
Sd/- **Harvinder Singh (Director) DIN: 08525404**
**Date: 05.03.2021**
**Place: New Delhi**

### शेयर बाजारों में गिरावट जारी, सेंसेक्स 441 अंक टूटा

**मुंबई।** अमेरिका मे सरकारी प्रतिभूतियो पर निवेश प्रतिफल मे उछाल के साथ साथ कच्चे तेल की कीमतो मे नई तेजी से वैश्विक शेयर बाजारो मे बिकवाली का दबाव बना हुआ है। उसके असर से स्थानीय शेयर बाजारो मे लगातार दूसरे दिन शुक्रवार को भी गिरावट दर्ज की गई। बंबई शेयर बाजार का सेंसेक्स 441 अंक और टूट गया और निफ्टी 15,000 अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे आ गया। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 440.76 अंक या 0.87 प्रतिशत के नुकसान से 50,405.32 अंक पर आ गया। कारोबार के दौरान सेंसेक्स 726 अंक ऊपर-नीचे हुआ।

# पीएलआई योजना से बढ़ेंगे रोजगार

### पांच साल में उत्पादन में होगी 520 अरब डालर की वृद्धि: मोदी

**भाषा।** नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि विनिर्माण और निर्यात बढ़ाने के मकसद से शुरू की गई उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना से उद्योगों में रोजगार के अवसर बढ़ने के साथ साथ अगले पांच साल के दौरान उत्पादन में 520 अरब डालर की वृद्धि होने का अनुमान है। पीएलआई योजना को लेकर बजट प्रावधानों पर आयोजित सम्मेलन को वीडियो कन्फ्रेंस के जरिए संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि सरकार घरेलू स्तर पर विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए सुधारों को आगे बढ़ा रही है। उन्होंने उद्योगों से देश की जरूरतों को पूरा करने के साथ ही विदेशों के लिए भी माल का उत्पादन करने को कहा। वेबिनार का आयोजन उद्योग और अंतरराष्ट्रीय व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) और नीति आयोग ने किया। उन्होंने कहा कि 2021– 22 के बजट में पीएलआई योजना के लिए अगले पांच साल के दौरान दो लाख करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। ऐसा अनुमान है कि योजना के अमल में आने से अगले पांच साल में उत्पादन में 520 अरब डालर की वृद्धि होगी।

**ICICI Bank** **शाखा कार्यालय:** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्लॉट नंबर 23, शाल टॉवर, तीसरी मंजिल, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग दिल्ली – 110005

**सार्वजनिक सूचना – संरक्षित संपत्ति की बिक्री हेतु निविदा-सह-नीलामी**
**नियम 8 (6) का परंतुक देखें,**
**अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना**

अचल संपत्तियों के विक्रय के लिये ई–नीलामी विक्रय सूचना वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पून: निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत सहठित प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन नियम, 2002 की धारा 8(6) के साथ अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जारी की गई है।
सर्वजन तथा व्यक्तिगत रुप से कर्जदार एवं जमानतदार को इस सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शायी गई अचल संपत्ति के संरक्षित ऋणदाता केपास बंधक/ अधिभारित है उनका भौतिक अधिग्रहण आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (संरक्षित ऋणदाता) के प्राधिकृरित अधिकारी द्वारा कर लिया गया है एंव दर्शाये विवरण अनुसार उनके द्वारा "जहॉं है, जैसी है" एवं जैसी है, वैसी है " एवं जिस भी स्थिीत में है " के आधार पर अचल संपत्ति के विक्रय के लिये प्रस्ताव आमंत्रित किये जा रहे है :–

| क्र. सं. | कर्जदार (रों)/ सह–कर्जदारों/ गारंटरों का नाम/ ऋण खाता संख्या | प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई | बकाया राशि (रू. में) | सुरक्षित मूल्य (रू. में) / धरोहर राशि जमा (रू. में) | सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) | (एफ) | (जी) |
| 1. | सत्यवीर सिंह (कर्जदार), सुमन (सह–कर्जदार) LBDEL00001386142 | फ्लैट नंबर 1, पहली मंजिल, प्लॉट नंबर एस– 2 ब्लॉक– ए शालीमार गार्डन एक्सटेंशन– 2 गाजियाबाद. क्षेत्र– 748 वर्ग फीट। | रू. 33,38,622.5 (फरवरी 26, 2021 तक) | रू. 16,00,000/- / रू. 1,60,000/- | मार्च 18, 2021 को सु. 11:00 बजे से दो. 01:00 बजे तक | मार्च 30, 2021को सु. 11:00 बजे से दो. 01:00 बजे तक |

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी संस्था मैसर्स नेक्सजेन सॉल्युशन्स प्राइवेट लिमिटेड की, वेबसाइट **(URL Link https://disposalhub.com)** पर संचालित होगी। बंधकदाताओं/ सूचना प्रेषितकर्ताओं को **मार्च 26, 2021** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व तक कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अतिम अवसर दिया जाता है, जिससे विफल रहने पर यह संरक्षित सम्पत्तियों की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।
संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) को बयाना राशि (ईएमडी) डिमाण्ड ड्राफ्ट (डीडी) (सारणी ई संदर्भ करें) जो **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्लॉट नंबर 23, शाल टॉवर, तीसरी मंजिल, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग दिल्ली – 110005** में जमा करना अनिवार्य है एवं इसके पश्चात् वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वर्णित वेबसाइट के माध्यम से ईएमडी के भुगतान साक्ष्य अर्थात बैंक डीडी पावति की स्कैन इमेज सहित दिनांक– **मार्च 26, 2021** तक **शाम 05.00** बजे से पूर्व जमा करे। कृपया नोट करें कि संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) वेबसाइट के माध्यम से उनके प्रस्ताव को जमा कराने में विफल रहने पर वे **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्लॉट नंबर 23, शाल टॉवर, तीसरी मंजिल, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग दिल्ली – 110005** में निविदा प्रलेखों की हस्ताक्षरित प्रति को दिनांक **मार्च 26, 2021** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व तक जमा करवा सकते हैं। बयाना राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट पे आर्डर किसी भी राष्ट्रीयकृत/ शैड्यूल्ड बैंक द्वारा **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** के पक्ष में **दिल्ली** शाखा में भुगतान हेतु होना चाहिए।
सम्पति अवलोकन, नीलामी के नियम एवं शर्तो तथा निविदा प्रक्रिया के संदर्भ में स्पष्टीकरण हेतु कृपया **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** को फोन नंबर **9372730494** या मैसर्स **नेक्सजेन साल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड** को फोन नंबर **9710029933/ 9810029926/ 01244233933** पर संपर्क करे।
कृपया नोट करें कि मार्केटिंग एजेंसिया **1. नेक्सजेन साल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड 2. ओजीओ असेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड 3. प्रॉप्स एएमसी** इस सम्पति की बिक्री में सुगमता हेतु सलंग्न है।
प्राधिकृत अधिकारी बिना किसी कारण दर्शाये किसी एक अथवा अधिक निविदा अथवा बोली को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते है।
बिक्री की विस्तृत नियमो एवं शर्तो हेतु कृपया वेबसाइट **www.icicibank.com/n4p4s** पर संपर्क करे।
**तिथि : मार्च 06, 2021** — **प्राधिकृत अधिकारी**
**स्थान : दिल्ली/एनसीआर** — **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड**

# अमेरिका में भारतवंशियों का बढ़ा दबदबा: बाइडन

भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिका** के राष्ट्रपति जो बाइडन ने अपने प्रशासन में बड़ी संख्या में भारतीय-अमेरिकियों को शामिल किए जाने का हवाला देते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि भारतीय-अमेरिकी लोगों का देश में दबदबा बढ़ा है। राष्ट्रपति पद संभालने के 50 दिन के भीतर ही बाइडन ने अपने प्रशासन में महत्वपूर्ण पदों पर भारतीय मूल के कम से कम 55 लोगों को नियुक्त किया। राष्ट्रपति के भाषण लेखन से लेकर अंतरिक्ष एजेंसी नासा तक सरकार के हर विभाग में भारतीय मूल के अमेरिकियों की नियुक्ति हुई है।मंगल की सहत पर पर्सेवियरेंस रोवर को उतारने के अभियान में शामिल नासा के वैज्ञानिकों से डिजिटल माध्यम से बात करते हुए बाइडन ने कहा, भारतीय मूल के अमेरिकियों का देश में दबदबा बढ़ा है। आप (स्वाति मोहन), उपराष्ट्रपति (कमला हैरिस), मेरे भाषण लेखक (विनय रेड्डी) हैं। मोहन ने नासा के मंगल 2020 अभियान में दिशा-निर्देश, दिशा-सूचक और नियंत्रण अभियान का नेतृत्व किया।

## आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए नासा की टीम को सराहा

एपी। वाशिंगटन

**अमेरिका** के राष्ट्रपति जो बाइडन ने मंगल अभियान के तहत ग्रह की सतह पर रोवर को सफलता पूर्वक उतारने के कार्य को अंजाम देने वाली नासा की टीम को बृहस्पतिवार को बधाई दी और कहा कि इसने देश के आत्मविश्वास को ऐसे वक्त में बढ़ाने काम किया है जब कोरोना वायरस महामारी के कारण विज्ञान के क्षेत्र में अग्रणी देश की छवि को नुकसान पहुंचा। नासा ने पिछले महीने छह पहियों वाले रोवर को सफलतापूर्वक मंगल की सतह पर उतारकर इतिहास रचा था।बाइडन ने अंतरिक्ष एजेंसी के जेट प्रणोदन प्रयोगशाला की टीम के नेतृत्व से वीडियो कांफ्रेंस के जरिए बातचीत की और पर्सेवियरेंस रोवर के 18 फरवरी को मंगल की सतह पर उतरने की घटना पर खुशी जाहिर की। पर्सेवियरेंस नासा द्वारा भेजा गया सबसे बड़ा आधुनिक रोवर है और 1970 के दशक के बाद से मंगल की

नासा की टीम को बधाई देते अमेरिका के राष्ट्रपति बाइडन

सतह पर सफलतापूर्वक उतरने वाला यह नौवां अंतरिक्ष यान है।ग्रह पर जीवन की संभावना तलाशने के अभियान के लिए इस यान ने करीब सात महीने में 30 करोड़ मील की दूरी तय की।बाइडन ने नासा की टीम को कहा, यह मंगल की सतह पर पर्सेवियरेंस के उतरने से भी कहीं अधिक बड़ा क्षण है। यह अमेरिकियों की इच्छा शक्ति के बारे में है और आपने इसे लौटाने का काम किया है। पिछले महीने पर्सेवियरेंस के मंगल की सतह पर उतरने की घटना को बाइडन ने टेलीविजन पर देखा था और नासा के कार्यवाहक प्रशासक स्टीव जुर्सुकी को पर्सेवियरेंस से जुड़ी टीम को उनकी ओर से धन्यवाद देने को कहा था।बाइडन ने कहा कि वह टीम से व्यक्तिगत तौर पर सीधी बात करना चाहते थे जो इस श्रेय की हकदार थी। बाइडन ने कहा, हम मंगल पर रोवर भेज सकते हैं, हम महामारी को हरा सकते हैं। ऐसा कोई काम नहीं है जिसे विज्ञान, उम्मीद और दृष्टिकोण की मदद से एक देश के तौर पर हम कर नहीं सकते हैं।

## बचपन में स्टार ट्रैक देखने के बाद नासा पहुंचने का तैयार हुआ रास्ता: स्वाति मोहन

**वाशिंगटन।** भारतवंशी एयरोस्पेस इंजीनियर स्वाति मोहन ने बृहस्पतिवार को अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन को बताया कि नासा में आने का रास्ता उस वक्त खुल गया था जब उन्होंने बचपन में स्टार ट्रेक की पहली कड़ी देखी थी।अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के पर्सेवियरेंस रोवर के मंगल की सतह पर सफलतापूर्वक उतरने के अभियान में स्वाति मोहन ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। स्वाति ने नासा के मंगल 2020 अभियान में दिशा-निर्देश, दिशा-सूचक और नियंत्रण अभियान का नेतृत्व किया। पर्सेवियरेंस रोवर 18 फरवरी को मंगल की सतह पर उतरा था। स्वाति मोहन पहली व्यक्ति थीं जिन्होंने यह पुष्टि की थी कि रोवर सफलतापूर्वक मंगल की सतह पर उतर गया है। वह जब एक साल की थीं तभी उनका परिवार भारत से अमेरिका आ गया था। स्वाति ने कहा कि अंतरिक्ष के लिए उनकी जिज्ञासा बचपन में तब से शुरू हो गई थी जब वह लोकप्रिय टीवी शो स्टार ट्रेक देखा करती थीं।स्वाति ने डिजिटल माध्यम से बाइडन से बातचीत के दौरान बताया, अंतरिक्ष के अद्भुत दृश्यों ने सबसे ज्यादा मेरा ध्यान खींचा और अंतरिक्ष के अन्वेषण के लक्ष्य के इरादे से काम करने लगी। राष्ट्रपति बाइडन ने नासा की टीम को पिछले महीने मंगल पर छह पहिए का रोवर सफलतापूर्वक उतारने के अभियान और अमेरिका का विश्वास बढ़ाने के लिए बधाई दी। स्वाति ने बताया, जैसे-जैसे दिन करीब आ रहे थे हम वाकई बहुत घबराहट महसूस कर रहे थे। अभियान के अंतिम सात मिनट में तो धड़कनें और बढ़ गई थी। मंगल की सतह पर रोवर के उतरने की पहली तस्वीरें मिलने के बाद जैसे लगा कि कोई सपना पूरा हो गया। बाइडन ने अंतरिक्ष एजेंसी के जेट प्रणोदन प्रयोगशाला की टीम के नेतृत्व से वीडियो कांफ्रेंस के जरिए बातचीत की और पर्सेवियरेंस रोवर के 18 फरवरी को मंगल की सतह पर उतरने की घटना पर खुशी जाहिर की।बाइडन ने स्वाति मोहन और अभियान से जुड़े नासा के अन्य वैज्ञानिकों की सराहना की। बाइडन ने कहा, आपने लाखें बच्चों, अमेरिकी युवाओं के सपनों को पूरा किया। आपकी टीम ने जो काम किया, उससे आपने अमेरिकी लोगों का भरोसा बढ़ाया। बाइडन से बातचीत में स्वाति ने कहा, पर्सेवियरेंस मेरा पहला अभियान है और जेपीएल में मुझे शुरुआत से काम करने का मौका मिला। अभियान के दौरान इन सभी बातों ने मुझे एहसास कराया कि मैं भी चालक दल की सदस्य हूं।

पर्सेवियरेंस रोवर 18 फरवरी को मंगल की सतह पर उतरा था। बाइडन ने 20 जनवरी को अमेरिका के 46 वें राष्ट्रपति पद की शपथ ली थी। उन्होंने अपने प्रशासन में भारतीय मूल के कम से कम 55 लोगों की नियुक्ति की है। इनमें से आधी संख्या महिलाओं की हैं और वे व्हाइट हाउस में काम कर रही हैं। इससे पहले बराक ओबामा के कार्यकाल में सबसे ज्यादा भारतीय मूल के लोगों की नियुक्ति की गई थी। भारतवंशी समाजसेवी और इंडियास्पोरा के संस्थापक एम रंगास्वामी ने पीटीआई-भाषा से कहा, यह देखना अत्यंत सुखद है कि भारतीय मूल के कई लोग लोकसेवा का काम कर हैं। नई सरकार के बाद और कई लोग जुड़े हैं। समुदाय का दबदबा बढ़ते देखकर गर्व की अनुभूति हो रही है।

### घुसपैठ के प्रयासों की निंदा

**वाशिंगटन।** नियंत्रण रेखा के जरिए आतंकवादियों के घुसपैठ के प्रयासों की निंदा करते हुए अमेरिका ने सभी पक्षों से एलओसी पर तनाव घटाते हुए 2003 के संघर्ष विराम समझौते की प्रतिबद्धताओं का पालन करने की अपील की।भारत और पाकिस्तान के सैन्य अभियान महानिदेशकों (डीजीएमओ) के बीच 25 फरवरी को चर्चा के बाद एक संयुक्त बयान जारी किया गया था। दोनों देशों ने नियंत्रण रेखा और अन्य सभी क्षेत्रों में संघर्ष विराम सहमति तथा अन्य समझौतों का सख्ती से पालन करने पर सहमति जताई थी। इसके बाद अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता का यह बयान आया है।भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम समझौते को लेकर एक सवाल पर विदेश विभाग के प्रवक्ता नेड प्राइस ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि क्षेत्र को लेकर अमेरिका की नीति में कोई बदलाव नहीं हुआ है।उन्होंने कहा, हम जम्मू कश्मीर में घटनाक्रम पर करीबी नजर रख रहे हैं। क्षेत्र को लेकर हमारी नीति में कोई बदलाव नहीं हुआ है। हम सभी पक्षों से नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर तनाव घटाने के लिए 2003 के संघर्ष विराम समझौते का पालन करने का आह्वान करते हैं।

एक सवाल के जवाब में प्राइस ने कहा, नियंत्रण रेखा के जरिए आतंकवादियों के घुसपैठ के प्रयासों की हम निंदा करते हैं। इसका किसी भी प्रकार समर्थन नहीं किया जा सकता। हम चाहते हैं कि कश्मीर और अन्य मामलों में भारत और पाकिस्तान के बीच वार्ता जारी रहे। प्राइस से सवाल पूछा गया था कि विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन भारत और पाकिस्तान की ओर से घोषित संघर्ष विराम को बहाल रखने के लिए क्या प्रयास करेंगे। भारत और पाकिस्तान ने 2003 में संघर्ष विराम समझौता किया था लेकिन पिछले कुछ वर्षों में शायद ही इस पर अमल हुआ।भारत ने पिछले महीने कहा था कि वह अपने पड़ोसी पाकिस्तान के साथ रिश्ते सामान्य बनाना चाहता है लेकिन पाकिस्तान को आतंक, अस्थिरता और हिंसा मुक्त माहौल बनाना होगा। भारत ने कहा है कि आतंक और अस्थिरता से मुक्त माहौल तैयार करने की जिम्मेदारी पाकिस्तान की है।

## 93 करोड़ टन से ज्यादा खाद्यान्न बर्बाद

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ष 2019 में एक अनुमान के मुताबिक दुनियाभर में 93 करोड़ 10 लाख टन खाद्यान्न बर्बाद हुआ और इसमें भारत में घरों में बर्बाद हुए भोजन की मात्रा छह करोड़ 87 लाख टन है। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) और साझेदार संगठन डब्ल्यूआरएपी की ओर से जारी खाद्यान्न बर्बादी सूचकांक रिपोर्ट 2021 में कहा गया है कि 2019 में 93 करोड़ 10 लाख टन खाद्यान्न बर्बाद हुआ, जिसमें से 61 प्रतिशत खाद्यान्न घरों से , 26प्रतिशत खाद्य सेवाओं और 13 प्रतिशत खुदरा क्षेत्र से बर्बाद हुआ। रिपोर्ट में कहा गया कि , यह इशारा करता है कि कुल वैश्विक खाद्य उत्पादन का 17 प्रतिशत भाग बर्बाद हुआ होगा। एजेंसी ने कहा कि, इसकी मात्रा 40 टन क्षमता वाले दो करोड़ 30 लाख पूरी तरह से भरे ट्रकों के बराबर होने का अनुमान है। भारत में घरों में बर्बाद होने वाले खाद्य पदार्थ की मात्रा प्रति वर्ष प्रति व्यक्ति 50 किलोग्राम होने का अनुमान है।

## बाइडन हिंद-प्रशांत क्षेत्र में क्वाड सहयोगियो के साथ जल्द भागीदारी को इच्छुक

भाषा। वॉशिंगटन

**अमेरिका** के राष्ट्रपति जो बाइडन ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अपने सहयोगियों ऑस्ट्रेलिया, भारत और जापान के साथ जल्द से जल्द सहयोग करने की इच्छा जताई है। यह जानकारी प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने दी।

क्वाड देशों में जापान, भारत, ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका शामिल हैं। चारों देशों ने 2017 में हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन के आक्रामक रवैए का मुकाबला करने के लिए क्वाड या चार देशों का गठबंधन बनाने के प्रस्ताव को मूर्त रूप दिया था।

प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, राष्ट्रपति बाइडन की ऑस्ट्रेलिया, भारत और जापान के अपने समकक्षों के साथ गर्मजोशी से एवं सकारात्मक बातचीत हुई है और वह हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अपने सहयोगियों के साथ जल्द से जल्द सीधी भागीदारी के लिए इच्छुक हैं।

अधिकारी ने बताया कि शपथ ग्रहण करने के 50 दिनों से भी कम समय में अमेरिका के राष्ट्रपति बाइडन, विदेश मंत्री टोनी ब्लिंकन, रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जैक सुलिवान सहित प्रशासन के वरिष्ठ सदस्यों ने क्वाड देशों के अपने समकक्षों के साथ बातचीत की है।

बाइडन ने दुनिया के जिन शीर्ष दस नेताओं को फोन किया उनमें क्वाड देशों के नेता भी शामिल हैं। उन्होंने जापान के प्रधानमंत्री योशाहिदे सुगा से 27 जनवरी को, ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरीसन से तीन फरवरी को और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से आठ फरवरी को बात की थी।

ऑस्ट्रेलिया, भारत, जापान और अमेरिका के समूह को क्वाड के नाम से जाना जाता है और बाइडन प्रशासन इसे मजबूती देने में लगा हुआ है।क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों की पहली बैठक हो चुकी है। जापान की मीडिया ने पिछले महीने खबर दी थी कि क्वाड शिखर सम्मेलन की तैयारियां जारी हैं।

### व्हाइट हाउस ने कहा

## म्यांमा में जमीनी स्थिति संकटपूर्ण

भाषा। वाशिंगटन

- म्यांमा में तख्ता पलट की घटना है अस्वीकार्य: पाकी
- सुरक्षा बलों के हाथों 24 लोगों की हत्याओं से अमेरिका दुखी: प्राइस

**व्हाइट** हाउस ने कहा है कि म्यांमा में जमीनी स्थिति संकटपूर्ण है और बाइडन प्रशासन क्षेत्र में अपने सहयोगी देशों के साथ करीबी तौर पर काम कर रहा है।

व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव जेन पाकी ने बृहस्पतिवार को अपने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि बाइडन प्रशासन ने यह संदेश देने के लिए ठोस कदम उठाए हैं कि म्यांमा में तख्तापलट की घटना अस्वीकार्य है। पाकी ने कहा, बर्मा (म्यांमा) में जमीनी स्थिति संकटपूर्ण है। उन्होंने कहा, बाइडन प्रशासन क्षेत्र में अपने सहयोगी देशों के साथ करीबी तौर पर काम कर रहा है।

वहीं, अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता नेड प्राइस ने अलग संवाददाता सम्मेलन में कहा कि तीन मार्च को म्यांमा में सुरक्षा बलों द्वारा 24 लोगों की हत्या किए जाने की खबरों से अमेरिका बहुत दुखी है।

उन्होंने कहा, हम शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों एवं पत्रकारों सहित बर्मा के लोगों के खिलाफ बर्मा के सुरक्षा बलों द्वारा हिंसक कार्वाई की सख्त निंदा करते हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका इसके लिए जिम्मेदार रहे लोगों के खिलाफ सार्थक कार्वाई के लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय के साथ काम करना जारी रखेगा।

प्राइस ने कहा, हम लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित सरकार को बहाल करने के लिए शांतिपूर्ण तरीके से एकत्र होने का समर्थन करते हैं। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि अमेरिका ने चीन से म्यांमा की सेना पर अपने प्रभाव का इस्तेमाल कर सैन्य शासन को समाप्त करने का अनुरोध किया है।

इस बीच, समाचार एजेंसी एपी की एक खबर के मुताबिक यू-ट्यूब ने सामुदायिक दिशानिर्देशों और सेवा शर्तों का उल्लंघन करने को लेकर म्यांमा की सेना द्वारा संचालित पांच चैनलों को अपने मंच से हटा दिया है।

यू-ट्यूब ने शुक्रवार को कहा कि उसने इन पांच चैनलों को बंद कर दिया है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि संबद्ध कानून का अनुपालन करते हुए यह कदम उठाया गया है।गौरतलब है कि इससे पहले फेसबुक ने घोषणा की थी कि उसने अपनी साइट से और इंस्टाग्राम से म्यांमा की सेना से संबद्ध सभी पेज हटा दिए हैं।

## पाक सरकार की कोविड टीका खरीदने की योजना नहीं

भाषा। इस्लामाबाद

**पाकिस्तान** की योजना निकट भविष्य में टीकों को खरीदने की नहीं है क्योंकि उसका उद्देश्य सामूहिक रोग प्रतिरोधक क्षमता (हर्ड इम्युनिटी) और चीन जैसे मित्र देशों से दान किए गए टीकों के जरिए कोविड-19 की चुनौती से निपटने का है। पाकिस्तान ने अभी तक चार टीकों, सिनोफ्राम (चीन), ऑक्सफोर्ड-एस्ट्राजेनेका (ब्रिटेन), स्पूतनिक-वी (रूस) और कैनसिनो बायो (चीन) का पंजीकरण किया है।डॉन समाचार पत्र की एक खबर के अनुसार राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा (एनएचएस) के सचिव आमिर अशरफ ख्वाजा ने बृहस्पतिवार को लोक लेखा समिति (पीएसी) को बताया कि पाकिस्तान सरकार की जल्द से जल्द टीके खरीदने की कोई योजना नहीं है और उसका उद्देश्य कोविड-19 से हर्ड इम्युनिटी और दान किए गए टीकों के जरिए ही निपटने का है।राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान के कार्यकारी निदेशक मेजर जनरल आमिर आमेर इकराम के अनुसार चीन के टीके कैनसिनो की एक खुराक की कीमत 13 अमेरिकी डॉलर है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय दाताओं और चीन जैसे मित्र देशों पर भरोसा कर रहा है।एनएचएस के सचिव ने पीएसी को बताया कि दूसरे चरण में अस्पतालों और स्वास्थ्य केन्द्रों में काम करने वाले स्वास्थ्य अधिकारियों को शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 65 वर्ष या इससे अधिक आयु के लोग भी टीकाकरण के लिए अपना पंजीकरण करा सकते हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने इस साल सात करोड़ लोगों का टीकाकरण करने की योजना बनाई है।पीएसी के अध्यक्ष राणा तनवीर हुसैन के एक सवाल के जवाब में, एनएचएस के सचिव ने कहा कि पाकिस्तान को मार्च के मध्य तक सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया द्वारा बनाए गए एस्ट्राजेनेका टीके की पहली खेप मिलेगी और शेष के जून तक देश में आने की उम्मीद है।उनके अनुसार बुजुर्ग लोगों का टीकाकरण पांच मार्च तक शुरू होने वाला था, हालांकि खेप आने में देरी हुई। उन्होंने कहा कि एक अन्य चीनी कंपनी ने पाकिस्तान में कैनसिनो टीके के तीसरे चरण का परीक्षण किया था। उन्होंने कहा कि इसमें कुल 18 हजार लोगों को टीका लगाया गया और टीके के प्रभावी होने की दर 85 प्रतिशत रही।पाकिस्तान में पिछले 24 घंटे में कोविड-19 से 52 और लोगों की मौत हो गई जबकि मामलों की कुल संख्या बढ़कर 5,87,014 पर पहुंच गई। शुक्रवार को देश में इस महामारी से मृतकों की संख्या 13,128 हो गई। राष्ट्रीय कमान एवं अभियान केन्द्र (एनसीओसी) के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस से ।,579 लोग संक्रमित पाए गए हैं।

### कोरोना के नए स्वरूप में एंटीबॉडी टीका हो सकता है कम प्रभावी

**वाशिंगटन।** कोरोना वायरस के नए स्वरूप पर किए गए एक अध्ययन के अनुसार कोविड-19 एंटीबॉडी पर आधारित औषधियां और अब तक विकसित टीके नए स्वरूप पर कम प्रभावी हो सकते हैं क्योंकि वायरस का नया स्वरूप बेहद तेजी से फैल रहा है। यह अध्ययन नेचर मेडिसिन पत्रिका में प्रकाशित हुआ है। अमेरिका के सेंट लुईस में वाशिंगटन यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मेडिसिन से अनुसंधानकर्ताओं समेत कई वैज्ञानिकों के अनुसार चीन के वुहान से आए मूल वायरस की तुलना में कोरोना वायरस के नए स्वरूप को बेअसर करने के लिए टीकाकरण या दवा के रूप में इस्तेमाल के लिए तैयार किए गए शुद्ध एंटीबॉडी की आवश्यकता होती है। अध्ययन के वरिष्ठ लेखक ने कहा, कि जिन लोगों में हम समझते हैं कि टीका लेने के कारण उनमें एंटीबॉडी का सुरक्षात्मक स्तर तैयार हो गया होगा, वे भी वायरस के नए स्वरूप से सुरक्षित नहीं हो सकते हैं।

बीजिंग में नेशनल पीपुल्स कांग्रेस के उद्घाटन सत्र के दौरान मौजूद सैन्य प्रतिनिधि

डाकार में विपक्षी नेता पूर्व राष्ट्रपति की गिरफ्तारी के विरोध में पुलिसकर्मियों पर पथराव करते प्रदर्शनकारी

## म्यांमा, नेपाल, श्रीलंका और चीन की महिलाओं को मिलेगा अंतरराष्ट्रीय साहसी महिला पुरस्कार

भाषा। वाशिंगटन

**म्यांमा,** नेपाल, श्रीलंका, चीन और कुछ अन्य देशों की महिलाओं को न्याय, लैंगिक समानता और महिला सशक्तीकरण की दिशा में अभूतपूर्व साहस और नेतृत्व क्षमता प्रदर्शित करने के लिए पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। अमेरिका के विदेश मंत्रालय ने यह जानकारी दी।वार्षिक अंतरराष्ट्रीय साहसी महिला (आईडब्ल्यूओसी) पुरस्कार दुनिया भर में महिलाओं के योगदान को चिन्हित करता है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को बताया कि अगले सप्ताह डिजिटल तरीके से आयोजित कार्यक्रम में यह पुरस्कार दिए जाएंगे।अमेरिका की प्रथम महिला जिल बाइडन इस अवसर पर महिलाओं को विशेष संदेश देंगी और विदेश मंत्री एंटोनी ब्लिंकन यह पुरस्कार प्रदान करेंगे। मंत्रालय ने बताया कि शांति, न्याय, मानवाधिकार, लैंगिक समानता और महिला सशक्तीकरण की हिमायत करने में अद्भुत साहस और नेतृत्व क्षमता प्रदर्शित करने वाली महिलाओं को यह पुरस्कार दिया जाता है।पुरस्कार प्राप्त करने वालों में म्यांमा की नेता फोई फोई उंग, मानवाधिकार कार्यकर्ता वांग यू, नेपाल की मुस्कान खातून, श्रीलंका की वकील रनिता गननराजा शामिल हैं। अन्य देशों की महिलाओं को भी आठ मार्च को पुरस्कार दिए जाएंगे। ब्लिंकन सात अफगान महिलाओं के एक समूह को भी आईडब्ल्यूओसी का मानद पुरस्कार देंगे। अफगानिस्तान की इन महिलाओं की 2020 में हत्या कर दी गई थी।

### चीन समर्थक समिति हांगकांग के कुछ जन प्रतिनिधियों का करेगी चुनाव

**बीजिंग।** चीन के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा है कि हांगकांग के नेता का चयन करने वाली बीजिंग समर्थक समिति शहर की विधायिका के कुछ सदस्यों का चुनाव भी करेगी।सुधार की योजना के तहत यह कदम उठाया जाएगा और इससे हांगकांग की राजनीति में चीन का दखल और बढ़ेगा। नेशनल पीपुल्स कांग्रेस (चीन की संसद) की स्थाई समिति के उपाध्यक्ष वांग चेन ने बीजिंग में वार्षिक सत्र में शुक्रवार को इसकी जानकारी दी।उन्होंने कहा, चुनाव समिति के पास हांगकांग की विधाई परिषद (लेगको) के सभी उम्मीदवारों के नामांकन का अधिकार होगा। वांग ने कहा कि मौजूदा चुनाव समिति के आकार, संरचना और गठन की पद्धति में भी बदलाव किया जाएगा और मुख्य कार्यकारी अधिकारी की नियुक्ति चुनाव समिति ही करेगी।वर्तमान में हांगकांग की 70 सदस्ईय विधाई परिषद की आधी सीटों पर प्रतिनिधियों को मतदान के जरिए चुना जाता है। बाकी सीट पर पेशेवरों या बीमा, इंजीनियरिंग और कृषि जैसे विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिनिधियों को चुना जाता है। चीन समर्थक चुनाव समिति द्वारा विधायिका के लिए सभी उम्मीदवारों को मनोनीत किए जाने के फैसले से चुनाव में विपक्षी नेताओं को हिस्सेदारी का मौका नहीं मिलेगा।वांग ने अपने संबोधन में कहा कि हांगकांग में चुनाव व्यवस्था में खामियों के कारण चीन विरोधी ताकतें हांगकांग में शांति-स्थिरता को नुकसान पहुंचाते हैं और यह राष्ट्र की अखंडता, सुरक्षा और विकास के लिए नुकसानदेह है।हांगकांग में लोकतंत्र समर्थक मुहिम के जोर पकड़ने के मद्देनजर वहां की चुनाव प्रणाली में बदलाव के लिए मसौदा प्रस्ताव रखा गया है। इस फैसले के लागू होने से हांगकांग पर चीन का नियंत्रण और बढ़ जाएगा।

# 'लगता है जैसे वाजिद आस-पास ही है'

समस्त बॉलिवुड को पिछले साल तब एक झटका लगा था जब उनके भाई वाजिद खान अचानक काल कवलित हो गए। इस इंडियन प्रो म्यूज़िक लीग में प्रतिभाग करने का सपना वाजिद ने ही देखा था और आज जब वो इस दुनिया में नहीं हैं, इस बात से साजिद का भावुक होना स्वाभाविक ही था क्योंकि ये पहला ही रियलिटी शो था जिसमें साजिद बिना वाजिद के प्रतिभाग कर रहे हैं। मंच से जब साजिद ने जब वाजिद के बारे कहा, कि वो अपने भाई का बहुत अभाव अनुभव कर रहे हैं लेकिन साथ ही उन्होंने ये भी कहा कि वो स्टेज पर उनकी उपस्थिति को भी अनुभव कर रहे हैं और यही कारण है कि वो इस शो को पूरी तरह से सफल देखना चाहते हैं। चैंपियनशिप की एक टीम दिल्ली जैमर्स के कप्तान साजिद खान ने बताया, 'जब वाजिद अस्पताल में भर्ती था, वो शो को लेकर चिंतित रहता था। जब भी मैं उसे देखने जाता था वो कहा करता था कि हम सभी को इंडियन प्रो म्यूज़िक लीग को सफल बनाने के लिए कठिन परिश्रम करना होगा। आज तक मैंने वाजिद के बिना कोई शो नहीं किया लेकिन ये पहला अवसर है जब मैं इतने बड़े मंच पर इतने सारे सितारों और गायकों के सामने उसके बिना भाग ले रहा हूं। लेकिन मुझे उसकी उपस्थिति अनुभूति हो रही है। मुझे तो लगता है कि वो सदैव मेरे साथ ही रहता है और यही कारण है कि मैं इतना सहज़ हूं। मुझे लगता है कि मैं उसके बिना कुछ भी नहीं हूं और मैं इस चैंपियनशिप में कड़ा संघर्ष करूंगा ताकि उसे गर्व हो।'

**ज़ी टीवी** पिछले तीन दशक से टेलीविज़न पर आने वाले धारावाहिकों की विषय सामग्री निर्धारित करने के संबंध में अग्रणी रहा है। इस बार भी वो गैर-कहानी वर्ग में संगीत से जुड़ा एक रियलिटी शो इंडियन प्रो म्यूज़िक लीग (आईपीएमएल) लाकर इस क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। इस प्रकार ज़ी टीवी विगत 26 फरवरी से विश्व की सर्वप्रथम म्यूज़िक लीग चैंपियनशिप लॉन्च कर ऐसी ही उपलब्धि हासिल कर चुका है। वैसे खेल के क्षेत्र में ऐसी लीग पहले भी खेली जाती रही हैं लेकिन इस म्यूज़िक लीग में देश के छ: क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व कर रही हैं छ: टीमें इस चैंपियनशिप में एक दूसरे से प्रतिस्पर्धा करेंगी।

इन सभी छ: टीमों को बॉलिवुड और खेल से जुड़ी सिलेब्रिटीज़ का समर्थन प्राप्त होगा और इनका नेतृत्व देश के शीर्ष छ: गायक करेंगे जिन्हें इन टीमों का कप्तान कहा जाएगा। इन टीमों में एक रियलिटी शो स्टार तथा एक देश का नया स्वर होगा।

इसमें मीका सिंह, कैलाश खेर, साजिद खान, शान, अंकित तिवारी, जावेद अली, असीस कौर, भूमि त्रिवेदी, आकृति काकर, पायल देव, नेहा भसीन, शिल्पा राव आदि को छ: क्षेत्रीय टीमों के कप्तान के रूप में अनुबंधित कर लिया गया है।

इसके भव्य प्रीमियर की शूटिंग के दौरान हर कोई शो के प्रारंभ होने को लेकर अत्यंत उत्साहित था। इस ग्रैंड इंडियन प्रो म्यूज़िक लीग के लॉन्च के अवसर पर सभी सिलेब्रिटीज़ ने अद्भुत प्रदर्शन से सभी को अचंभित कर दिया। लेकिन बॉलिवुड संगीत निर्देशक साजिद खान के इस अवसर पर कहे गए शब्दों ने सभी की आंखों में आंसू ला दिये। साजिद, उनका परिवार और

## एंड टीवी पर मस्ती का तड़का

एंड टीवी पर चल रहे धारावाहिक अब और रोचक हो चले हैं। इसके एक हास्य शो 'भाबी जी घर पर हैं' के अगले अंकों में आप शो के एक चरित्र मनमोहन तिवारी (रोहिताश्व गौर) को अनीता भाबी (नेहा फेडसे) के साथ कोर्ट में संघर्ष करते देखेंगे। अब मनमोहन तिवारी को दो दोनों ही परिस्थितियों में हानि होनी तय है! इसी चैनल के एक दूसरे धारावाहिक 'हप्पू की उलटन पल्टन' में राजेश (कामना पाठक) अपने पति हप्पू सिंह (योगेश त्रिपाठी) तथा बेनी (विश्वनाथ चटर्जी) के बीच में दरार पैदा करने का प्रयास करती दिखाई देंगी। तो क्या हप्पू परिस्थिति को संभाल लेगा या फिर स्थितियां उनके हाथ से निकलने वाली है?

चैनल के एक दूसरे शो 'गुड़िया हमारी सभी पे भारी' में पप्पू (मनमोहन तिवारी) के अतिथिगृह में इस घोषणा से तूफान मच जाता है कि हवेली में सोने से भरा एक कलश छिपा है। इसके बाद तो खजाने को ढूंढने के लिए भगदड़ मच जाती है। संतोषी मां सुनाएं व्रत कथाएं, में समयचक्र के चलते इंद्रेश (आशीष कादियान) पुनर्जीवित हो जाता है और स्वाति (तन्वी डोगरा) को उसके किये का प्रतिफल। लेकिन क्या असुर रानी पालोमा (सारा खान) हार स्वीकार कर पाएगी?

इन एपिसोड्स की कहानियों के बारे में अधिक जानकारी साझा करते हुए अनीता भाबी बनीं नेहा फेंडसे बताती हैं, 'यदि दुनिया में कोई एक स्त्री है जो अनीता की तरह से विभूति नारायन मिश्रा (आसिफ शेख) को प्रभावित कर सकती है तो वो है अंगूरी भाबी (शुभांगी अत्रे) जब तिवारी पंडित जी के आदेश से टिल्लू (सैय्यद ज़ैदी) को प्रताड़ित करते हैं तो अनीता आगे बबूला हो जाती है और उनके विरुद्ध वाद पंजीकृत करा देती है। जब अंगूरी विभूति को अनीता के विरुद्ध जाकर तिवारी जी का केस लड़ने के लिए तैयार कर लेती है तो बात बिगड़ने की स्थिति आ जाती है।' हप्पू वाले शो में राजेश का चरित्र निभा रही कामना पाठक बताती हैं, 'बेनी और हप्पू की मित्रता पक्की है लेकिन राजेश दोनों के बीच ऐसी आग लगाती है कि दोनों के बीच बात संघर्ष तक आ जाती है। वे दोनों एक दूसरे से जलने लगते हैं और बात करना भी बंद कर देते हैं।' अब इस दरार के बीच क्या राजेश और कमलेश (संजय चौधरी) क्या इन दोनो मित्रों के बीच सुलह करा पाते हैं? सरला बनी समता सागर बताती हैं, 'गुप्ता परिवार तो गुड़िया के चमत्कारों से परिचित है। इस बार वो घ्र के पूर्व मालिक को वापस ले आती है जो वहां से काफी समय पहले जा चुके थे। वे बताते हैं कि उन्होंने घर में ही कहीं सोने से भरे एक बर्तन को छिपाया था। खजाने के बारे में जानकर सरला उसे पाने का हर जतन करती है।'

असुर रानी पालोमी बनी सारा खान ने बताया, 'संतोषी मां (ग्रेसी सिंह) की मदद से स्वाति ने सदैव अपनी लड़ाई लड़ी है। लेकिन क्या अपने पिता सिंहासन सिंह (सुशील सिन्हां) द्वारा भावनात्मक स्तर पर ब्लैकमेल किये जाने पर भी क्या इंद्रेश उसका समर्थन करेंगे? असुर रानी पालोमी संतोषी मां को जीतने नहीं देगी और वो ये कैसे करेगी, जानने के लिए आपको ये शोज़ देखने होंगे।

## हास्य से भरपूर है नया शो 'सरगम की साढ़े साती'

तनाव कम करने के लिए हंसने से अधिक प्रभावी कुछ नहीं होता और सोनी इंटरटेन्मेंट टेलीविज़न इसका पूरा ध्यान रखता है कि दर्शकों को ये पर्याप्त मात्रा में मिलती रहे। इसी क्रम में नया शो 'सरगम की साढ़ेसाती' लॉन्च किया गया है। चैनल शीघ्र ही एक सिटकॉम लॉन्च करने वाला है जिसमें पूरे परिवार के लिए मनोरंजन होगा। इसका निर्माण किया है ऑप्टीमिस्टिक्स इंटरटेन्मेंट के विपुल शाह द्वारा और इसके कथानक में अवस्थी परिवार की बहू, और उसकी अनूठी ससुराल जहां पुरुषों के बीच केवल वही अकेली स्त्री होती है। कुछ सामाजिक परिस्थितियों के बीच गाज़ियाबाद के अवस्थी परिवार की हरकतें आपको हंसते हसते लोटपोट कर देंगी।

कुल मिलाकर अवस्थी परिवार को कुछ सामाजिक परिस्थितियों के बीच सामंजस्य स्थापित करते देख आप भी उनसे जुड़ाव स्थापित कर पाएंगे। इसमे चरित्रों को निभाने के लिए मंझे अभिनेताओं की एक पूरी टीम है जिसमें मेरे डैड की दुल्हन की अभिनेत्री अंजली तत्रारी सरगम बनी हैं और कुणाल सलूजा अपारशक्ति अवस्थी। शेष कलाकारों में दर्शन जरीवाला, सनत व्यास, ओजस रावल, यश सहगल, विष्णु भोलवानी, आकाश मखीजा तथा कृश चुघ आदि प्रमुख हैं। सरगम अवस्थी अत्यंत दयालु, विवेकी, बुद्धिमान तथा निस्वार्थ व्यक्ति हैं लेकिन जब वो गृहस्थ बन जाती है तो उसके सामने दो प्रमुख चुनौतियां होती हैं। एक तो उसे खाना पकाना नहीं आता जो किसी भी पारंपरिक बहू को आना चाहिये। स्वयं को हर स्थिति के बीच संतुलित करने के क्रम में उससे कई गड़बड़ियां होती हैं। कहानी में हास्य तब पैदा होता है जब सरगम घर के मर्दों के बीच सामंजस्य स्थापित करने का प्रयास करती है। घर के दादाजी आनंदीलाल अवस्थी जिन्हें कदम कदम पर सहानुभूति चाहिये होती है क्योंकि वो बीमार न होकर भी बीमार होने का नाटक करते हैं। वो घर के वरिष्ठतम सदस्य होते हैं लेकिन वो हमेशा जोश में रहते हैं। उनका प्रिय विषय पेट साफ होने के बारे में बात करना होता है।

---

**मौका-ए-वारदात**

## मनोज तिवारी, रवि किशन और सपना चौधरी करेंगी एण्डटीवी की सबसे दिलचस्प क्राइम सीरीज में सबसे बड़े रहस्यमयी अपराधों का खुलासा

**अपराध की** दुनिया में और हमारे बीच सिर्फ एक ही फर्क है और वह है मुमकिन और नामुमकिन का। हम जिन चीजों को नामुमकिन समझते हैं, वो अपराध की दुनिया में मुमकिन हैं, और जब हम नामुमकिन अपराधों की कहानियों के बारे में सुनते हैं तो ये हमें सोचने पर मजबूर कर देती हैं कि आखिर ऐसा कैसे हो सकता है। आपकी कल्पना को चुनौती देने और आपको चौंकाने के लिए ऐसी ही नामुमकिन अपराधों की असाधारण कहानियों को प्रस्तुत कर रहा हैं एण्डटीवी का नया शो मौका-ए-वारदात जो एक दिलचस्प वीकडे क्राइम सीरीज है। मौका.ए.वारदात रहस्यमयी अपराधों के ऐसे मामलों को सामने लेकर आएगा जो दर्शकों के दिमाग को झझकोर कर रख देंगे। निश्चित रूप से ये लोगों को इस बात पर विश्वास करने के लिए मजबूर कर देंगे कि वास्तविकता कल्पना से एकदम अलग होती है। इस शो में मनोज तिवारी, रवि किशन और सपना चौधरी हैरान कर देने वाले अपराधों की झलक दिखाते हुए नजर आएंगे। रविराज क्रिएशंस, हेमंत प्रभु स्टूडियोज, एएंडआई प्रोडक्शंस और स्पेसवॉकर फिल्म्स द्वारा निर्मित मौका.ए.वारदात का प्रीमियर एण्डटीवी पर 9 मार्च 2021 को शाम 7 बजे होगा और इसका प्रसारण हर सोमवार से शुक्रवार किया जाएगा।

## गुजरात में दो वर्षों में 313 शेरों की हुई मौत

**गांधीनगर।** गुजरात के वन मंत्री गणपत वसावा ने शुक्रवार को विधानसभा में बताया कि राज्य में 2019 और 2020 में 152 शावकों समेत कुल 313 शेरों की मौत हुई है। इनमें से 23 की मौत अप्राकृतिक कारणों से हुई। कांग्रेस विधायक वीरजी ठुम्मर के सवाल का जवाब देते हुए मंत्री ने कहा कि 2019 में 154 और 2020 में 159 शेरों की मौत हुई। इनमें 90 शेरनी, 71 शेर और 152 शावक शामिल हैं। उन्होंने कहा, 313 में से 23 की मौत खुले कुओं में गिरने या वाहनों के टक्कर मारने जैसे अप्राकृतिक कारणों से हुई। ठुम्मर ने दावा किया कि कुछ शेर वन विभाग द्वारा दिए जा रहे मांस को खाकर विभिन्न वायरस से संक्रमित हो रहे हैं। कांग्रेस विधायक के दावे के बाद मंत्री ने कड़ी कार्वाई का वादा किया। वसावा ने कहा कि गिर अभयारण्य के निकट 43 हजार कुओं के आसपास दीवारें बनाई गई हैं ताकि शेर इनमें न गिरें। उन्होंने कहा कि संरक्षण के ऐसे ही कई प्रयास किए जाने की वजह से शेरों की आबादी 2015 की 523 से बढ़कर 2020 में 674 हो गई।

### कतर्नियाघाट सेंचुरी में मिला हाथी का शव

**बहराइच** (उत्तर प्रदेश)। बहराइच जिले के कतर्नियाघाट वन्यजीव अभ्यारण्य मे गेरूआ नदी के किनारे शुक्रवार को एक जंगली हाथी का शव मिला। सूचना मिलने पर घटनास्थल पर पहुंचे दुधवा नेशनल पार्क के फील्ड निदेशक संजय पाठक ने पत्रकारो को बताया कि सुबह जंगल मे वन कर्मियो की गश्त के दौरान दुर्गंध का एहसास हुआ और नजदीक जाने पर हाथी का शव दिखा। उन्होने बताया कि मृत नर हाथी की उम्र तकरीबन 50 वर्ष होने का अनुमान है और शव देख कर पहली नजर मे ऐसा लगता है कि उसकी मौत तीन-चार दिन पहले हुई होगी।




## फिल्म फास्ट एंड फ्यूरियस 9 अब 25 जून को होगी रिलीज

**लॉस एंजिलिस।** फास्ट एंड फ्यूरियस सीरिज की नौंवी फिल्म अब 25 जून को बड़े पर्दे पर प्रदर्शित की जाएगी। फिल्म के अभिनता एवं निर्माता विन डीज़ल ने इंस्टाग्राम पर एक टीज़र जारी कर फिल्म के प्रदर्शन की नई तारीख की जानकारी दी। उन्होंने टीज़र साझा करते हुए लिखा, आखिरकार, सौभाग्यशाली और कृतज्ञ। निर्देशक जस्टिन लिन की इस फिल्म में डब्ल्यूडब्ल्यूई रेस्लर एवं अभिनेता जॉन सीना, अदाकारा मिशेल रोड्रिग्ज़, जोर्डाना ब्रियुस्टर, नताली इमानुएल, हेलेन मिरेन, चार्लीज़ थेरॉन, अभिनेता सुंग कांग, गायक एवं अभिनेता टायरिस गिब्सन और रैपर एवं अभिनेता क्रिस लुडाक्रिस ब्रिजेस नजर आएंगे। फिल्म फास्ट एंड फ्यूरियस9 पहले मई 2020 में प्रदर्शित होनी थी, लेकिन कोरोना वायरस वैश्विक महामारी के कारण इसकी रिलीज तारीख पहले दो अप्रैल 2021 और फिर 28 मई 2021 की गई थी।

## मैं सलमान खान की शादी के बाद ही करूंगा शादी: मिका सिंह

**ज़ी टीवी** पिछले तीन दशकों से टेलीविजन पर नए और अनोखे कार्यक्रम दिखाने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है और अब एक बार फिर अपने नए नॉन फिक्शन शो इंडियन प्रो यूज़िक लीग के साथ इस चैनल ने यूज़िक रियलिटी शोज़ का चेहरा बदल दिया है। लीक से हटकर एक अनोखा फॉर्मेट प्रस्तुत करते हुए ज़ी टीवी ने 26 फरवरी 2021 से दुनिया की पहली यूज़िक लीग चैंपियनशिप शुरू की है। जहां खेल की दुनिया में हमने कई लीग प्रतियोगिताएं देखी हैंए वहीं इस अनोखी यूज़िक लीग में भारत के अलग.अलग क्षेत्रों की 6 टीमें एक यूज़िकल चैंपियनशिप में मुकाबला करती नजर आ रही हैं। इनमें से हर टीम को बॉलीवुड एवं स्पोर्ट्स जगत की जानी.मानी सेलिब्रिटीज़ सपोर्ट कर रही हैं। इसमें कप्तानों के रूप में टॉप प्लेबैक सिंगर्स हैं। इनके अलावा हर टीम में एक रियलिटी शो स्टार और एक नई आवाज भी शामिल है। इन 6 ज़ोनल टीमों की कप्तानी करने के लिए मिका सिंह, कैलाश खेर, साजिद खान, शान, अंकित तिवारी, जावेद अली, असीस कौर, भूमि त्रिवेदी, आकृति कक्कर, पायल देव, नेहा भसीन और शिल्पा राव को चुना गया है। इस दौरान पंजाब लायन्स के कैप्टन मिका सिंह ने अपनी टीम मेंबर्स असीस कौर और रुपाली जग्गा के साथ मस्त कलंदर गाने पर एक जोरदार एक्ट करके सभी को मोहित कर लिया। हालांकि आने वाले एपिसोड्स में वो कुछ और दिलचस्प खुलासे और ऐलान करके दर्शकों को चौंकाने जा रहे हैं। शूटिंग के दौरान मिका ने होस्ट करण वाही के साथ गपशप करते हुए मजाक में कहा कि अब वो शादी के लिए लड़की ढूंढ़ रहे हैं। हालांकि इसके लिए उनकी बड़ी दिलचस्प शर्त है और इस शर्त में उन्होंने इंडियन प्रो यूज़िक लीग के ब्रांड एंबेसडर सलमान खान को शामिल कर लिया है।इंडियन प्रो यूज़िक लीग में पंजाब लायन्स के कैप्टन मिका सिंह ने कहाए ष्मैं निश्चित तौर पर शादी के लिए लड़की ढूंढ़ रहा हूं। शायद मुझे इंडियन प्रो यूज़िक लीग में कोई मिल भी जाएए लेकिन मैं शादी तभी करूंगा जब सलमान खान शादी करेंगे। तब तक मैं अपनी बैचलर लाइफ एंजॉय करता रहूंगा और जैसा कि साजिद भाई ने पहले कहा है, सलमान भाई के बाद मैं ही इंडस्ट्री का एकमात्र फॉरएवर बैचलर हूं तो जब तक हो सके मैं तब तक अपने इस टैग को बरकरार रखना चाहूंगा। मिका सिंह के इस खुलासे ने तो आप सभी को चौंका दिया होगा, लेकिन थोड़ा और इंतजार कीजिए और इंडियन प्रो यूज़िक लीग की ट्रॉफी के लिए इन छह टीमों का रोमांचक मुकाबला जरूर देखिए। इस लीग और सुपर मैचों में टीमों के आगे बढ़ने से यह युद्ध अब और तेज हो गया है।

## एकता कपूर ने अजमेर दरगाह में जियारत की

**जयपुर।** फिल्म और टीवी सीरियल निर्माता एकता कपूर ने शुक्रवार को अजमेर स्थित सूफी संत ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती की दरगाह में जियारत की। सूत्रों ने इसकी जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि इस अवसर पर एकता कपूर के साथ वेब शो द मैरीड वुमन के कलाकार रिद्धि डोगरा और मोनिका डोगरा भी उनके साथ थी। जयपुर यात्रा के दौरान एकता कपूर ने बृहस्पतिवार को राजस्थान की महिला एवं बाल विकास मंत्री ममता भूपेश के साथ मुलाकात की।